आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 8 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 104, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अभिषेक के शतक से जीता भारत 15
अक्षरा सिंह के नया गाना मोहिनी का टीजर रिलीज 16

## एक नजर

### एनसीडब्ल्यू प्रमुख पर टिप्पणी, महुआ पर केस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा के बारे में सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो पर टिप्पणी की, जिसमें शर्मा को उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ वाली जगह पर पहुंचते हुए दिखाया गया था। मोइत्रा ने बाद में पोस्ट को डिलीट कर दिया था। मूल पोस्ट में एक व्यक्ति को छाता पकड़ कर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) प्रमुख के पीछे चलते हुए दिखाया गया था।

### झारखंड में इमारत ढही तीन लोगों की मौत

**देवघर (झारखंड)।** झारखंड के देवघर जिले में रविवार की सुबह एक इमारत ढह जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि देवघर के एक इलाके में सुबह करीब छह बजे दो मंजिला इमारत ढह गई थी। मलबे में अब भी कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है और वहां राहत एवं बचाव अभियान जारी है। देवघर के ''सिविल सर्जन'' रंजन सिन्हा ने बताया कि मलबे में दबे छह लोगों को बाहर निकालकर यहां सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे समेत तीन अन्य का उपचार जारी है। बचाव अभियान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएसफ) के एक दल को तैनात किया गया है।

### बस्तर में नक्सलियों ने की अपने पूर्व साथी की हत्या

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर में नक्सलियों ने इस बार अपने ही एक पूर्व साथी नक्सली को मौत के घाट उतार दिया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से इलाके में भय का वातावरण हैं। माओवादियों ने जिस साथी नक्सली की हत्या की है वह कोई और नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर चुका बारसे मासा हैं। किस्टाराम एरिया कमेटी के सदस्य बारसे मासा पर चार लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह करीब तीन मुठभेड़ों में शामिल रह चुका था। उस पर कई थानों में मामले भी दर्ज थे।



**जगन्नाथ रथ यात्रा**

पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हो गई है। जगन्नाथ मंदिर में तीन घंटे के पहांडी अनुष्ठान संपन्न होने के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा रथों पर सवार किया गया। इस दौरान भगवान के रथ को खींचने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

## पुरी रथ यात्रा : भगदड़ में एक की मौत 5 लोग घायल, 300 अस्पताल में भर्ती

- अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों में एक की हालत गंभीर

पुरी, एजेंसी

ओडिशा की तीर्थनगरी पुरी में रविवार को श्रीजगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और उनकी बहन देवी सुभद्रा की वार्षिक रथ यात्रा के दौरान मची भगदड़ में एक श्रद्धालु की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए, जिनमें से एक गंभीर है।

हादसा उस समय हुआ जब भगवान बलभद्र के तालध्वज के रथ को खींचने के लिए भक्तों में होड़ मच गई। सूत्रों ने बताया कि भगदड़ हिंदी स्कूल के पास हुई, जहां एक 60 वर्षीय व्यक्ति बेहोश हो गया। उसे जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। भगदड़ में घायल पांच अन्य श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसके अलावा रथ यात्रा का तीन किलोमीटर लंबा बड़ाडांडा मार्ग (जो असल में जन सैलाब में बदल गया था) की उच्च आर्द्रता की स्थिति के कारण निर्जलीकरण और दम घुटने के कारण 300 से अधिक भक्तों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला प्रशासन की मुस्तैदी के कारण भगदड़ में जनहानि नाम मात्र की हुई। प्रशासन ने उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में मौत होने की घटना के बाद कुछ अधिक ही एहतियाती उपाय किए थे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के हाथरस के फुलराई मुगलगढ़ी गांव में भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी।

## गड़बड़ी पर दोबारा होगी सीयूईटी-यूजी

- 15 से 19 जुलाई तक होगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) सीयूईटी-यूजी परीक्षा के आयोजन को लेकर उम्मीदवारों की ओर से किसी भी शिकायत के सही पाए जाने पर 15 से 19 जुलाई तक उनके लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करेगी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एनटीए ने स्नातक प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी भी जारी कर दी है जिससे नतीजों की घोषणा का रास्ता साफ हो गया है। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उम्मीदवार नौ जुलाई को शाम छह बजे तक उत्तर कुंजी के लिए अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

# नेपाल से छोड़ा पानी, 13 गांव खाली कराए

## श्रावस्ती में बाढ़ में फंसे 11 और कुशीनगर जनपद में 76 लोगों को किया गया रेस्क्यू

- श्रावस्ती के 18 गांव के करीब 400 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया
- मुख्यमंत्री के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में मुस्तैदी बढ़ाने के आदेश के बाद शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद शनिवार रात अचानक पांच लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से श्रावस्ती और कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 87 लोगों को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सुरक्षित निकाला गया है। पानी छोड़े जाने की सूचना रात्रि 8 बजे राज्य सरकार को मिली इसके बाद बचाव कार्यों की तैयारी हुई और आधी रात से 3 बजे तक आपरेशन चला। 13 गांव खाली कराए गए। इस दौरान कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 20 मवेशियों को भी बचाया गया। रविवार को भी बाढ़ प्रभावित 18 गांव के लगभग चार सौ लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि शनिवार रात लगभग आठ बजे राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को श्रावस्ती के तहसील जमुनहा की ग्राम पंचायत गजोभरी के ग्राम मोहनपुर भरथा एवं केवटन पुरवा में नेपाल से अचानक छोड़े गए पानी में 11 लोगों के फंसे होने की सूचना मिली, जिसमें तीन बच्चे, पांच महिलाएं और 3 पुरुष थे। तत्काल श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को जानकारी दी गई। वे अपनी टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मौके पर पहुंचे।

जिला प्रशासन एवं फ्लड पीएसी की टीमों ने ज्वॉइंट रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और लगभग सात-आठ घंटे में सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद राप्ती बैराज स्थित गेस्ट हाउस पहुंचाया गया। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि लाल भूषण सुशील ने बताया कि सभी पीड़ितों का प्राथमिक उपचार और खाना खिलाने के बाद उन्हे उनके गांव में सुरक्षित भेज दिया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल से छोड़े गए पानी से प्रभावित श्रावस्ती और कुशीनगर के जिलाधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने क्षतिग्रस्त फसल का 24 घंटे के अंदर सर्वे कर रिपोर्ट शासन को देने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट मिलते ही मुआवजा देने के भी आदेश हैं।



श्रावस्ती के रेहरा गांव में राहत व बचाव कार्य में लगे एनडीआरएफ के जवान।

### नेपाल ने 5,71,850 क्यूसेक पानी छोड़ा

राहत आयुक्त ने बताया कि शनिवार रात नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद देवघाट बैराज से 5,71,850 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इस पर कुशीनगर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को बड़ी गंडक में बाल्मीकि नगर बैराज द्वारा 3 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की संभावना पर तहसील खड्डा के गांवों के प्रभावित होने की जानकारी दी। इसके बाद कुशीनगर जिलाधिकारी ने ही अपनी टीम के साथ तहसील खड्डा के प्रभावित 13 गांवों का निरीक्षण किया। साथ ही गांववासियों से गांव को खाली करने की अपील की।

### राप्ती खतरे के निशान से ऊपर, दो की मौत

बलरामपुर संवाददाता के अनुसार नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में हो रही भारी बारिश के चलते रविवार को जिले में राप्ती नदी ने लाल निशान पार कर लिया है। नदी का जलस्तर दो सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। राप्ती नदी में आई बाढ़ के चलते करीब 50 गांव में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। निचले इलाकों में पानी भरने से कई मार्गों पर आवागमन ठप है। सरयू नहर में डूबकर कलवारी गांव निवासी राजकिशोर और तालाब में डूबकर लौकहवा बालापुर निवासी मनीराम की मौत हो गई है।

### टापू पर फंसे 76 लोगों को सुरक्षित निकाला

राहत आयुक्त के मुताबिक, निरीक्षण के दौरान तहसील खड्डा के नारायणपुर के एक टापू पर कुछ लोगों के साथ मवेशियों के फंसे होने की जानकारी मिली, जिसके बाद एनडीआरएफ और पीएसी की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद 76 लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा। इस दौरान टीम ने 20 मवेशियों को भी सुरक्षित बचाया। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को पौष्टिक और गरम खाने के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मवेशियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## सत्संग में कुछ लोगों ने खोले थे जहरीले पदार्थ के डिब्बे

**हाथरस हादसा**

- भोले बाबा के अधिवक्ता का दावा इसी वजह से मची थी भगदड़

नई दिल्ली, एजेंसी

हाथरस हादसे के आरोपी साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के अधिवक्ता एपी सिंह ने रविवार को दावा किया कि दो जुलाई को हाथरस में हुए सत्संग के दौरान भीड़ में कुछ लोगों ने जहरीले पदार्थ से भरे डिब्बे खोले थे, जिससे भगदड़ मच गई।

नई दिल्ली में आयोजित प्रेसवार्ता में अधिवक्ता ने भगदड़ के पीछे साजिश का आरोप लगाया। कहा कि यह साजिश भोले बाबा की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए रची गई। अधिवक्ता ने दावा किया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने उनसे संपर्क किया और बताया कि वहां 15-16 लोग जहरीले पदार्थ के डिब्बे लेकर आए थे और भीड़ में खोल दिया। अधिवक्ता ने कहा कि मारे गए लोगों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उनकी मौत चोट के कारण नहीं, दम घुटने से हुई है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर लोगों को भागने में मदद करने के लिए वाहन खड़े थे। उनके पास सबूत हैं।

### राहुल की योगी को चिट्ठी

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने मुआवजा राशि बढ़ाने व समय पर उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में राहुल गांधी ने हाथरस हादसा स्थल पर स्वयं के पहुंचने व यथास्थिति की जानकारी साझा की है।

### न्यायिक आयोग ने की स्थानीय लोगों से पूछताछ

**लखनऊ।** हादसे की जांच कर रहे न्यायिक आयोग ने रविवार को घटना के प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अलावा अधिकारियों से पूछताछ की। लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में पूछताछ के दौरान हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार और पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल भी मौजूद थे।

## कार ने बाइक को टक्कर मारी, महिला की मौत

**मुंबई में पुणे जैसा हादसा, शिवसेना नेता की बताई जा रही बीएमडब्ल्यू**

मुंबई, एजेंसी

मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार सुबह बीएमडब्ल्यू कार ने एक दुपहिया वाहन को टक्कर मारी दी जिससे एक महिला की मौत हो गई। कार चालक राजेश शाह और सवार राजश्री राजेंद्रसिंह बिदावत पर मामला दर्ज कर कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। वर्ली थाने के एक अधिकारी ने बताया कि कावेरी नखवा (45) सुबह करीब साढ़े पांच बजे एनी बेसेंट रोड पर पति प्रदीप के साथ बाइक से जा रही थीं तभी बीएमडब्ल्यू कार के चालक ने टक्कर मार दी जिससे कावेरी सड़क पर गिर गईं। कावेरी को सरकारी नायर हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दंपती मछुआरा समुदाय से हैं और वे कोलाबा में ससून डॉक से घर जा रहे थे।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। यह पूछने पर कि क्या इस दुर्घटना में शामिल व्यक्ति शिवसेना के एक नेता का बेटा है, इस पर शिंदे ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और सरकार हर मामले को एक ही नजरिए से देखती है। यह मामला ऐसे वक्त में सामने आया है जब दो महीने से भी कम समय पहले 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर में पोर्श कार दुर्घटना हुई थी जिसमें कथित तौर पर शराब के नशे में गाड़ी चला रहे नाबालिग ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिसमें दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।



इसी बीएमडब्ल्यू कार से हुआ हादसा।

### नाबालिगों के वाहन चलाने के खिलाफ अभियान शुरू

**लखनऊ।** नाबालिग बच्चे अगर दोपहिया अथवा चार पहिया गाड़ी चलाते मिले तो उनके अभिभावकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। इतना ही नहीं अभिभावकों से 25 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला जाएगा। इस अभियान की शुरुआत पूरे प्रदेश में रविवार से हो गई है। जानकारी के मुताबिक ट्रैफिक पुलिस सुबह 11 बजे से चौराहों के आस-पास निरंतर यह चेकिंग अभियान चलाएगी। पुलिस उपायुक्त यातायात कमलेश दीक्षित ने बताया कि आए दिन हो रहे हादसों के मद्देनजर यह व्यवस्था की जा रही है। 18 साल के कम उम्र के बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले बच्चे वाहन नियंत्रित नहीं कर पाते, इसलिए हादसे होते हैं।

## नगर निकाय उप चुनाव के लिए मतदान आज

**लखनऊ।** प्रदेश में नगर निकायों के सदस्यों के रिक्त पड़ी सीटों पर चुनाव के लिए मतदान 8 जुलाई को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि 29 जिलों में नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों में खाली पड़े सदस्यों के पदों पर चुनाव होना हैं। इसमें देवरिया, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली, फतेहपुर, प्रतापगढ़, गोरखपुर आदि के जिलों के नगर निकाय शामिल हैं। इन सीटों पर मतगणना 10 जुलाई को सुबह आठ बजे से शुरू होगी।

## तालाब में 7 बच्चे डूबे, 4 की मौत

- पुलिस ने एक महिला व तीन बच्चों को बचाया
- तंबू लगाकर रह रहे थे कानपुर औरेया के लोग
- खंदौली में यमुना एक्सप्रेस वे के निकट हादसा

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार :** खंदौली थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज के पास बने तालाब (गड्ढे) में रविवार सुबह नहाने गए सात बच्चे गहरे पानी में डूबने लगे। बच्चों को डूबते देख एक महिला भी तालाब में कूदी तो वह भी डूबने लगी। पता चलने पर पास ही खेल रहे कुछ युवक तत्काल तालाब पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों की मदद से पहले तीन बच्चों तथा एक महिला को बाहर निकाला गया। ये चारों गंभीर हालत में थे।

पुलिस ने इनको तत्काल एसएन अस्पताल भिजवाया। इसके साथ ही अन्य चार बच्चों की तालाब में तलाश जारी रही। कई घंटे की मशक्कत के बाद इन चारों बच्चों को भी बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सीडीओ प्रतिभा सिंह तथा सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने एसएन अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती महिला और तीनों बच्चों को उच्च स्तरीय इलाज सुनिश्चित कराया। ये बच्चे कानपुर और औरेया के रहने वाले थे। इनके परिजन एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज के पास तंबू लगाकर रहते हैं।

मरने वालों में सभी बच्चियां हैं, जिनके नाम अनुराधा (9) व नेहा (11), पुत्री अजय व खुशी (10), पुत्री हरदौल निवासी मंगलपुर, जिला कानपुर देहात तथा चांदनी (14), पुत्री हरनाम निवासी नारायणपुर जिला औरैया हैं।



तालाब में बच्चों की तलाश करते गोताखोर।

## राजौरी में सैन्य शिविर पर आतंकियों ने किया हमला, एक जवान घायल

- मंजाकोट इलाके में गोलीबारी का जवानों ने दिया करारा जवाब

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में सेना के शिविर पर संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में एक जवान घायल हो गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने मंजाकोट इलाके में गलुथी गांव में सेना की चौकी पर रविवार तड़के गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों ने तेजी से कार्रवाई की और अपनी पोजीशन ले ली तथा गोलीबारी का करारा जवाब दिया। करीब आधा घंटे तक हुई गोलीबारी के दौरान एक जवान गोली लगने से घायल हो गया, उसे तुरंत वहां से निकाल लिया गया। जवानों के मोर्चा संभालने पर आतंकी निकट के जंगल में भाग गए। सेना ने पुलिस के साथ मिलकर आतंकवादियों को पकड़ने के लिए इलाके में व्यापक तलाश अभियान शुरू किया है।

### कुलगाम में दो और आतंकवादियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में हुई दो मुठभेड़ों में कुल छह आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए जबकि चिन्नीगाम स्थल से चार शव बरामद किए गए थे। कुलगाम जिले के दो गांवों में शनिवार को आतंकियों से मुठभेड़ शुरू हुई थी। जिसमें एक पैरा कमांडो समेत दो सैन्यकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि निस्संदेह सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा मील का पत्थर है। ये सफलताएं वास्तविक रूप से और संदेश के लिहाज से भी बहुत सार्थक हैं। स्वैन ने कहा कि अभियान की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अपने अंजाम तक पहुंचेगी।

## भारी बारिश व भूस्खलन से मैदान से पहाड़ का संपर्क टूटा

- 13 स्टेट हाईवे समेत कुमाऊं में सौ से अधिक सड़कें अवरुद्ध

**चकलुवा में पुलिया बहने से हल्द्वानी-देहरादून मार्ग बंद, मलबा आने से हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे ठप**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तीन दिन से लगातार हो रही बारिश व भूस्खलन के चलते कुमाऊं में मैदान का पहाड़ से संपर्क पूरी तरह कट गया है। नैनीताल व चंपावत जिले से पहाड़ को जाने वाले सभी रास्ते बंद हो गए हैं। हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे समेत कुमाऊं में सौ से अधिक सड़कें अवरुद्ध हैं। शनिवार रात को निहाल नदी में पानी के तेज बहाव से चकलुवा में पुलिया के नीचे की जमीन बह जाने से हल्द्वानी-कालाढूंगी-देहरादून मार्ग बंद हो गया। मलबा आने से बंद टनकपुर-तवाघाट हाईवे को रविवार देरशाम 24 घंटे बाद खोल दिया गया।

कुमाऊं में शुक्रवार रात से लगातार हो रही बारिश से रफ्तार थम गई है। हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे पर दोपाटी व क्वारब के पास भूस्खलन होने से आवाजाही ठप हो गई है। इस स्थान पर शनिवार रात भारी मात्रा में मलबा आने से हाईवे पर आवाजाही रविवार को ठप रही। धानाचूली-खुटानी मार्ग भी मलबा आने से बंद हो गया है। वाया रामगढ़ अल्मोड़ा जाने वाला मार्ग भी भूस्खलन की वजह से बंद है।

रामनगर-रानीखेत मार्ग शनिवार को मोहान के पास एक पुल ध्वस्त हो जाने से बंद हो गया था। इधर, शनिवार रात निहाल नदी में तेज बहाव की वजह से चकलुवा के पास स्थित पुलिया के नीचे का हिस्सा बह गया। जिससे हल्द्वानी से कालाढूंगी होकर देहरादून जाने वाला स्टेट हाईवे बंद हो गया। इस मार्ग के बंद होने से हल्द्वानी से रामनगर, देहरादून अब वाया रुद्रपुर आवाजाही हो रही है।



चकलुवा में पुलिया के नीचे का हिस्सा बहने से हल्द्वानी-देहरादून मार्ग बंद हो गया।

### अब रेड की जगह बारिश का येलो अलर्ट

**हल्द्वानी।** कुमाऊं मंडल में तीन दिनों में मूसलाधार बारिश हुई। सोमवार को भी बारिश होने के आसार हैं लेकिन रेड की जगह अब येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार सोमवार को नैनीताल और बागेश्वर जिलों में कहीं भारी तो कहीं अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। देहरादून, पौड़ी, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिलों में भी बारिश हो सकती है। रविवार को गदरपुर में 104 मिमी, नैनीताल में 87 मिमी, हल्द्वानी में 118 मिमी, लोहाघाट में 82 .5 मिमी बारिश हुई है। देहरादून में अधिकतम तापमान 32 .4 डिग्री रहा यहां केवल दो मिमी बारिश दर्ज की गई।




## शहर में आज



- पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में बैठक दिन में 11 :00 बजे।
- महानगर की लाल मस्जिद में जिक्र ए कर्बला का कार्यक्रम रात 9 :00 बजे से।
- महानगर के चौमुखा पुल स्थित इमामबाड़े में मजलिस शाम 5 :00 बजे से।

## एक नजर

### बारिश में दीवार गिरने से टला हॉकी का फाइनल मैच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कई दिनों से मानसून मेहरबान है। रोज बारिश हो रही है। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। लेकिन, बारिश के चलते शनिवार देर शाम राजकीय इंटर कॉलेज की दीवार गिर गई। गनीमत रही कि उस समय कॉलेज में छुट्टी थी। जिससे किसी भी तरह की जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। रविवार को एएमयू वेकेशन ब्वॉयज और जीआईसी टीम के बीच फाइनल मुकाबला मुकाबला होना था। दीवार गिरने की वजह से फाइनल मैच रद्द कर दिया गया। हॉकी कोच इकबाल खान ने बताया कि फाइनल मैच की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

# 24 घंटे में जिले में 221.50 मिलीमीटर बारिश से हर ओर जलभराव

## नगर निगम के जल निकासी के दावों की खुली पोल, कांठ रोड पर कई जगह गड्ढों में फंसे वाहन, दोपहिया वाहन चालक गिरकर हुए चोटिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शनिवार को दोपहर दो बजे से शुरू हुई तेज बारिश का क्रम रविवार को को भी जारी रहा। 24 घंटे में जिले में 221.50 मिलीमीटर बारिश होने से हर ओर जलभराव हो गया। मुख्य सड़कों व मोहल्लों की गलियों पर पानी भरने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। रामगंगा नदी कालागढ़ में जलस्तर बढ़ गया है। जिससे मुरादाबाद में भी कई गांवों में नदी का पानी पहुंच गया है।

शनिवार दोपहर से शुरू हुई बारिश का क्रम 24 घंटे तक लगातार जारी रहा। कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश होने से महानगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों व खेतों में पानी भर गया। महानगर में कांठ रोड पर कई जगह सड़क के गड्ढों में पानी भरने से चार पहिया वाहन फंस गए। वहीं दोपहिया वाहन चालक गड्ढों में फंसकर गिरते रहे। रात भर बारिश के बाद रविवार को दोपहर तक यह क्रम जारी रहा। बारिश के चलते बिजली संकट का सामना भी लोगों को करना पड़ा। कई जगह ट्रांसफार्मर व उपकेंद्रों में पानी भरने से उसे बंद करने की नौबत आई। जिससे लोगों को बिना बिजली के गुजारना पड़ा।



लाइनपार रामलीला ग्राउंड के पास भरे पानी के बीच गुजरते स्कूटी सवार। ● अमृत विचार



कांठ रोड स्थित पीवीआर सिनेमा के सामने धंसी सड़क। ● अमृत विचार

- **रामगंगा नदी का कालागढ़ में जलस्तर बढ़त पर, 335.660 मीटर रिकॉर्ड किया गया**

| तहसील वार बारिश की स्थिति | |
|---|---|
| मुरादाबाद सदर | 73 .5 मिलीमीटर |
| कांठ | 60 .0 मिलीमीटर |
| बिलारी | 32 .0 मिलीमीटर |
| ठाकुरद्वारा | 56 .0 मिलीमीटर |

कलेक्ट्रेट स्थित जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण कार्यालय में स्थापित बाढ़ कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 24 घंटे में 221.50 मिलीमीटर बारिश हुई है। जिसमें सर्वाधिक 73.5 मिलीमीटर मुरादाबाद सदर तहसील क्षेत्र में बारिश हुई। बारिश से रामगंगा नदी कालागढ़ में बढ़ते क्रम में है। यहां जलस्तर 335.660 मीटर रिकार्ड किया गया। जबकि रामगंगा नदी का जलस्तर कटघर रेलवे पुल पर 188.400 मीटर और गागन नदी का जलस्तर 189.05 मीटर रहा।



बारिश से से बचने के लिए छाता लगाकर जातीं स्कूटी सवार।



बरसात से बचने के लिए छाता लगाकर जाता स्कूटी सवार।

### कम हुआ तापमान, हवा ने कराया ठंड का अहसास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार की दोपहर से शुरू हुआ बारिश का क्रम रविवार दोपहर बाद तक जारी रहा। बारिश से तापमान में कमी आई, वहीं तेज हवा से लोगों को ठंड का अहसास हुआ। एसी, कूलर बंद कर लोगों ने पंखा चलाया। शनिवार को पूरी रात से लेकर रविवार दोपहर तक मूसलाधार बारिश हुई। इससे अधिकतम तापमान कम होकर 27 व न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। आर्द्रता 93 प्रतिशत रही। जबकि 19 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चली। जिससे लोगों को ठंड का अहसास हुआ। कई घरों व कार्यालयों में एसी व कूलर बंद कर लोगों ने पंखे की हवा से काम चलाया। सोमवार को भी हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि शनिवार व रविवार को बारिश अधिक होने से तापमान में कमी आई। अभी हल्की से मध्यम बारिश का क्रम चलेगा।

### बारिश के बीच दुश्वारियों भरा सफर कर रहे रेल यात्री

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पिछले दो महीनों से मुरादाबाद में ट्रेनों के लगातार देरी से पहुंचने का सिलसिला जारी है। प्रतिदिन पांच से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर न पहुंचकर देरी से पहुंच रही है। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को भी कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंची।

पहले भीषण गर्मी और बारिश के बीच ट्रेनों का संचालन सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। जिससे यात्री दुश्वारियों भरा सफर करने को मजबूर हैं। प्रतिदिन ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादातर ट्रेनें प्रतिदिन एक तीन घंटे की देरी से पहुंच रही है। जिसके चलते यात्रियों को सफर से ज्यादा स्टेशन पर ही समय काटना पड़ रहा है। रविवार को भारी बारिश के बीच कुछ ट्रेनें मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सकी। जिससे यात्रियों को परेशानी हुई। गाड़ी संख्या 04212 वाराणसी समर स्पेशल तीन घंटे 26 मिनट, 12584 लखनऊ एसी डबल डेकर एक्सप्रेस एक घंटा 41 मिनट, 12524 न्यू जलपाईगुड़ी सुपरफास्ट एक घंटा दो मिनट, 04652 जयनगर क्लोन स्पेशल दो घंटे 16 मिनट, 12491 मोरध्वज सुपरफास्ट एक घंटा तीन मिनट देरी पहुंची।

# पुरानी पेंशन बहाली को सांसद से मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पुरानी पेंशन बहाली व नई पेंशन व्यवस्था के विरोध में अटेवा पेंशन बचाओ मंच के सदस्य जिलाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में सांसद रुचि वीरा से मिले। जहां उन्होंने सरकार की शेयर बाजार पर आधारित नई पेंशन लागू करने का विरोध किया। सांसद ने सदस्यों को नई पेंशन व्यवस्था का विरोध करने का आश्वासन दिया।



सांसद रुचि वीरा को ज्ञापन देते अटेवा पेंशन बचाओं मंच के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

रविवार को अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश की शाखा मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष अमित कुमार एवं जिला मंत्री हेमंत चौधरी के साथ सैकड़ों सदस्यों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सांसद रुचि वीरा को मांग पत्र सौंपा। सांसद को मामले की जानकारी देते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बताया कि एक जनवरी 2004 को केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर दिया। जिसके स्थान पर शेयर बाजार पर आधारित नई पेंशन व्यवस्था को लागू किया गया। असंवैधानिक तरीके से देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की भविष्य की सुरक्षा पूंजीपतियों के हवाले की दी। जिला संरक्षक अफजल अली, जिला महामंत्री हेमंत चौधरी ने भी सांसद के समक्ष कर्मचारियों की समस्या रखी। सांसद रुचि वीरा ने आगामी सत्र में इस मुद्दे को सदन में उठाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर रामपुर जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार गौतम, उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, राजकीय नर्सेज संघ की जिला अध्यक्ष पूनम मैसी, प्रतिमा शर्मा, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष निश्चल भटनागर, चंद्रशेखर शर्मा, हरीश चौहान, त्रिवेन्द्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# अंधविश्वासों व कुरीतियों का समाधान है सत्यार्थ प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **आर्य समाज स्टेशन रोड पर साप्ताहिक सत्संग का आयोजन**

**अमृत विचार:** आर्य समाज स्टेशन रोड पर साप्ताहिक सत्संग आयोजित किया। इसमें पंडित वीरेंद्र आर्य ने संतोष कुमार गुप्ता की यजमानी में वैदिक रीति से यज्ञ कराया। राजेश नारंग, डॉ. आलोक आर्य ने ईश्वर भक्ति भजन प्रस्तुत किये।

डॉ. राममुनि ने महर्षि दयानंद के सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया। आर्य समाज के जिला मंत्री रमेश सिंह आर्य ने कहा कि समय-समय पर कुछ लोग अंधविश्वास और कुरीतियों के कारण लोगों के जीवन से खेलते रहते हैं। कुछ लोग अंधविश्वासों के वशीभूत होकर और अपनी स्वार्थपूर्ति के कारण अपने अबोध बच्चों की नृशंस हत्या कर भेंट चढ़ा देते हैं। कुछ बाबाओं के प्रभाव में आकर बच्चों व व्यक्तियों की हत्याएं करके अपने स्वार्थ पूर्ति में सफल होने का कुचक्र करते रहते हैं। इन सबसे समाज की समाजिक मान्यताओं व मूल्यों, करूणा व दया पर कुठाराघात होता है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना समाज में अंधविश्वास व कुरीतियों के विरुद्ध लड़ने के आशय से की। सत्यार्थ प्रकाश महर्षि दयानंद ने विश्व को वेद ज्ञान के आधार पर चलने के आशय से रचना की। सत्यार्थ प्रकाश मनुष्य को मनुष्यता की ओर ले जाता है और समाज में फैले अंधविश्वास व कुरीतियों का समाधान करता है। सत्यार्थ प्रकाश विश्व के कल्याण के लिए एक अनमोल धरोहर है। इस अवसर पर अरविंद आर्य, विनोद कुमार गुप्ता, यशपाल आर्य, डॉ. राममुनि, डॉ. आलोक कुमार उपस्थित रहे।

# सड़कों की मरम्मत जल्द कराएं अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की अध्यक्षता में मोहर्रम और कांवड़ यात्रा सकुशल कराने के लिए पंचायत भवन सभागार में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को मिल जुलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए कहा। टूटी सड़कों की मरम्मत व अन्य निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिया।



पंचायत भवन में बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अन्य।

जिलाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम और कांवड़ यात्रा के दौरान बिजली, पानी, साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इसमें लापरवाही न हो। कांवड़ यात्रा में स्वास्थ्य शिविर लगाकर कांवड़ियों को इलाज उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य अतिशीघ्र पूरा करा लें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने का निर्देश दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर अपने नजदीक के थाने में इसकी जानकारी दें। जिलाधिकारी ने पीस कमेटी की बैठक में आए लोगों से सुझाव भी लिए। बैठक में सीडीओ सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार,एसडीएम बिलारी, एसडीएम कांठ ,एसडीएम ठाकुरद्वारा के अलावा संबंधित क्षेत्रों के पुलिस क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

**अपील** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने नागरिकों से अपील कर बरसात के दौरान सावधान रहने को कहा

# दामिनी व सचेत एप का प्रयोग कर आकाशीय बिजली से रहें सतर्क

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बारिश के दौरान बिजली गिरने की घटनाओं में जन व पशु हानि रोकने के लिए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने दामिनी व सचेत एप का प्रयोग कर ऐसी स्थिति में उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया।

मानसून की बारिश में कई बार चमक व गरज के साथ बिजली कड़क रही है। जिससे कई जगह जन व पशु हानि हो रही है। ऐसी स्थिति में लोगों को सावधान रहने की अपील जिलाधिकारी ने की है।

उनका कहना है कि आकाशीय बिजली से बचाव के लिए दामिनी व सचेत एप बहुत उपयोगी है। इसे गूगल प्ले स्टोर से लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। इसमें बचाव के तरीके और ऐसी घटना होने पर उपाय अपनाने की जानकारी दी गई है।



लाइनपार में बारिश के बाद हुए जल जभराव में मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

- **तालाब, झील, स्विमिंग पूल या खुले में बारिश के पानी से दूर रहें**

### यह भी सावधानी

- खुले में न रहें–जिलाधिकारी ने कहा कि जब बिजली कड़कने लगे तो खुले में न रहें। सुरक्षित स्थान पर शरण लें
- पानी से दूर रहें–तालाब, झील, स्विमिंग पूल या खुले में बारिश के पानी से दूर रहें।
- धातु की वस्तुओं से दूरी रखें– बिजली के खंभे, तार, रेलिंग और अन्य धातु की वस्तुओं से बिजली कड़कने के दौरान दूरी बनाए रखें।
- पेड़ों के नीचे न खड़े हों–तेज बारिश या बिजली कड़कने पर बचने के लिए पेड़ों के नीचे न खड़े हों। क्योंकि बिजली पेड़ पर गिर सकती है।
- गाड़ी में सुरक्षित रहें–यदि आप इस दौरान गाड़ी में हैं तो वहीं रहें, खिड़कियां बंद रखें।
- इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बंद करें।

### यह करें उपाय

- किसी व्यक्ति पर आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में उसे तुरंत प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करें। आपातकालीन सेवाओं को बुलाएं।
- यदि आप बाहर हैं और अचानक बिजली कड़कने लगे तो तुरंत पास की इमारत या वाहन में शरण लें।
- लोकेशन बदलें, यदि आप ऊंची जगह पर हैं तो जल्द से निचले स्थान पर आएं। क्योंकि ऊंचाई पर बिजली गिरने का खतरा अधिक रहता है।
- यदि आप फोन का उपयोग कर रहे हैं तो वायरलेस फोन का प्रयोग करें। तार वाले फोन का उपयोग बिजली गिरने के दौरान खतरनाक हो सकता है।
- पशुओं का ध्यान रखें। अपने पालतू जानवरों को भी सुरक्षित स्थान पर रखें।

### रामगंगा नदी के किनारे किया पौधरोपण

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** परिवर्तन दी चेंज संस्था की ओर से रविवार को लालबाग रामगंगा नदी के किनारे वन महोत्सव 2024 के अंतर्गत रामगंगा स्वच्छता अभियान के 116 सप्ताह पूर्ण होने पर 116 पौधों का रोपण किया गया।

पदाधिकारियों ने बताया कि इस पौधरोपण अभियान का उद्देश्य वन महोत्सव के जरिए लोगों को पौधरोपण के प्रति जागरूक करना व जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करके पर्यावरण को सुरक्षित करना है। संस्था के लोगों ने अमरूद, पीपल, पाखड़, वकान, अर्जुन, जामुन आदि के पौधे रोपित किए। इस अभियान में संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार सहित संस्था के सभी स्वयंसेवक व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### वल्लभ शरण महाराज का महानगर में स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री श्री 1008 वैदेही वल्लभ शरण महाराज रविवार को श्री राम मंदिर अयोध्या से महानगर पहुंचे। यहां उनका महानगरवासियों ने जोरदार स्वागत किया। महाराज ने लोगों को नर सेवा, गो सेवा के प्रति जागरूक किया। भगवान ने प्रकृति तथा जीव जंतुओं को बनाया। जिसकी रक्षा करने का सौभाग्य केवल मनुष्य को दिया है। इस दौरान प्रदीप वार्ष्णेय, महेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, दीपक मित्तल, अनुज मित्तल, शिवेंद्र जैन आदि मौजूद रहे।



पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे

REGISTRATION INDIA TM©

We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax

अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- 12A Registration
- 80G Registration
- Website for Ngo
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- LLP Company Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।

Contact: 7500277920 7500223290

T&C Apply

एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है।

31.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:23 | सूर्यास्त 07:17

**एक नजर**

## रामगंगा विहार में तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया है कि शुक्रवार देररात मुखबिर की सूचना पर रामगंगा विहार में छापेमारी की गई थी। जहां पर एक युवक तमंचा के साथ छिपा हुआ था। पुलिस को देखकर वह भाग खड़ा हुआ। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया। जिसके पास एक तमंचा व कुछ जिंदा करतूस भी बरामद हुए हैं। आरोपी की पहचान नागफनी के दौलतबाग निवासी मोहसिन पुत्र तसिफ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया है कि मोहसिन को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# जाम का एक और पैग न पिलाने पर दोस्त को मारी गोली, हालत गंभीर

### शराब पी रहे दोस्तों में हुआ झगड़ा, घायलों को छोड़कर भागे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात पार्टी में शराब की बोतल मंगाने को लेकर दोस्तों में आपस में झगड़ा हो गया। इसी दौरान नशे में धुत एक युवक ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली पार्टी में मौजूद दोस्त के पेट में धंस गई। वहीं दूसरे का तमंचे की बट से सिर फोड़ दिया। विवाद में एक आरोपी भी घायल हो गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के अवंतिका कॉलोनी निवासी कपिल ने तहरीर में बताया है कि वह और उनके दोनों जीजा सत्यम व आकाश जोमेटो में डिलीवरी का काम करते हैं। शनिवार रात मनीष ने दीनदयाल नगर में शराब पार्टी का आयोजन किया था। पार्टी में मनीष के पांच दोस्त भी मौजूद थे। वहीं मनीष ने देर रात आकाश को फोन करके पार्टी में सत्यम व उसको भी बुला लिया। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी में साथ बैठकर आठों दोस्त शराब की चार बोतल गटक गए। फिर शराब कम पड़ने पर आपस में झगड़ा करने लगे। नशे मे धुत शलभ ने फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान सत्यम और आकाश ने बीचबचाव किया। लदावली निवासी शलभ ने सत्यम को गोली मार दी। गोली पेट में धंस गई। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपी आकाश के साथ भी मारपीट करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भाग खड़े हुए। इतने में शलभ का पैर फिसल गया। पुलिस ने शलभ को तमंचा के साथ मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसके भी सिर में चोट लगी है। कपिल की शिकायत पर पुलिस ने मनीष, समरपाल, दीपक शर्मा, हर्ष यादव, संजीव राणा व शलभ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी शलभ और मनीष को गिरफ्तार कर लिया है।



गोलीबारी में घायल आरोपी शलभ।

> शनिवार देर रात आठ दोस्त आपस में पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान एक ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें एक के पेट में गोली लगी है। वह अस्पताल में भर्ती है। घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।
>
> –**अखिलेश भदौरिया**, एसपी सिटी

**कोर्ट में पेशी पर आए थे चारों आरोपी**

छजलैट थाना क्षेत्र में लदावली निवासी शलभ, समरपाल, दीपक, हर्ष यादव चारों संजीव हत्याकांड के एक मामले में पेशी पर मुरादाबाद कोर्ट में आए थे। पेशी के बाद सभी दीनदयाल नगर में एक जगह रुके। वहां पार्टी का आयोजन किया। जोमेटो में डिलीवरी ब्वॉय का काम करने वाले लाइनपार निवासी मनीष की भी शलभ कसाना से जान पहचान थी। वह भी इस पार्टी में शामिल होने पहुंचा था।

## सीए श्वेताभ तिवारी व कुशांक गुप्ता की हत्या का आरोपी जिला बदर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** चर्चित हत्याओं में शामिल रहे आरोपी खुशवंत सिंह उर्फ भीम को जिला बदर घोषित कर दिया है। शनिवार को एडीएम सिटी ने आदेश जारी कर घोषणा की है। फिलहाल खुशवंत उत्तराखंड की जेल में बंद है।

पिछले साल फरवरी में रामगंगा विहार साईं गार्डन कालोनी निवासी सीए श्वेताभ तिवारी की गोली मारकर हत्या हुई थी। इस मामले में सीए की पत्नी शालिनी तिवारी ने हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वहीं जनवरी 2022 में रामगंगा विहार में ही व्यापारी कुशांक गुप्ता की दुस्साहसिक अंदाज में गोली मारकर हत्या की गई थी। दोनों घटनाओं में खुशवंत सिंह उर्फ भीम शामिल था। इसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया था। खुशवंत लगभग डेढ़ साल तक जेल में रहा। इसके बाद वह अगस्त 2023 में जमानत पर बाहर आ गया। वहीं शनिवार को एडीएम सिटी ने आदेश जारी कर खुशवंत को जिला बदर घोषित कर दिया। खुशवंत सिंह के अधिवक्ता ने बताया है कि, एडीएम सिटी के आदेश के खिलाफ वह हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

## रोजा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग के चलते दो ट्रेनें निरस्त, बढ़ेगी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एक ट्रेन का बदला मार्ग और एक ट्रेन निर्धारित समय पर की जाएगी संचालित

**अमृत विचार:** मुरादाबाद मंडल रेल में यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते रेलवे प्रशासन ने दो ट्रेनों को रद्द किया है। इसके अलावा एक ट्रेन को मार्ग बदलकर संचालित किया जाएगा, जबकि एक ट्रेन को अपने निर्धारित समय से संचालित किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद रेल मंडल के रोजा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। जिसमें ट्रेन संख्या 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ राज्यरानी एक्सप्रेस आगामी एक अगस्त को 135 मिनट व दो अगस्त को 180 मिनट की देरी से संचालित होगी। जबकि तीन अगस्त से छह अगस्त तक निरस्त रहेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या-22453 लखनऊ-मेरठ सिटी राज्यरानी एक्सप्रेस दो अगस्त से पांच अगस्त तक निरस्त रहेगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या-14242 सहारनपुर-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस 23 जुलाई से चार अगस्त तक परिवर्तित मार्ग हापुड़, खुर्जा, कानपुर सेंट्रल व लखनऊ मार्ग से संचालित की जाएगी। इसके अलावा पांच अगस्त को निरस्त के स्थान पर अपने निर्धारित मार्ग और समय के अनुसार चलेगी। वहीं ट्रेन संख्या-14241 प्रयागराज संगम-सहारनपुर एक्सप्रेस 23 जुलाई से चार अगस्त तक निरस्त के स्थान पर परिवर्तित मार्ग लखनऊ, कानपुर, खुर्जा व हापुड़ के रास्ते संचालित की जाएगी।

**डीआईजी रेल ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश**

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दो दिवसीय दौरे पर पहुंची डीआईजी रेल राकेश पुष्कर ने रविवार को एसपी रेल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसपी रेल कार्यालय की समस्त शाखाओं का भ्रमण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसके बाद उन्होंने सीओ जीआरपी का कार्यालय भी देखा। बता दे कि डीआईजी रेल राकेश पुष्कर शनिवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर मुरादाबाद आई थी। दो दिन में उन्होंने मुरादाबाद रेल मंडल के सभी थानों और कार्यालयों का निरीक्षण किया।

## आरोपों से घिरे सहायक विकास अधिकारी को नोटिस जारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुरादाबाद ब्लॉक में तैनात सहायक विकास अधिकारी पवन चिकारा को कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में जिला पंचायत अधिकारी ने नोटिस दिया है। डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत में सात बिंदुओं पर कार्य के प्रति लापरवाही का आरोप लगाते हुए तीन दिन के भीतर नोटिस का जवाब मांगा है। समय से जवाब न देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

सहायक विकास अधिकारी पवन चिकारा पहले भी आरोपों से घिरे रहे हैं। जून में विकास कार्य की समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने सहायक विकास अधिकारी के कार्य की प्रगति रिपोर्ट देखकर वेतन रोकने के निर्देश दिए थे। डीपीआरओ वाचस्पति झा ने बताया कि कार्य में सुधार लाने के बजाय वह निरंतर लापरवाही बरत रहे थे। कुछ बिंदुओं पर कार्य की प्रगति रिपोर्ट शून्य रही। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत में होने वाले विकास कार्य के सात बिंदुओं पर लापरवाही बरतने में इन्हें नोटिस जारी कर दिया है। तीन दिन में नोटिस का जवाब देने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय में जवाब न देने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

## तहसील व सामाजिक संस्थानों पर लगे दहेज लेना अपराध के होर्डिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**जागरूकता**

- बैंक्वेट हॉल की दीवारों पर लिखे दहेज प्रतिषेध अधिकारी के नंबर
- गोष्ठी और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाएगा जागरूक

**अमृत विचार:** अब दहेज के लिए रुकने वाली या टूटने वाली शादियों पर विराम लगाने की पूर तैयारी हो चुकी है। इसको लेकर महिला एवं बाल विकास कल्याण मंत्रालय ने कई कदम उठाए हैं। दहेज उत्पीड़न के अलावा महिलाओं के साथ हो रहे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी को जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी बनाया गया है। अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि इसके लिए एक सलाहकार बोर्ड के सदस्यों के चरित्र का सत्यापन भी हो चुका है। जिले में दहेज के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए गोष्ठियां और अन्य जागरूकता कार्यक्रम भी किए जा रहे हैं।

जनपद में महिला उत्पीड़न और उनके खिलाफ हो रहे अपराध की रोकथाम के लिए बोर्ड का गठन का किया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि दहेज प्रतिषेध करने के लिए गठित किए गए सलाहकार बोर्ड के सदस्यों का चरित्र सत्यापन हो चुका है। दहेज लेने एवं देने के प्रकरण की शिकायत करने लिए होटल, बैंक्वेट हॉल की दीवारों पर अधिकारी और हेल्पलाइन नंबर अंकित कर दिए गए हैं। साथ ही बैंक्वेट हॉल व होटल के वेटरों के दहेज के लिए होने वाले विवाद की जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा विकास भवन, तहसीलों व विकास खंडों में दहेज लेना अपराध है इससे संबंधित जानकारी देने के लिए बड़े बड़े होर्डिंग्स भी लगवाए गए हैं।

## 25 हजार के इनामी पशु तस्कर को भेजा जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाने की पुलिस ने रविवार को 25 हजार के इनामी पशु तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से मादक पदार्थ समेत अन्य सामग्री जब्त की है।

प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा ने बताया है कि शुक्रवार देर रात मुखबिर द्वारा जयंतीपुर में पशु तस्कर के छिपे होने की जानकारी दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ की तो वह 25 हजार का इनामी निकला। जिस पर कुछ समय पहले ही जौनपुर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। वहीं मझोला थाने में भी आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी व अन्य धाराओं में केस दर्ज हैं। कार्रवाई दौरान पुलिस ने पास से मादक पदार्थ व अन्य सामग्री जब्त की है। आरोपी की पहचान मझोला के मिया कॉलोनी निवासी अफजाल पुत्र अब्दुल रहमान के रूप में हुई है।

# एमएलसी चुनाव लड़ेगा स्नातक संघ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्नातक संघ की बैठक रविवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में हुई। जिसमें संघ द्वारा आगामी विधान परिषद चुनाव में प्रत्याशी उतारने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने कहा कि संघ स्नातकों का संगठन है और राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहा है। देश के छह राज्यों में राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पांडे के निर्देशन में कार्य कर रहा है। उत्तर प्रदेश में संगठन की सदस्यता 70 जिलों में दो लाख है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश को नौ क्षेत्रीय इकाई में विभाजित कर संगठन की रुपरेखा तैयार की गई है। संगठन की सदस्यता आगामी छह महीने में पांच लाख का लक्ष्य रखा गया है। स्नातकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा घोषित नीतियों को धरातल पर लाना और स्नातकों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्नातक संघ का उद्देश्य क्षमतावान नवयुवकों को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करना है और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। संघ के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। जिसमें पूरे देश में एक ही पाठ्यक्रम एवं एक समय पर परीक्षा का आयोजन करने, युवा स्नातकों का सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण स्नातक होते ही करने आदि की मांग की जाएगी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पांडे के निर्देशन में प्रदेश में आगामी विधान परिषद चुनाव में प्रत्याशी लड़ाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष डॉ. अनिल चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर अजय राणा, विमलेंद्र विमल डॉ. सुधा सिरोही, भुवनेश्वर जिंदल, नीलम भुईयार, जिलाध्यक्ष अरुण शर्मा व जिला संयोजक विधि धीरेन्द्र सिंह शामिल रहे।




स्नातक संघ की बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष हरिओम शर्मा।

## दबंगों ने पार्क में खेल रहे युवक के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

- घटना के 19 दिन बाद एसएसपी के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट
- रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस चारों आरोपियों की तलाश में जुटी

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में पार्क में खेल रहे युवक को घेर कर दबंगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीछा करते-करते दबंग उसके घर तक पहुंच गए। विरोध करने पर युवक की बहनों से अश्लील हरकत करने लगे। पीड़ित के पिता शिकायत लेकर थाने पहुंचे, जहां सुनवाई नहीं। घटना के 19 दिन बाद एसएसपी के आदेश पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

थाना क्षेत्र के कांशीरामनगर निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर में बताया है कि उनका बेटा 18 जून को पार्क में खेल रहा था। इसी दौरान कॉलोनी के ही बंटी, विकास, अस्मित और सिविल लाइंस के फकीरपुरा निवासी अली जैक पार्क में पहुंच गए। इस बीच उनके बेटे से कहासुनी हुई। आरोप है चारों ने एकजुट होकर उनके बेटे की जमकर पिटाई कर दी। चारों दबंग बेटे का पीछा करते-करते उनके घर तक पहुंच गए। घर पर भी मारपीट करने लगे। उनकी बेटियों ने बीच बचाव किया तो उनके साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

उन्होंने इसकी शिकायत मझोला थाने में की। जहां पुलिस ने शिकायत लेने से इनकार कर दिया। घटना के 19 दिन बाद उन्होंने एसएसपी का दरवाजा खटखटाया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं रिपोर्ट दर्ज की है।

**आयोजन** | सब जूनियर बालक व बालिका वर्ग, कैडेट बालिका वर्ग व कैडेट बालक वर्ग में खिलाड़ियों का हुआ चयन

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए टीम चयनित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से रविवार को जनपदीय टीम का चयन हुआ। यह टीम उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई है। इसमें आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी, साईं ताइक्वांडो एकेडमी, थापा ताइक्वांडो एकेडमी और एसएसवी ताइक्वांडो क्लब आदि के 50 खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

सब जूनियर बालिका वर्ग में मिस्टी, गुंजन सिंह, दृष्टि सैनी, नित्या त्यागी, रिधिमा सिंह, अदिति सैनी, देवांशी तंगनामी का चयन हुआ। सब जूनियर बालक वर्ग में अनमोल मसीह, आशीष सिंह, निलय चौधरी, सनी राजपूत, शिखर सिंह, मयंक दिवाकर, अर्पित ठाकुर, तनिष्क जैन, युवराज शर्मा, वासु भाटिया, शाहजेब खान का चयन हुआ। कैडेट बालिका वर्ग में ऋषिता सैनी, प्रेरणा, इशिका सिंह, अद्युशी का चयन हुआ। वहीं कैडेट बालक वर्ग में प्रिंस कुमार, अराध्य सचदेवा, आदित्य सिंह, भविष्य कुमार, दानिश अहमद, लवकुश यादव, अंश पवार, अक्षत, कृष्णा कुमार, अर्जुन सिंह का चयन हुआ। जूनियर बालिका वर्ग में अंजली गौतम और निक्की मसीह का चयन हुआ और जूनियर बालक वर्ग में मोहम्मद कैफ खान का चयन हुआ है। सीनियर बालिका वर्ग में वैष्णवी शर्मा, पलक शर्मा, स्नेहा सिंह, निकिता बिष्ट, हाकेमीन, यशोदा थापा, काम्या सैनी का चयन हुआ। सीनियर बालक वर्ग में रोहित कुमार, रायन सागर, निखिल कुमार, प्रियांशु रस्तोगी, वैभव सक्सेना, स्वास्तिक सचदेवा का चयन हुआ है। बालक वर्ग टीम कोच में राष्ट्रीय प्रशिक्षक शाहवेज अली व टीम मैनेजर सुमित शर्मा रहेंगे। जबकि बालिका वर्ग टीम कोच में हाकिमीन हसीब व टीम मैनेजर में केशव थापा को चुना गया। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि यह प्रतियोगिता 10 जुलाई से 14 जुलाई का तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित होगी। इस दौरान एकेडमी के प्रबंधक डा. विनोद कुमार, डॉ. जी. कुमार, रोहित, संदीप कुमार, अर्जुन थापा, शिप्रा सिंह, शैलवी सिंह, शोभित भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित ताइक्वांडो खिलाड़ी व सचिव शाहवेज अली। ● अमृत विचार



आशियाना स्थित दिव्य लोक गोशाला में गायों को चारा खिलाते रोटरी क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# गोशाला में चारा दान कर धर्म लाभ कमाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण के सदस्यों ने आशियाना स्थित दिव्य लोक गोशाला में गो सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सुबह ही सदस्य गोशाला पहुंचे और गोसेवा की। वहीं गोशाला में जरूरत के सामान और गोवंश के लिए चारा भी दान किया।

क्लब के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के साथ अन्य सदस्यों ने गोशाला में मौजूद गायों की सेवा की। क्लब की ओर से गोशाला में 25 क्विंटल चारा सेक्रेटरी विक्रम रस्तोगी ने दान किया। कार्यक्रम में पंकज अग्रवाल, निखिल गुप्ता, मयंक अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, मोहित जैन, सचिन अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, रंजन अग्रवाल, अंजली अग्रवाल, पल्लवी, सिल्की, शालिनी जैन आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसपी ने किया भ्रमण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 22 जुलाई को सावन के पहले सोमवार से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान सड़क से लेकर आसमान तक पुलिस की नजर रहेगी। साथ ही मार्गों पर भी रूट डायवर्ट रहेगा। मंदिरों में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। एसएसपी ने बताया है कि अमले ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। एसएसपी ने शुक्रवार रात दो बजे नगर के थाना प्रभारी व एसपी सिटी समेत अन्य अधिकारियों के साथ भ्रमण किया। उन्होंने आगामी त्योहार मोहर्रम व कांवड यात्रा के लिए सभी अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया है कि पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का प्लान तैयार कर लिया है। इसके तहत सावन के सोमवार से पहले हाईवे पर रूट डायवर्ट रहेगा।

### हाईटेंशन लाइन से पक्षी के टकराने से बिजली गुल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बीते कई दिनों से लगातार हो रही बारिश ने बिजली विभाग की समस्या को बढ़ा दिया है। रविवार सुबह दीनदयाल नगर में अचानक तेज धमाके से इलाके की बिजली गुल हो गई। बाद में पता चला कि हाईटेंशन तार से पक्षी के टकराने से फाल्ट हुआ। बारिश के चलते खुशहालपुर, मिलन विहार, बैंक कालोनी, शाहपुर रोड की कॉलोनियों में बिजली की आवाजाही बनी रही। कांठ रोड की कॉलोनियां भी कटौती से प्रभावित हुई। दीनदयालनगर में सुबह करीब साढ़े दस बजे तेज धमाका हुआ, जांच पर पता चला कि हाईटेंशन लाइन से पक्षी टकरा गया, जिससे लाइनों में फाल्ट हो गया। कमियों को दुरुस्त कराने के बाद करीब एक घंटे में पूरे इलाके की बिजली सुचारू हुई।

### स्थापना दिवस मनाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिव मंदिर सागर सराय में रविवार को माता अन्नपूर्णा और श्रीशंकर भोले बाबा का स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य यजमान डॉ. प्रमोद कुमार पत्नी वेदबाला व पं. कमलराज श्रोती ने विधि विधान से पूजा की। मंदिर में मौजूद महिला मंडल की सदस्याओं ने कीर्तन कर किया। इस दौरान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आशा धवन, राजकुमारी शर्मा, ममता शर्मा, शशी मलिक, बीना छाबड़ा आदि मौजूद रहीं।

### विधायक ने किया पौधरोपण

**भोजपुर, अमृत विचार :** सपा विधायक हाजी नासिर ने पौधरोपण के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय डिग्री कॉलेज और सना रेस्टोरेंट के सामने पौधरोपण किया। जिसमें बरगद, अमरूद, लिपटिस आदि के 30 पौधे लगाए गए।



नवीन नगर में भंडारे में प्रसाद वितरित करतीं संस्था की पदाधिकारी व सदस्य।

## प्रसाद वितरित कर मनाया जन्मदिन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** छतरपुर वाले गुरु जी के जन्मदिन पर रविवार को नवीन नगर में यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपुल (यप) संस्था की ओर से भंडारे कर प्रसाद वितरित किया गया। सबसे पहले केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। भंडारे में प्रसाद वितरित कर उनकी लंबी उम्र की कामना की गई।

यप संस्था की अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में गुरु का खास महत्व है। चाहे हम दुविधा में या उत्साह में गुरु की वाणी और उनका मार्गदर्शन जीवन को गति और सही दिशा प्रदान करता है। गुरु उस पथ प्रदर्शक के समान है, जो अंधेरे रास्तों में भी उजाला कर देते हैं। हर युग में, हर सदी में गुरुओं और पीर पैगम्बरों का जन्म हुआ है, जो समाज सुधार के कार्यों में जुटे रहे। भंडारे में प्रसाद वितरण में दिव्या अग्रवाल, संजना भटनागर, मिली सिक्का, तान्या गुप्ता, भावना गुप्ता, रविन्द्र कौर, प्रिया अरोरा, कामिनी शर्मा, वाशी भटनागर, मेघा अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल, मानसी टंडन, पूजा गोयल आदि मौजूद रहीं।

## महानगर के सभी मंदिरों में खुलेंगे हिंदू संस्कार केंद्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से रविवार को स्थापना के 3 वर्ष पूर्ण होने पर लालबाग स्थिति काली माता मंदिर पर पुजारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें तीन प्रमुख प्रस्ताव पास किए गए।

पहला प्रस्ताव रामगंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करने, जबकि दूसरे प्रस्ताव में महानगर के प्रत्येक मंदिर पर हिंदू समाज की आने वाली पीढ़ियों के लिए हिंदू संस्कार केंद्र खोले जाने की घोषणा की गई। तीसरा प्रस्ताव हिंदू समाज में फैल रही कुरीतियों के प्रति जन जागरण करने का रहा। मंच पर साध्वी राघवेन्द्री देवी, महाराज पंडित कृष्ण स्वामी, पीठाधीश्वर श्री परिवार, आचार्य विनीत शर्मा, मनोज व्यास, पवन गिरी महाराज रहे। अध्यक्षता आचार्य कामेश्वर मिश्रा ने व संचालन राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने किया। कार्यक्रम में पं. दीनदयाल मिश्रा, पं. दिनेश शर्मा, पं. विनोद शर्मा, महेंद्र पुजारी आदि मौजूद रहे।

### पोर्टल में आ रही दिक्कत, लंबित आवेदनों में प्रदर्शित नहीं हो रहे आवेदकों के मोबाइल नंबर

# दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए 1232 आवेदन लंबित

**2096** आवेदन 6 जुलाई तक हुए ऑनलाइन

**864** आवेदन निस्तारित किए।

**105** आवेदन प्रक्रिया से निरस्त हुए।

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** जरूरतमंद दिव्यांगों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए यूनिक डिसेबिलिटी आइडी पोर्टल पर 1232 से अधिक आवेदन लंबित चल रहे हैं। जनवरी से अब तक (6 जुलाई तक) पोर्टल पर कुल 2096 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इसमें कुल 864 आवेदन निस्तारित हुए हैं। इन निस्तारित आवेदनों में 759 आवेदकों को प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। शेष 105 आवेदन विभिन्न त्रुटियों के कारण निरस्त किए गए हैं।

दरअसल, सप्ताह के हर सोमवार को जिला अस्पताल के आयुष भवन में दिव्यांग मेडिकल बोर्ड बैठता है। यहां लाभार्थियों में दिव्यांगता का मूल्यांकन होता है और पात्र आवेदकों को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। इस कैंप में कोई बहुत बेहतर प्रगति नहीं दिखती, चूंकि पिछले सोमवार को केवल 19 लोगों के ही प्रमाण पत्र जारी किए जा सके थे। कहने का अर्थ है कि सोमवार को जिला अस्पताल में दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के बैठने के संबंध में जरूरतमंदों को जानकारी नहीं हो पाती है। इसलिए बोर्ड के सामने आने वाले जरूरतमंदों की संख्या गिनी-चुनी होती है। हालांकि, सीएमओ कार्यालय के भूतल पर स्थित दिव्यांग प्रकोष्ठ के कर्मियों का कहना है कि सप्ताह के नियत दिन दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के सामने अधिक से अधिक जरूरतमंद हाजिर हों, इसके लिए लंबित आवेदन से संबंधित आवेदकों की सूचना कराई जाती है। इसी क्रम में शुक्रवार को भी जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी कार्यालय में 1035 आवेदकों की लिस्ट भेज दी है। उधर, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी कार्यालय से पता चला कि सीएमओ कार्यालय से जिन आवेदकों की लिस्ट आई है, उसमें आवेदक के फोन नंबर नहीं हैं। ऐसे में संबंधित को यह सूचना देना कठिन है कि सोमवार को जिला अस्पताल में दिव्यांग मेडिकल बोर्ड बैठेगा।

### प्रमाण पत्रों का हो रहा नवीनीकरण

दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 18 वर्ष या इससे अधिक आयु वाले आवेदकों का स्थाई दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जाता है, जबकि इससे कम आयु के अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र पांच वर्ष की अवधि तक के लिए बनता है। ऐसे में निश्चित अवधि पूरी करने के बाद भी यदि लाभार्थी 18 साल का नहीं हुआ है तो उसे प्रमाण पत्र अपडेट (नवीनीकरण) करना होता है। वह प्रक्रिया विभाग में चलती रहती है। फिर 18 साल की आयु पूरी करने लेने वाले लाभार्थी के प्रमाण पत्र को स्थाई कर दिया जाता है।

> 2023-24 में जिले की प्रगति 96.7 प्रतिशत थी। इस पर पिछले कुछ समय से पोर्टल अपडेट नहीं है। इसलिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले व निस्तारण प्रार्थना पत्रों के संबंध में डाटा अपडेट नहीं हो पा रहा है। सप्ताह में प्रत्येक सोमवार जिला अस्पताल के आयुष भवन में दिव्यांग मेडिकल बोर्ड बैठता है। यहां लाभार्थियों में दिव्यांगता का मूल्यांकन कर उन्हें दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। इधर, दो जुलाई से बेसिक शिक्षा के सरकारी विद्यालयों व बीआरसी केंद्रों पर कैंप लगाकर दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं।
>
> -डॉ. रामकिशोर, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी-दिव्यांग मेडिकल बोर्ड

# 4396 ने छोड़ी केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा

### दो पालियों में महानगर के 44 केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई परीक्षा, 19667 हुए शामिल

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** रविवार को 44 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। सुबह और शाम की पाली में कुल 4396 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

सीबीएसई की ओर से आयोजित टीईटी रविवार को जनपद में केसीएम, आर्यन इंटरनेशनल स्कूल, बोनी एनी पब्लिक स्कूल सहित 44 केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। सुबह पहली पाली की परीक्षा 9:30 बजे शुरू हुई। उससे पहले ही बारिश के दौरान अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गया था। बारिश के बीच परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे अभ्यार्थियों की चेकिंग कर उन्हें प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली में 30 केंद्रों पर 16895 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिसमें 13,832 ने अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 3063 अनुपस्थित रहे। पहली पाली की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। इस दौरान अभ्यर्थियों के परिजन परीक्षा केंद्रों के बाहर बारिश में इंतजार करते रहे। पहली पाली की परीक्षा 12:00 बजे समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि परीक्षा में ज्यादातर वही प्रश्न आए थे जिनकी तैयारी की थी। जबकि कुछ प्रश्न ऐसे भी थे, जिसकी तैयारी नहीं थी। दोपहर 2:00 बजे से दूसरी पाली की परीक्षा शुरू हुई। दूसरी पाली की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए 14 केंद्रों बनाए थे। जिसमें कुल 7168 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, लेकिन 7168 में से 5835 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। दूसरी पाली में 1333 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। बारिश के बीच जिले के 44 केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।



दिल्ली रोड स्थित स्प्रिंगफील्ड स्कूल में परीक्षा से पूर्व प्रवेश के लिए लगी अभ्यर्थियों की कतार। ● अमृत विचार

### परीक्षा छूटते ही बसों व ट्रेनों में उमड़ी भीड़

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रविवार को हुई केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा संपन्न होने के बाद बसों और ट्रेनों में अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह और शाम की पाली में हुई केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के बारिश के बीच छूटने के बाद अन्य जनपदों से आए अभ्यर्थियों ने रोडवेज बस अड्डों और रेलवे स्टेशन की ओर रुख किया। दोपहर व शाम में परीक्षा देकर घर जाने वाले अभ्यर्थी रोडवेज व रेलवे स्टेशन पर पहुंचे तो दोनों जगह भीड़ बढ़ गई।

## निरीक्षण में ड्यूटी से गायब मिले चिकित्सक

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रविवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने टीम के साथ अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें कई चिकित्सक व कर्मचारी ड्यूटी से गायब मिले। जिस पर सीएमओ ने उन्होंने संबंधित का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

रविवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह अपनी टीम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह को साथ लेकर उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नन्हूवाला, समुदाय स्वास्थ्य केंद्र शरीफनगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रतुपुरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. कुणाल चौहान, डॉ. नवनीत बेनीवाल, डॉ. जुनेद आलम जनरल सर्जन, डॉ. नितिन आनंद पंत, डॉ. इंतेखाब आलम, डॉ. रीता, अनुपस्थित पाए गए। जिस पर उन्होंने प्रतिकूल प्रविष्टि जारी कर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। बाद में ठाकुरद्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में अपनी ड्यूटी से गैरहाजिर पाए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

## दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए चल रहा अभियान, लगाए जा रहे कैंप

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** इन दिनों दिव्यांगजन के प्रमाण पत्र बनाने के लिए अभियान चल रहा है। यह अभियान अगस्त तक चलेगा। संबंधित डॉक्टरों को तिथि वार कैंप और रोस्टर की जानकारी भी दे दी गई है। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि ब्लॉकों के मेडिकल एसेस्मेंट कैंप में विद्यार्थियों की दिव्यांगता का मूल्यांकन किया जाना है। फिर पात्र विद्यार्थियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाने हैं। अभियान का संचालन करते हुए डाक्टरों की 10 टीमों का गठन किया गया है। बीआरसी केंद्र और विद्यालयों का निर्धारण कर कैंप आयोजन की तिथि वार रोस्टर भी जारी हो गया है।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी दिव्यांग मेडिकल बोर्ड डॉ. रामकिशोर ने बताया कि सभी ब्लाकों में अभियान के तौर पर दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। इसके लिए डीएम के निर्देश पर सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बीआरसी केंद्र और विद्यालयों का निर्धारण कर कैंप आयोजन की तिथि वार रोस्टर भी जारी कर दिया है। प्रत्येक निश्चित तिथि पर नियत स्थान पर लगने वाले कैंप में पहुंचने वाली डॉक्टरों की टीम के सदस्यों के नाम भी तय हो गए हैं। संबंधित डॉक्टरों को तिथि वार कैंप और रोस्टर की जानकारी भी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि डीएम ने निर्देश जारी किए हैं कि ब्लाकों के मेडिकल एसेस्मेंट कैंप में विद्यार्थियों की दिव्यांगता का मूल्यांकन किया जाना है। फिर पात्र विद्यार्थियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाने हैं। अभियान का संचालन करते हुए डाक्टरों की 10 टीमों का गठन किया गया है।

### कल से यहां लगेंगे शिविर

9 जुलाई को डिलारी के कंपोजिट विद्यालय मनकुआ मकसूदपुर, 11 को उच्च प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर दोस्त, 12 को मुरादाबाद ग्रामीण बीआरसी केंद्र पाकबड़ा, 16 को मुरादाबाद ग्रामीण कंपोजिट विद्यालय अगवानपुर, 18 को मुरादाबाद ग्रामीण उच्च प्राथमिक विद्यालय काफियाबाद, 19 को छजलैट में बीआरसी केंद्र, 20 को छजलैट के कंपोजिट विद्यालय फतेपुर विश्नोई, 21 को छजलैट में कंपोजिट विद्यालय उमरीकलां, 25 को मूंढपांडे बीआरसी पर, 26 को मूंढपांडे के प्राथमिक विद्यालय चमरूआ, 30 को मूंढापांडे के ही प्राथमिक विद्यालय नियामतपुर को कैंप लगेगा।

## सीएचसी, पीएचसी पर मेलों में 2018 रोगियों को मिला इलाज

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** जनपद के सभी 54 स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। इसमें कुल 2,018 रोगियों ने आकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और निशुल्क दवाएं प्राप्त कीं। हालांकि, रविवार को भी अपराह्न ढाई बजे तक बारिश होती रही लेकिन, इसके बाद भी सीएचसी, पीएचसी पर रोगियों की अच्छी संख्या रही।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह भी स्वास्थ्य मेले का जायजा लेते दिखे। उन्होंने पहले सीएचसी ठाकुरद्वारा पहुंचकर मेले का निरीक्षण किया। इसके बाद वह ठाकुरद्वारा सीएचसी पर पहुंचे थे। उन्होंने कई रोगियों व तीमारदारों से भी इलाज के संबंध में पूछा। फिर यहीं से सीएमओ ने अन्य सीएचसी व पीएचसी पर हो रहे मेलों का निरीक्षण वीडियो कॉल करके किया। सीएमओ ने बताया कि बारिश होने के बाद भी स्वास्थ्य मेले में रोगी आए और उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद दवा ली है। सभी डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ भी मौजूद रहा है। सीएमओ ने बताया कि सबसे अधिक 403 मरीज गैस बीमारी से संबंधित हैं।



ठाकुरद्वारा सीएचसी में दवा का स्टॉक चेक करते सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह।

## परिवार रजिस्टर की नकल को नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आवेदकों को अब परिवार रजिस्टर के मूल पृष्ठ की फोटो कॉपी सत्यापित व प्रमाणित कर दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने संबंधित सचिव को सत्यापित कॉपी पर अपना नाम व मोहर लगाने के निर्देश दिए हैं। अब परिवार रजिस्टर की नकल के लिए लोगों को तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

परिवार रजिस्टर की नकल में हस्तलिखित प्रतिलिपि दी जाती थी। जिसमें कई बार नकल में परिवार के कुछ नाम छूट जाने पर उसको सही करने के लिए राजस्व कर्मियों के आगे पीछे घूमना पड़ता था। सीडीओ सुमित यादव ने बताया कि जिलाधिकारी ने परिवार रजिस्टर के मूल पृष्ठ की फोटो कॉपी को सत्यापित व प्रमाणित कर अपने हस्ताक्षर और मोहर के साथ जारी करने की तिथि भी अंकित करने के निर्देश दिए हैं।

# नजर आया मुहर्रम का चांद, गम में डूबा शिया समुदाय

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** मुहर्रम का चांद नजर आते ही शिया समुदाय गम में डूब गया। चांद दिखते ही महिलाओं ने अपने गहने व श्रृंगार उतार दिए और काले कपड़े पहन लिए। वहीं महानगर के सभी इमामबाड़ों में मजलिसों का दौर शुरू हो गया। मजलिस में हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में या हुसैन, हाय हुसैन की सदाएं बुलंद कीं और अजादारों की आंखें नम हो गई।

रविवार को मुहर्रम का चांद नजर आया। चांद दिखते ही एक तरफ जहां शिया समुदाए में मजलिसों का दौरा शुरू हुआ तो वहीं सुन्नी समुदाय में जिक्र-ए- शहीदाने कर्बला शुरू हो गया। मुहर्रम का चांद दिखते ही जहां शिया समुदाय के लोग 10 दिन तक मजलिस, जुलूस और मातम कर कर्बला के शहीदों को याद करेंगे। वहीं सुन्नी समुदाय के लोग भी शहीदाने कर्बला का जिक्र करेंगे। इसके अलावा रविवार से ही महानगर के अलग-अलग स्थानों पर ताजिए बनना शुरू हो गए। महानगर के किसरौल निवासी ताजियादार साजिद वारसी ने बताया कि वह हर साल की तरह इस साल भी सरसों का ताजिया बना रहे है। जोकि 10 तारीख से पहले बनकर तैयार हो जाएगा। वहीं ताजियों का सरदार कहे जाने वाला कबल का ताजिया भी तैयार होना शुरू हो गया है। इसके अन्य इलाकों में ताजिए बनाए जा रहे है। 17 जुलाई को इन सभी ताजियों का जुलूस निकलेगा। वहीं सोमवार से इमामबाड़ा लाकड़ीवालान में मजलिस होगी।



लाकड़ीवालान में निकले अलम के जुलूस में शामिल नन्हें अजादार। ● अमृत विचार

### लाल मस्जिद में होगा जिक्र-ए-शहीदाने कर्बला कार्यक्रम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर की लाल मस्जिद में मरकजी जमीअत-ए-अलहे सुन्नत की ओर से सोमवार से जिक्र-ए-शहीदाने कर्बला कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। जहां मुफ्ती दानिश कादरी अशरफी शहीदाने कर्बला का जिक्र करेंगे। मुफ्ती दानिश कादरी ने बताया कि सोमवार पहले दिन हकीकते तोहीद, दूसरे दिन शाने रिसालत, तीसरे दिन शाने सहाबा तक का वाकया सुनाएंगे।

### इस्लामी कैलेंडर का आज पहला दिन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुहर्रम का चांद दिखते ही इस्लामी वर्ष की शुरुआत होती है। रविवार को चांद दिखाई देते ही सुन्नी मुस्लमानों ने नए साल की मुबारकबाद दी। इमाम शहर सैयद मासूम अली आजाद ने कहा कि सोमवार से इस्लामिक नए साल की शुरुआत होगी।

## चांद दिखाई देते ही शिया समुदाय में शोक की लहर

**अगवानपुर, अमृत विचार:** मोहर्रम का चांद देखते ही शिया समुदाय में शोक की लहर दौड़ पड़ी। महिलाओं ने चूड़ियां तोड़कर काले कपड़े पहने। नगर के सभी अज़ाखाने सजाए गए।

सोमवार से सभी अज़ाखानों में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। जबकि मोहर्रम की तीन तारीख को इमामबाड़ा तेहजीबुल हसनैन से अलम का जुलूस निकाला जाएगा। चांद रात पर इमामबाड़ा पंजेतनी में मजलिस का आयोजन किया गया। जिसको मौलाना हाफिज़ मुआसिर अब्बास रिजवी ने खिताब करते हुए कहा कि मोहर्रम के महीने में रसूल अल्लाह का घर कर्बला के मैदान में लूट गया ये सुन कर अज़ादारों की आंखे नम हो गईं। मजलिस में आदिल नक़वी ने मर्सिएख्वानी की मजलिस के बाद अलम बरामद किया गया।

**आयोजन** भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम

# नृत्य प्रतियोगिता में नित्या और वेदिका प्रथम

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद की ओर से दिल्ली रोड स्थित एक होटल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में नित्या और वेदिका अग्रवाल पहले स्थान पर रहीं।

परिषद के अध्यक्ष डॉ. रोहित अग्रवाल ने परिषद के लक्ष्य व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन महिला संयोजिका शिल्पी अग्रवाल ने किया। वेदिका अग्रवाल, नित्या अग्रवाल व आरोही अग्रवाल ने सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति कर कार्यक्रम का आरंभ किया। परिषद से जुड़े परिवारों के बच्चों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नित्या अग्रवाल व वेदिका अग्रवाल रहीं। जबकि द्वितीय स्थान पर आर्यन अग्रवाल व श्रेष्ठॉ अग्रवाल रहे। समापन पर बच्चों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मानसून स्पेशल हाउजी व फन गेम्स भी खेले गए। जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में शुभांगी सिंघल, ऐश्वर्या सिंह गोयल, रितिक सिंघल, यश सिंघल, नमन जैन, निशांत अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संचित सिंगल, शिवम अग्रवाल, आस्तिक गोयल, अंकित अग्रवाल, विधि अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल, पंखुड़ी अग्रवाल, प्रिया जैन, स्तुति अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल आदि शाखा के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




भारत विकास परिषद के कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व बच्चे। ● अमृत विचार

## भोजपुर पीपलसाना के मुख्य मार्ग पर भरा पानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ आशंकित क्षेत्रों में खतरा मंडरा रहा है। महानगर में शुक्रवार से शुरू हुआ लगातार बारिश का सिलसिला रविवार तक जारी रहा। जिसके कारण भोजपुर-पीपलसाना के मुख्य मार्ग तक लगभग दो फीट पानी भर गया। जिससे भोजपुर पीपलसाना के लगभग आधा दर्जन गांवों के 20,000 से अधिक लोगों को बाढ़ का डर सता रहा है।

गांव व खेतों के अंदर पानी आने की आशंका बनी है। गांव अक्का भीकनपुर, शाहपुर, काफियाबाद, आदमपुर, बसावनपुर, खईया समेत कई गांवों की लगभग 20 हजार से अधिक की आबादी दो साल पूर्व बाढ़ से प्रभावित हो गई थी। इस बार भी अगर लगातार बारिश होती रही तो इन गांवों की सैकड़ों बीघा फसल नष्ट हो जाएगी।

# नगर विधायक ने मौलश्री का पौधा लगाया

**कार्यालय संववाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** एक से सात जुलाई तक चले वन महोत्सव कार्यक्रम का समापन डियर पार्क में किया गया। जिसकी अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक रमेश चंद्र ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता ने मौलश्री पौधे का रोपण किया।

कार्यक्रम का संयोजन डीएफओ वंदना सिंह ने किया। इसके अतिरिक्त वन महोत्सव के अंतर्गत विवेकानंद इंटर कॉलेज के बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विजेता बच्चों को वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक रमेश चंद्र ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वन विभाग की तरफ से पौधा भंडार कार्यक्रम के तहत बच्चों, कर्मचारी एवं ग्रामवासियों को पौधे वितरित किए गए। विशिष्ट अतिथि रमेश चंद्र ने बच्चों को पौधरोपण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। हमें पेड़ लगाने के बाद उसकी देखभाल अवश्य करनी चाहिए। इससे हमारा पर्यावरण अच्छा रहेगा और हम एक स्वस्थ जीवन जी सकेंगे। कार्यक्रम की संयोजिका वंदना सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें खुद पेड़-पौधे लगाने चाहिए। कार्यक्रम में वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एआर रहमान ने भी बच्चों को वन्य जीव एवं प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय वनाधिकारी गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, अपर संख्या अधिकारी राजवीर सिंह, स्टेनो प्रभागीय कार्यालय मनोज कुमार वर्मा, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी हितेश कुमार, अनुज कुमार, कपिल कुमार, वन दरोगा संजय चौहान, वन दरोगा रुचि दामिन, वरिष्ठ सहायक उप संभागीय मीनाक्षी ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



वन महोत्सव कार्यक्रम में पौधरोपण करते नगर विधायक रितेश गुप्ता व अन्य।



# बारिश से बढ़ा रामगंगा का जल स्तर, बाढ़ की आशंका

## खो बैराज का जलस्तर खतरे से एक मीटर नीचे, नदी किनारे स्थित गांवों के किसानों के खेतों में भरा पानी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मैदानी व पर्वतीय क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते रामगंगा नदी व अन्य नदियों का जल स्तर बढ़ने लगा है। जिससे नदी से सटे एक दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। वहीं बरसात के मौसम में जैसे-जैसे रामगंगा का जल स्तर बढ़ता है वैसे ही नदी किनारे बसे गांव के लोगों को बाढ़ का भय सताने लगता है।

जुलाई शुरू होते ही बारिश ने भी दस्तक देनी शुरू कर दी जिसके चलते मैदानी व पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार रुक-रुक कर बारिश होने से रामगंगा नदी के किनारे बसे गांवों के ग्रामीणों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिक बारिश होने से खो बैराज व कालागढ़ बांध से पानी रामगंगा नदी में छोड़े जाने के कारण ही क्षेत्र के लोगों को बाढ़ का खतरा नजर आने लगता है। क्षेत्र के गांव मलकपुर सेमली, चावड, रायभूड, बालापुर, बहापुर, बलिया, गंगाधरपुर, सुल्तानपुर खादर, शेरपुर पट्टी, लालापुर पीपलसाना सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के किसानों की खेती रामगंगा नदी किनारे है। इनमें नदी का पानी प्रवेश कर गया है।

अगर इसी तरह से लगातार बारिश होती रही तो निश्चित तौर पर रामगंगा नदी का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडराने लगेगा। हालांकि क्षेत्र में 10 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई है। एसडीएम अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के हल्का लेखपाल आदि को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ हीसमय-समय पर इसकी सूचना हेड क्वार्टर को उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड मुरादाबाद आरपी सिंह ने बताया कि रविवार को खो बैराज शेरकोट पर 6:00 बजे 42996 क्यूसेक पानी रामगंगा नदी में छोड़ा गया था। दोपहर 2:00 बजे नदी का जल स्तर घटना प्रारंभ हुआ। देर शाम खो बैराज का जलस्तर घटकर 10, 343 क्यूसेक रह गया है। बताते चले कि पर्वतीय क्षेत्र का वर्षा का जल नदी में जाकर श्योहरा के नजदीक रानी गांव के पास रामगंगा नदी में मिलता है। खो बैराज शेरकोट की क्षमता एक लाख क्यूसेक पानी रोकने की है। फिलहाल रामगंगा नदी में कालागढ़ से जल नहीं छोड़ा गया है। उन्होंने रामगंगा नदी किनारे बसे ग्रामीणों से अपील की है कि अभी बाढ़ का खतरा नहीं है। इसलिए भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है।


ठाकुरद्वारा क्षेत्र में बढ़ता रामगंगा नदी का जलस्तर। ● अमृत विचार


ढेला नदी के किनारे बसे नहनूवाला गांव का निरीक्षण कर ग्रामीणों से जानकारी लेते एसडीएम। ● अमृत विचार

### ढेला नदी का जलस्तर बढ़ने की सूचना पर दौड़े एसडीएम, किया निरीक्षण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पर्वतीय व मैदानी क्षेत्र में हो रही वर्षा के कारण उत्तराखंड से निकलने वाली ढेला नदी का अचानक जल स्तर बढ़ने की सूचना मिलने पर एसडीएम अजय कुमार मिश्रा ने टीम के साथ पहुंचकर नदी किनारे बसे गांव का निरीक्षण किया। रविवार की शाम 5 :00 बजे नहनूवाला ग्राम के ग्रामीणों ने ठाकुद्वारा प्रशासन को सूचना दी कि ढेला नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। गांव से डेढ़ सौ मीटर दूरी पर ढेला नदी बह रही है। अगर नदी ने कटान शुरू कर दिया तो तबाही मच सकती है। उधर सूचना पर एसडीएम अजय कुमार मिश्रा व नायब तहसीलदार मुकेश कुमार ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने मांग की कि गांव की सुरक्षा हेतु वहां पर बंधा बनवाया जाए। जिस पर एसडीएम ने ग्रामीणों को बताया कि बरसात के दौरान बढ़ते जल स्तर के चलते का बंधे का निर्माण संभव नहीं है। फिलहाल लोग सावधान व सतर्क रहे। इस दौरान बाढ़ चौकिया को भी सतर्क रहने की निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रतापपुर, पिलकपुर , मानपुर दत्त राम आदि क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया ।

### बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन हुआ सजग

**कांठ, अमृत विचार:** रामगंगा नदी में वर्षा के कारण जल स्तर बढ़ने से लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीणों को बाढ़ का खतरा सता रहा है। प्रशासन द्वारा ग्रामीण एवं बाढ़ चौकियों पर मौजूद कर्मचारियों को सतर्क कर दिया गया है।

पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्र में हो रही लगातार वर्षा से रामगंगा नदी के समीप बसे खादर क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर, बहादरपुर, महदूतकलमी आदि में वर्ष 1978-79 में बरसात में कालागढ़ डैम से रामगंगा नदी में पानी छोड़ने से भारी तबाही हुई थी। तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने बाढ़ चौकियों का दौरा कर तैनात कर्मचारियों को किसी भी खतरे से बचाव के लिए अलर्ट कर दिया है। ग्राम गोपालपुर के प्रधान के पति मनोहर सिंह ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामों में लोगों को बुलाकर सतर्क रहने के लिए कहा है। कालागढ़ डैम की भंडारण क्षमता 555 मीटर बताई जा रही है। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि वर्षा ऋतु की शुरुआत है। 356 अथवा 360 मीटर की क्षमता से पानी अधिक होने पर कालागढ़ डैम से पानी छोड़ा जाता है। उन्होंने बताया कि फिलहाल 336 मीटर तक ही कालागढ़ डैम का पानी है। उन्होंने बताया कि फिलहाल अगस्त से पहले तक पानी छोड़े जाने के कोई असर नहीं हैं।

## एक नजर

### बच्ची के साथ दुष्कर्म में आरोपी गिरफ्तार

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना से सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी मेडिकल स्टोर संचालक गुफरान ने घर के बाहर खेल रही पांच साल की बच्ची को टॉफी देने के बहाने दुकान के अंदर बुला लिया। वहां आरोपी ने बच्ची से दुष्कर्म किया। बाद में बच्ची को बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गया। काफी देर तक बच्ची का पता न चलने पर परिजनों ने तलाश शुरू की तो बच्ची बेहोशी की हालत में मिली। बाद में होश आने पर बच्ची ने आपबीती बताई। बच्ची के परिजनों ने थाने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी गुफरान को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### हनुमान चालीसा के पाठ की प्रतियोगिता आयोजित

**कांठ, अमृत विचार :** शनिवार को क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्री हनुमान चालीसा के पाठ की प्रतियोगिता हुई। संस्था के संस्थापक अरविंद चौधरी ( गुरुजी) ने बताया कि संस्था बच्चों को हनुमान चालीसा से जोड़ने के लिए प्रतियोगिता आयोजित करती है। जिसमें प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। इस क्रम में ग्राम सलेमपुर में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सचिन चौधरी, संतराम, जयपाल, महेश, रवींद्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, राम करन, सौरभ बिश्नोई, विपिन चौधरी, राम रतन सिंह ,विकास शर्मा, सुभाष कुमार, अंकुल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### दुर्घटना में हुई युवक की मौत मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** दुर्घटना में हुई मौत के मामले में मृतक के पिता की ओर से दी गई तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। जिला संभल के थाना बनियाठेर के गांव अशोकनगर निवासी हुकुम सिंह पुत्र सियाराम ने दी तहरीर में बताया कि उसका लड़का पिंटू व उसका दोस्त सुमित पुत्र पीतम सिंह निवासी कृष्णा नगर चंदौसी किसी काम से सुजानपुर गांव बाइक से 25 जून को जा रहे थे। मोहम्मदपुर मनसुख उर्फ धमावली के यात्री शेड के पास पहुंचने पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने उसके बेटे पिंटू की मोटरसाइकिल में टक्कर मारी। जिससे पिंटू की मौके पर मौत हो गई।

# छत से फिसलकर गिरी महिला, मौत

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव मुंडिया राजा में छत से बारिश का पानी निकाल रही महिला की फिसल कर गिर जाने से मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

रविवार की दोपहर को गांव निवासी 35 वर्षीय छाया देवी पत्नी रितेश कुमार छत पर जमी काई और पानी साफ कर रही थी। इसी बीच वह फिसल कर नीचे जा गिरी। परिजन तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति रितेश कुमार मजदूरी करते हैं। मृतका के पांच बच्चों रेशू, रीता, अविनेश, शिवानी, अंशिका और सास सोमवती देवी आदि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।


महिला की मौत पर गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

### खेत पर जा रहे किसान की हार्टअटैक से मौत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** खेत पर जा रहे किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मानावाला टांडा निवासी 45 वर्षीय जगदीश सिंह पुत्र उदल सिंह रविवार की दोपहर अपने घर से खेत के लिए जा रहे थे। रास्ते में अचानक हार्ट अटैक आने से वह गिर गए। खेतों में काम कर रहे किसानों ने जगदीश सिंह को तुरंत उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक किसान के तीन बेटे व दो पुत्री हैं। जिसमें एक बेटी की शादी हो चुकी है। पत्नी वर्षा, पुत्री सीमा, अशी व पुत्र सुमित आदि का रो-रोकर बुरा हाल था।

## भट्ठा मजदूर के मकान की गिरी छत पत्नी सहित तीन बच्चे घायल

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** क्षेत्र में कई दिन से हो रही लगातार बारिश एक ओर जहां गर्मी से लोगों को राहत दे रही है, वहीं लोगों के लिए आफत भी बन रही है। बारिश के चलते एक भट्ठा मजदूर के मकान की कच्ची छत गिरने से महिला सहित परिवार के चार सदस्य मलबे में दबकर घायल हो गए। जिन्हें मलबे से निकालकर ग्रामीणों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से महिला की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मामला ब्लॉक क्षेत्र के जैतपुर पट्टी का है, जहां शनिवार की रात्रि ग्राम निवासी भट्ठा मजदूर शमीम अहमद के मकान की छत अचानक भर भराकर गिर गई। ग्राम प्रधान जब्बार हुसैन ने बताया कि शमीम अहमद की पत्नी कौशल जहां, बेटा अयान, अताउल और फजल मलबे के नीचे दब गए थे। जबकि शमीम अहमद को मामूली चोटें आई थीं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी में भर्ती कराया गया था। जहां से कौसर जहां को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।


अस्पताल में मौजूद घायल बच्चे।

## सार संक्षेप


गांव रामपुर घोगर में पौधरोपण करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### वन महोत्सव के तहत किया पौधरोपण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** वन महोत्सव अभियान के तहत वन विभाग द्वारा एक पौधा मां के नाम का कार्यक्रम आयोजित कर गांव रामपुर घोघर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान सुरजन नगर के प्रधान वीर सिंह व ग्राम पंचायत रामपुर घोघर के प्रधान लेखराज सिंह द्वारा बरगद का एक-एक पौधा रोपित किया गया। कार्यक्रम में वन दरोगा के पी सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण अंग है। पौधा तो हर कोई व्यक्ति लगा सकता है लेकिन उसकी देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य है। जिस तरह से छोटे बच्चों का लालन-पालन किया जाता है ठीक उसी तरह से पौधा लगाने के बाद उसका भी लालन-पालन करना चाहिए। हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम से अपने घर के आसपास, खेत-खलियान पर बरगद, पीपल, आम व नीम आदि के पौधों का रोपण करना चाहिए। इस दौरान वन दरोगा संजय प्रसाद, नरेश सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।


पौधरोपण करते अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा के पदाधिकारी व अन्य।

### कुरीतियों को दूर कर बच्चों को दिलाएं अच्छी शिक्षा

**बिलारी, अमृत विचार :** अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा की मासिक बैठक ग्राम धर्मपुर कला में चौधरी राजीव सिंह के आवास पर हुई। जिसमें वक्ताओं ने जाट समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने पर जोर दिया। बैठक में जाट महासभा के तहसील अध्यक्ष चौधरी आनंद वीर सिंह ने कहा कि खाबरी अव्वल के रास्ते में कूड़े के ढेर लगे हैं जिससे लोगों को निकलना मुश्किल हो गया है। प्रदेश संरक्षक चौधरी रामपाल सिंह ने कहा कि इस संबंध में कई बार नगर पालिका अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। वक्ताओं ने इस संबंध में प्रसाशन को ज्ञापन देने व समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन शुरू करने की बात कही। बैठक के बाद वन संरक्षण अभियान के अंतर्गत मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया है। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र सिंह व संचालन मास्टर सरजू सिंह ने किया। इस दौरान सुनील लाठर, यशपाल सिंह, हरवीर सिंह, राजेश सिंह, अंकित सिंह, रणवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, मास्टर पुष्पेंद्र सिंह, विजय वीर सिंह, दानवीर सिंह, हरपाल सिंह मलिक आदि मौजूद रहे।

### जल निकासी न होने से खेत बने तालाब, परेशानी

**छजलैट, अमृत विचार :** सदुपुरा रोड से शेरपुर एत्मादपुर गन्ना तौल सेंटर के पास कुछ लोगों ने पुलिया को बंद कर दिया है। जहां जल निकासी नहीं होने से किसानों के खेत तालाब बन गए हैं। खेत में पानी भरा होने के कारण फसल की जगह जलकुंभी फैल रही है। इससे किसान परेशान हैं। किसानों को चिंता सता रही है कि अगर जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो खेत तालाब बन जाएगा। खेत में जलभराव होने से किसान जोताई-बोआई नहीं कर पा रहे हैं और फसल खराब होने की स्थिति में है। केशव चौधरी, पीतम सिंह, अर्जुन सिंह, लेखराज, महाराज सिंह, प्रवेंद्र आदि किसानों ने मांग की है कि जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए, जिससे किसान खेतों में जोताई-बोआई कर सकें। किसानों ने कहा कि अगर जल्द ही निकासी की व्यवस्था नही की गई तो उन्हें फसल बोने में देरी हो जाएगी।

### पुलिस व आरएएफ के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**कांठ, अमृत विचार :** थानाध्यक्ष के नेतृत्व में आरएएफ के जवानों ने छजलैट क्षेत्र के ग्रामों में आगामी त्योहारों के मद्देनजर फ्लैग मार्च कर ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। सावन का पवित्र माह शुरू होने वाला है। जिसमें पवित्र कांवड़ यात्रा की भी शुरुआत हो जाएगी। हजारों की संख्या में कांवड़िए हरिद्वार से पवित्र गंगा जल कांवड़ में भरकर अपने-अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे। वहीं दूसरी ओर मोहर्रम का भी पर्व निकट है। आगामी पर्वों के मद्देनजर थाना प्रभारी लखपत सिंह के नेतृत्व में आरएएफ के जवानों ने छजलैट क्षेत्र के ग्रामों में फ्लैग मार्च कर ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि किसी प्रकार की कोई नई परंपरा शुरू नहीं होनी चाहिए। ताजिया की निर्धारित ऊंचाई होनी चाहिए। आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं।


धान रोपाई का कार्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## धान रोपाई के कार्य में आई तेजी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** लगातार हो रही भारी बारिश के कारण किसानों के खेतों में धान रोपाई का कार्य तेजी से शुरू हो गया है।

काफी दिनों से क्षेत्र में सूखे की स्थिति थी। नहर में भी टेल तक पानी नहीं आ रहा था। किसान धान की रोपाई के लिए अत्यंत परेशान थे। पिछले कई दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण किसानों ने अपने खेतों में धान रोपाई का कार्य प्रारंभ कर दिया है। खेतों में पानी भरने से जहां गन्ने की फसल को नुकसान रहा है वही धान की रोपाई का कार्य शुरू होने से किसानों में हर्ष है। उमरी क्षेत्र में ज्यादातर किसान धान रोपाई का कार्य करते हैं जिसमें फसल अच्छी होती है।

### शिकायत के बावजूद भी नहीं बदला ट्रांसफार्मर

**कांठ, अमृत विचार:** नगर के वार्ड नंबर 5 के नागरिकों ने संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन देकर पांच दिन से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग की है।

नगर के वार्ड नंबर पांच मौहल्ला पट्टी मौढा गुल्हड़िया के नागरिकों ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि ट्रांसफार्मर लगभग 5 दिनों से खराब पड़ा है। गर्मी में नागरिक बिजली एवं पानी को तरस रहे हैं। वार्डवासियों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग की थी।

ज्ञापन देने वालों में कपिल कुमार, अर्जुन, अशोक कुमार, आदेश कुमार आदि उपस्थित रहे थे। इसके बावजूद ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। जिससे नागरिकों में रोष है।

# मुहर्रम का चांद दिखाई देने के बाद हाय हुसैन, हाय हुसैन की सदाएं गूंजी

संवाददाता, कुंदरकी

- चांद रात को अलम मुबारक का जुलूस निकला, मजलिसों में मातम का सिलसिला शुरू हुआ

**अमृत विचार:** मुहर्रम का चांद दिखाई देते ही नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन की शहादत का गम का महीना शुरू हो गया। साथ ही हाय हुसैन की सदाएं बुलंद होनी शुरू हो गईं।

रविवार की शाम मुहर्रम का चांद दिखाई देने के बाद शिया समुदाय हजरत इमाम हुसैन के शोक में डूब गया। शिया समुदाय ने काले लिबास पहन लिए तथा महिलाओं ने इमामबाड़ों व अजाखानों में जाकर ताजियों के सामने अपने हाथों की चूड़ियों को तोड़ दिया। मुहर्रम की चांद रात का अलम मुबारक का जुलूस अब्बास हैदर के आजाखाने से हाय हुसैन हाय अब्बास की सदाओं के साथ बरामद हुआ तो अजादारों की आंखे नम हो गईं। अलम मुबारक का जुलूस इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब व मुहल्ले में गश्त करते हुए अजाखाना अली इबनुल हुसैन बहार अली में पहुंच कर समाप्त हो गया।

इस दौरान अंजुमन अकबरी, अंजुमन, अलमूर्तजा, साजिद रजा काजमी , फैसल अब्बास रिज़वी आदि ने नोहे ख्वानी की। इसके इलावा इमामबाड़ा शोहदा ए क़र्बला, इमामबाड़ा सक्का ए सकीना, इमामबाड़ा इल्यास हुसैन, इमामबाड़ा रफीक हुसैन, अजाखाना नजमूल हसन आदि अजाखानों में महिलाओं की मजलिस हुई जिसमें हजरत इमाम हुसैन की शहादत बयां की गईं।

### आज निकलेगा अलम मुबारक का जुलूस

**कुंदरकी, अमृत विचार :** सोमवार को नगर में पहली मुहर्रम का मातमी व अलम मुबारक का जुलूस बरामद होगा। सोमवार की दोपहर दो बजे नगर स्थित कम्बर अब्बास नकवी के अजाखाने पर मजलिस होंगी और उसके बाद नवास ए रसूल हजरत इमाम हुसैन के शोक के प्रतीक अलम मुबारक का जुलूस बरामद होगा जोकि नगर के पैठ बाजार होते हुए नगर स्थित कर्बला पर पहुंच कर समाप्त होगा व कर्बला पर हजरत इमाम हुसैन के शोक के प्रतीक काला अलम नस्ब कर दिया जाएगा।

### बाइक चोरी का खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

**भगतपुर, अमृत विचार:** पुलिस ने दो बाइक चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की बाइक बरामद कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

भगतपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि भगतपुर निवासी सद्दाम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी बाइक घर के बाहर खड़ी थी और वह किसी काम से मार्केट में चला गया था। तब उसने आकर देखा तो उसकी बाइक गायब थी। उसने इस संबंध में भगतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर दिया था। तभी से पुलिस चोरों की तलाश में लगी थी। रविवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान सलीम पुत्र अनवर व संजूल पुत्र साबिर कस्बा भोजपुर को गिरफ्तार कर आरोपी के पास से बाइक को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से दोनों ही आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

**मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग** | कांवड़ यात्रा से पहले प्रशासन ने नहीं किए इंतजाम, सड़कों की हालत खराब

# हाईवे पर शिवभक्तों के पैरों में चुभेंगे कंकड़

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** श्रावण महीने में कांवड़ यात्रा में हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्त कांवड़ियों को नगर की टूटी और गड्ढायुक्त सड़कें शूल बनकर चुभेंगी। कांवड़ यात्रा से पहले अधिकारियों ने भले ही सड़कों की हालत ठीक कराने की बात बैठक और स्थलीय निरीक्षण में की, मगर हकीकत में सड़कों के गड्ढे सिस्टम को मुंह चिढ़ा रहे हैं।

मुरादाबाद-हरिद्वार हाईवे पर अगवानपुर सेरुवा चौराहे से छजलैट तक जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। जिस पर न केवल वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि आए दिन वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इस दौरान यहां से उठने वाली धूल को भी लोगों को झेलना पड़ रहा है। दूसरी तरफ श्रावण महीने पर महानगर ही नहीं आसपास के शिवभक्त भी हरिद्वार से कांवड़ लेकर पैदल आते हैं। रात दिन चल कर अपने गंतव्य पर पहुंचते हैं लेकिन, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के कारण न तो टूटी सड़क को बनवाया गया है और न ही गहरे गड्ढों को भरने का काम किया जा रहा है। जिस कारण कांवड़ियों को न केवल इन गड्ढों से गुजरना पड़ेगा बल्कि कंक्रीट को भी झेलना पड़ेगा। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल भरकर हर साल सावन के महीने में लाखों की संख्या में कांवड़िएं नंगे पैर भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए लंबी यात्रा कर मुरादाबाद पहुंचते हैं। बहुत से यहां की मुख्य सड़कों से होते हुए रामपुर, बरेली और अन्य राज्य के लिए भी निकलते है। 22 जुलाई से श्रावण महीना शुरू हो रहा है।

सड़कों की दुर्दशा बरकरार है। कांठ-अमरोहा मार्ग भी कई जगह खस्ताहाल है। टूटी सड़कों पर सुगम तरीके से वाहन चलना तो दूर जर्जर सड़कों के कंकड़ शिवभक्तों की परीक्षा लेंगे यही हाल नगर की अंदरूनी सड़कों का भी है।


मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग पर सड़क में हुए गड्ढे। ● अमृत विचार

### किशोरी से छेड़छाड़ मामले में रिपोर्ट दर्ज

**डिलारी, अमृत विचार:** दिल्ली निवासी किशोरी थाना डिलारी क्षेत्र के गांव में अपनी बहन के घर आई हुई थी। घटना उस समय की है जब किशोरी मेडिकल स्टोर से दवा लेने के लिए अकेली गई हुई थी। तभी गांव निवासी युवक जीशान किशोरी से छेड़छाड़ करने लगा। घर पहुंचकर किशोरी ने आपबीती बताई। पीड़िता ने थाना में तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की।

**प्रशासनिक अधिकारी पर लगाया रिश्वत लेने का आरोप**

**डिलारी, अमृत विचार:** गांव निवासी नौशाद ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि प्रशासनिक अधिकारी ने जमीन संबंधित कार्य में उसके पक्ष में करने के लिए 80000 रुपये लिए थे। काफी दिन बीत जाने के बाद काम नहीं हुआ जिस पर उसने दी गई रकम वापस मांगी तो वह टालमटोल करने लगा। युवक ने संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### कल चलेगा सफाई अभियान

**अमरोहा, अमृत विचार :** एक से 15 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़े के दौरान इंडियन ऑयल जल निकाय सफाई अभियान का आयोजन कर रहा है। नौ जुलाई को सुबह 11 बजे बृजघाट पर होने वाले जल निकाय सफाई अभियान के लिए लोगों को जोड़ा जाएगा। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को अच्छा रखने के लिए पौधरोपण जरुरी है।

### महिला से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला निवासी महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि महिला की कई वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसके पास दो बच्चे भी हैं। वह पति से अलग रहती है। उसने एक युवक पर आरोप लगाया कि वह अक्सर उसके घर आता था। इसी बीच उसने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी शानू निवासी लक्ष्मी नगर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

### युवक को पीटा

**अमरोहा, अमृत विचार :** मामला थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव केशोपुर के पास का है। 30 जून को अमरोहा शहर के डाक बंगला कॉलोनी निवासी मनोज अपने दोस्त आयुष के साथ कैलसा से एक व्यापारी से पैसे लेने गए थे। जब वह वापस कैलसा रोड पर गांव तेलीपुरा के पास पहुंचे तो गांव केशोपुर के रहने वाले कुछ लोगों ने उनसे गाली गलौज की। जब मनोज ने विरोध किया तो 20 से 25 बदमाशों ने उन्हें सड़क पर दौड़ा–दौड़ा कर पीटा। जिससे पीड़ित घायल हो गया। मारपीट का लाइव वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### दो वांछित गिरफ्तार

**रहरा, अमृत विचार :** पुलिस ने रविवार को वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रहरा थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित राजकुमार निवासी मटीपुरा को ग्राम बुरावली से बांसका कलां जाने वाले तिराहे से और पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहा सौमित पुत्र सुरेंद्र निवासी हैदलपुर को ग्राम सौंहत थाना सैदनगली से गिरफ्तार कर लिया।



बारिश से आजाद मार्ग पर जलभराव के बीच गुजरते वाहन। ● अमृत विचार



कैलसा बाईपास मार्ग पर जलभराव से होकर जाते वाहन। ● अमृत विचार

### झोपड़ी में दबकर मौत



**रहरा, अमृत विचार :** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव करनपुर खादर निवासी गोपीचंद पुत्र कल्लू सिंह 58 वर्ष शनिवार रात अपनी पशुशाला में सोया हुआ था। कई दिन से हो रही लगातार बारिश के कारण रात्रि को किसी समय उसके ऊपर पशुशाला की दीवार एवं झोपड़ी गिर गई। जिसमें वह दब गया। सुबह आसपास के ग्रामीणों ने झोपड़ी से गोपीचंद को बाहर निकाला, लेकिन तब तक गोपीचंद की मौत हो चुकी थी। मृतक के परिवार में पत्नी भगवानदेई, सात पुत्री, एक पुत्र हैं।

# पूरे दिन झमाझम बारिश, सड़कों पर भरा पानी

## अधिकतम तापमान 27 डिग्री, शहर में कई जगह जलभराव से आवागमन प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** शनिवार की रात से बारिश का सिलसिला जारी रहा। इसके बाद रविवार की तड़के सुबह से ही बारिश शुरू हो गई। सुबह से लेकर शाम तक झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं बारिश से शहर की सड़कें जलमग्न हो गई। बारिश से एक ओर जहां मौसम सुहावना हो गया, शहर जलभराव ने शहर की सूरत बिगाड़ दी। दुकानदार और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं किसानों के चेहरे पर खुशी दिखी। बारिश के चलते बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पिछले कई दिनों से मौसम सुहावना बना हुआ है। मानसून में बारिश भी खूब हो रही है। शनिवार को को सुबह से लेकर दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। इसके बाद रात भर बारिश होती रही। बारिश ने रूकने का नाम नहीं लिया। रविवार सुबह करीब चार बजे बारिश शुरू हो गई। जो पूरे दिन होती रही। कभी धीमे तो कभी तेज बारिश हुई। बारिश ने मौसम खुशनुमा करते हुए पिछले कई दिन से पड़ रही गर्मी से राहत दिलाई है। शाम तक खूब झमाझम बारिश हुई। बारिश थमने के बाद भी आसमान में बादल छाए रहे। ठंडी हवाएं चलती रहीं। वहीं रविवार को भी तापमान में गिरावट आई। रविवार को हुई सारा दिन बारिश से तापमान घटकर 27 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

बारिश ने आम जनमानस को जहां भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई, वहीं फसलों के फायदे से किसान भी खुश हैं। वहीं कृषि अधिकारी की माने तो इस सप्ताह पूरे मानसून बना रहेगा। बारिश के बाद कुछ स्थानों पर जलभराव के चलते जरूर आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया। शहर के बिजनौर मार्ग, आजाद रोड, कोट चौराहा, बसावन गंज, बड़ा बाजार, अतरासी चौराहा, टीपी नगर चौराहा, लकड़ा चौराहा पर जलभराव हो गया। इसके चलते गंदा पानी सड़क पर आ गया। राहगीरों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा।





हसनपुर में छाता लगाकर बारिश से बचने का प्रयास करते लोग। ● अमृत विचार

### धान की रोपाई शुरू

**हसनपुर, अमृत विचार :** लगातार एक सप्ताह से बारिश का सिलसिला लगातार चल रहा है। जिसके कारण नगरवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। बारिश के बाद क्षेत्र में धान की रोपाई शुरू हो गई। रविवार सुबह से शुरू हुई बारिश दिनभर होती रही। वहीं आसमान में भी काले बादल छाए रहे। ठंडी हवा चलने एवं हल्की बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। लगातार हो रही बारिश से तापमान में भी गिरावट आई है। बारिश होने के कारण किसानों के चेहरे पर भी खुशी झलक रही है। लगातार बारिश होने के कारण नगर के कुछ मोहल्ले में जल भराव की भी समस्या उत्पन्न हुई।

### बारिश के बाद बढ़ रहा गंगा का जलस्तर

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** पहाड़ी व मैदानी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र में गंगा का जलस्तर बढ़ने से निचले खेतों में पानी भर गया है। जिससे पशुओं का चारा लाने के लिए किसानों को परेशानी हो रही है। गंगा के जलस्तर में छह सेमी. प्रति घंटे बढ़ने का बात कही जा रही है। वहीं, बाढ़ खंड के जेई के मुताबिक फिलहाल गंगा के बढ़ते जलस्तर से राहत मिलने की भी संभावना नहीं है। केंद्रीय जल आयोग ने इस संबंध में जानकारी दी है। तेजी से बढ़ रहे गंगा के जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क है।

### बारिश के चलते बिजली आपूर्ति रही बंद

**अमरोहा, अमृत विचार :** रविवार को सुबह से हो रही बारिश के कारण विद्युत विभाग ने जलभराव को देखते हुए शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को कुछ समय के लिए बंद कर दिया। विद्युत वितरण खंड द्वितीय के एसडीओ राजकुमार मिश्रा ने बताया कि नगर में भारी बारिश होने के कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। नगर में जलभराव हो जाने पर कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया गया था। जिससे कि कोई बड़ा हादसा न हो सके। उन्होंने बताया कि नगर में कुछ स्थानों पर बारिश के दौरान फॉल्ट की समस्या उत्पन्न हो गई थी। जिसको तुरंत ठीक कर दिया गया। उधर, विद्युत वितरण खंड तृतीय के एसडीओ जीडी प्रजापति ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को बारिश के दौरान हादसे को रोकने के लिए बंद किया गया था। समय पर बिजली आपूर्ति को सुचारू भी किया गया। उन्होंने बताया कि सुबह से हो रही बारिश के कारण बिजली लाइन में फॉल्ट न हो एवं बिजली के खंभों पर करंट उतरने की संभावना बनी रहती है। इसलिए बिजली आपूर्ति को बंद किया गया था। उन्होंने बताया कि फाल्ट की समस्या कहीं भी उत्पन्न नहीं हुई। बाद में आपूर्ति को पूरी तरह से चालू कर दिया गया।



गजरौला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कालोनी में भरा पानी। ● अमृत विचार

# बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत, जलभराव से परेशानी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** रविवार को सातवें दिन बारिश का सिलसिला लगातार जारी रहा। पूरी रात रुक-रुककर बारिश होती रही। रविवार की सुबह भी बारिश के बीच हुई।

शनिवार आधी रात के बाद से रविवार की सुबह 10 बजे तक रुक-रुककर बारिश होती रही। फिर पूरे दिनभर आसमान में घने बादल छाए रहे। इससे मौसम सुहाना हो गया। बारिश होने से उमसभरी गर्मी से आमजन को बड़ी राहत मिली। बारिश से तापमान में गिरावट आई तो लोगों को गर्मी से राहत मिली। किसानों का कहना है कि बारिश फसलों के लिए संजीवनी बनकर आई है। बारिश के चलते क्षेत्र में धान की रोपाई में तेजी आई आएगी। शहर के कई क्षेत्रों में धान की रोपाई भी किसानों ने प्रारंभ कर दी। वहीं कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी एके मिश्र का कहना है कि बारिश से गन्ना, धान, हरा चारा समेत अन्य फसलों को फायदा मिला है। वहीं बारिश से सड़कों पर जलभराव होने से वाहन चालकों व शहर की सीएचसी कालोनी में जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बारिश से तापमान गिरा

**बुरावली, अमृत विचार :** लगातार हो रही कई दिनों से झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा बन गया है। गर्मी से भी लोगों को राहत मिल गई है। तापमान कम होने से कूलर और एसी का प्रयोग कम हो गया है। बारिश से तापमान में भी पिछले दिनों की तुलना में गिरावट आ गई है। रविवार सुबह बच्चों ने बारिश में नहाने का आनंद लिया। वहीं, लगातार की बारिश से गांव में जलभराव व कीचड़ से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।



आशूवाला में पानी के बीच पशुओं के लिए चारा लाते ग्रामीण।

# पहाड़ों पर बारिश होने से खादर क्षेत्र में आया पानी

संवाददाता, कैसरा

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में पहाड़ों पर लगातार बारिश होने से खादर क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में बाढ़ का पानी आ गया।

शनिवार सुबह हरिद्वार से गंगा में 72,812 क्यूसेक और बिजनौर बैराज से 26, 261 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिसके चलते खादर क्षेत्र के आसूं वाला विरामपुर मुकारमपुर, रमपुरा खादर, चादरा फार्म, जैथल शीशों वालों आदि गांवों में बाढ़ का पानी आने से गांव वालों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गांव वालों को पशुओं के लिए चारे की समस्या खड़ी हो गई है। सारे जंगल में पानी आने से फसल नष्ट होना का खतरा है। सरकारी विभाग के अधिकारियों ने सर्वे नहीं करा है ओर न ही कोई इन्तजाम है।

# निष्ठा से प्रयत्न करने पर अवश्य मिलेगी सफलता

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के तत्वावधान में प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले 450 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भगवान दक्ष प्रजापति की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन से हुआ।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार प्रजापति ने कहा कि विद्यार्थियों को खासकर इण्टर उत्तीर्ण करने के बाद कॅरियर सम्बंधी चयन करते समय बेहद सावधानी बरतनी चाहिए, उन्हें अपनी रूचि व क्षमता के साथ कॅरियर का चुनाव करना चाहिये। विशिष्ट अतिथि मुजफ्फरनगर में एडीजे कमलापति प्रजापति व बिजनौर में एडीजे विजेन्द्र कुमार प्रजापति ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा के साथ प्रयत्नशील रहें। एक दिन सफलता उनके कदम चूमेगी। राष्ट्रीय संयोजक श्योनाथ सिंह प्रजापति ने कहा कि हमारे समाज के लोग यह बात समझ लें कि शिक्षा ही समाज की उन्नति का आधार है। भले ही अपने जीवन यापन में कुछ परेशानियां झेल लें, लेकिन अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाएं। क्योंकि शिक्षा से ही उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।

समारोह को प्रमोद कुमार प्रजापति, जयभगवान प्रजापति, राजवीर सिंह प्रजापति, राम औतार प्रजापति, वीके वर्मा, सिपाही लाल, हरेन्द्र सिंह, हंसराज भोरिया, श्यामलाल प्रजापति, उमेश प्रजापति, नवनीत कुमार गोला, इन्द्रपाल गोला, जसपाल सिंह, कैलाश कुमार प्रजापति, सीमा रानी, मुन्नालाल प्रजापति, बालकराम प्रजापति, हेतराम सिंह सम्मिलित रहे। समारोह की अध्यक्षता डॉ. भूदेव प्रजापति व संचालन मदनपाल प्रजापति ने किया।



गजरौला में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के तत्वावधान में प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



हसनपुर में विधायक का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# विशिष्ट बीटीसी शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली पर विधायक का स्वागत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री द्वारा विशिष्ट बीटीसी 2004 के तहत हुई नियुक्तियों के मामले में पुरानी पेंशन बहाल करने पर सभी बेसिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रविवार को विधायक के आवास पर पहुंचकर महेंद्र सिंह खड़गवंशी का स्वागत किया।

विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने कहा की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो वादा शिक्षकों से किया था। वह वादा पूरा किया, जिसके लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लखमी सिंह, शाहनवाज, विवेक शर्मा, अखिलेश, मुनेश कुमार, पवन अग्रवाल, अमित गुप्ता, निशा, ऋतु पोल, किशलाल, कुलदीप कौर, मनोज शर्मा, इकबाल अहमद ,शहजाद अली, उज्जवल वर्मा, रमजान अली, कुंवर पाल सिंह, केपी सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

**आयोजन** अभियान के तहत सपा कार्यकर्ताओं ने लगाए पौधे, पर्यावरण का महत्व बताया

# नीम, पीपल एवं जामुन के पौधे रोपकर संरक्षण की शपथ ली

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर में पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने के लिए नगरवासियों को जागरूक किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाएं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश यादव के निर्देश पर एक जुलाई से सात जुलाई तक पीडीए पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पर्यावरण बचाने के लिए सपा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में पौधरोपण कर रहे हैं। इसी अभियान के अंतर्गत रविवार को समाजवादी पार्टी छात्र सभा के पूर्व नगर अध्यक्ष जैनुल आबिदीन खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा नगर स्थित हजरत साहब विलायत साहब दरगाह के कब्रिस्तान में नीम, पीपल एवं जामुन के पौधे लगाए और संरक्षण की शपथ ली। इसी के साथ सपा कार्यकर्ताओं ने नगर वासियों को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित भी किया। इस मौके पर बिलाल, अजीम, बबलू, आरिफ, आसिफ, समीर, राजा, ललित, बसु, इमरान, ओसामा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हसनपुर में पौधरोपण करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



पौधरोपण करते विमल यादव सहित अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### यादव महासभा ने जिले में कई जगह किया पौधरोपण

**अमरोहा, अमृत विचार :** अखिल भारतवर्ष यादव महासभा के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष विमल यादव की अध्यक्षता में श्रीराम किसान इंटर कॉलेज बादशाहपुर, हफीजपुर, पिलाकुण्ड, काजीपुरा सादात, नसीर नंगला, मखदूमपुर व रजजाकपुर में पौधरोपण किया। संगठन के जिला अध्यक्ष विमल यादव ने बताया प्रकृति पर संकट मंडरा रहा है। महासभा के प्रदेश महासचिव सन्तराम सिंह यादव ने बताया कि प्रकृति संरक्षण उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना जीवन में सांसों का है। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष सुखवीर सिंह यादव ने संकल्प दिलाया कि पृथ्वी और उसके प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा की पूरी कोशिश करेंगे। इस दौरान प्रधानाचार्य विजय सिंह यादव, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव, सन्तराम सिंह यादव, सुखवीर सिंह यादव, संजीव प्रकाश यादव, डॉ. राजवीर सिंह यादव, प्रबन्धक संजीव अनुराग यादव अरविंद यादव प्रधान, राजेंद्र सिंह, अरविंद यादव, अवनीश यादव, अशोक यादव, संजीव यादव, विवेक यादव रहे।

# खुशहाली के लिए यज्ञ में दी आहुति

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** आर्य समाज के तत्वावधान में यज्ञ में सभी की खुशहाली के लिए आहुतियां दी गईं। आर्य समाज के प्रधान अभय आर्य के जन्मदिन पर उनके दीर्घजीवी होने की मंगल कामना की गई। आर्यसमाज के उत्थान में उनके योगदान पर चर्चा की गई।

रविवार को आर्यसमाज की यज्ञशाला में आचार्य सोमेश शास्त्री के ब्रहमत्व में यज्ञ किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान विनय प्रकाश आर्य, तूलिका आर्य व अभय आर्य, मीना रानी व डॉ. गजेंद्र पाल सिंह, निशा अग्रवाल व कुंवर विनीत अग्रवाल रहे। यज्ञ में समाज और देश की खुशहाली के लिए आहुतियां दी गईं। इस अवसर पर मंत्री नत्थू सिंह, हेतराम सागर, विनय त्यागी, यशवंत सिंह, संजीव रस्तोगी, अनिल जग्गा, कुंवर विनीन अग्रवाल, सत्य प्रकाश खुराना, मुदित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, गौरव गोयल, कपिल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अनुज गोयल, तनुज गोयल, सचिन गोयल, डॉ. दीपक अग्रवाल, विवेक खंडेलवाल, रुचिन अग्रवाल, अंबर गोयल, राजीव यादव, रोहित गोयल, सतीश आर्य आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. जीपी सिंह ने किया।



अमरोहा में यज्ञ करते आर्य समाज के सदस्य। ● अमृत विचार

- आहुतियां देकर देश की खुशहाली की कामना की गई, आर्य समाज के संगठन पर चर्चा की

## एक नजर

### बेसिक स्कूलों में शिक्षकों की आज से ऑनलाइन लगेगी हाजिरी

**अमरोहा, अमृत विचार :** बेसिक स्कूल के शिक्षकों को सोमवार (आज से) ऑनलाइन हाजिरी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य परियोजना निदेशक के इस निर्देश से शिक्षकों में खलबली मच गई है। स्कूल आने और जाने के दौरान शिक्षकों की मनमानी पर अंकुश लगाने के साथ-साथ विद्यार्थियों की हाजिरी को भी ऑनलाइन दर्ज करने के भी आदेश दिए गए हैं। परियोजना निदेशक के यह आदेश आठ जुलाई से लागू हो जाएंगे। बीएसए डॉ. मोनिका ने बताया कि सोमवार से परिषदीय स्कूल के शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने होगी। उन्होंने बताया कि चेहरा पहचान प्रणाली की मदद से विद्यालय खुलने और बंद होने पर हाजिरी ऑनलाइन दर्ज करेंगे। बताया कि डिजिटल उपस्थिति पंजिका पर शिक्षक उपस्थित अंकित की जाने के लिए अग्रिम आदेश तक 30 मिनट का अतिरिक्त समय यानी साढ़े आठ बजे तक कारण सहित उल्लिखित करना होगा। बताया कि शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी के संबंध में राजकीय परियोजना निदेशक के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिस पर आज से अमल किया जा रहा है।

अमरोहा की खबरें पेज 11 पर भी।

# चालक को झपकी आने से कब्रिस्तान की दीवार से टकराया ट्रक, हेल्पर की मौत

## चालक घायल, शीशे लेकर हरिद्वार से रायपुर जा रहा था ट्रक

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** थाना सैदनगली में संभल मार्ग पर सैदनगली के नजदीक शीशे से लदा ट्रक चालक को नींद की झपकी आने से सड़क किनारे स्थित कब्रिस्तान की दीवार तोड़कर अंदर घुस गया। दुर्घटना में ट्रक चालक एवं हेल्पर घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान हेल्पर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

बता दें कि रविवार सुबह चार बजे संभल मार्ग पर कस्बा सैदनगली के नजदीक हरिद्वार से रायपुर जा रहा शीशे से लदा ट्रक चालक को नींद की झपकी आने से सड़क किनारे कब्रिस्तान की दीवार को तोड़कर अंदर घुस गया। जिससे चालक सलमान पुत्र रसीद तथा हेल्पर नदीम पुत्र रसीद निवासी मोहम्मद सराय रफी कस्बा व थाना चांदपुर (बिजनौर) गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके की आवाज सुन मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की सूचना पर जितेंद्र कुमार तथा जगपाल सिंह एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंच गए। एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


सैदनगली में क्षतिग्रस्त ट्रक। ● अमृत विचार

### ई-रिक्शा सवार दो लोग कार की टक्कर से घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गई। जिसमें ई-रिक्शा चालक समेत दो लोग घायल हो गए। शहर के मोहल्ला मायापुरी निवासी विपिन ई-रिक्शा चलाता है। वह रविवार सुबह चौपला से ई-रिक्शा में सवारी बैठाकर नाईपुरा जा रहा था। रास्ते में नेशनल हाईवे पर पीछे से तेज गति के साथ आई कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक विपिन और उसमें सवार यात्री सुरेश बरनवाल निवासी मोहल्ला सुल्तान नगर घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घायलों के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए थे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सऊदी में नौगांवा के युवक की हार्ट अटैक से मौत

**अमरोहा, अमृत विचार :** सऊदी अरब की ड्राई क्लीन कंपनी में काम करने वाले नौगांवा सादात के युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया। परिजनों ने शव को घर लाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुला तालाब में सरकार हैदर का परिवार रहता है। उसका 42 वर्षीय बेटा अली हैदर सऊदी अरब में ड्राई क्लीन कंपनी में काम करता था। परिवार में पत्नी हुरबानो और दो बच्चे हैं। वह फरवरी में घर आया था। इसके बाद वह दो महीना पहले सऊदी अरब वापस चला गया था। परिजनों ने बताया कि रविवार सुबह अली हैदर कंपनी में काम कर रहा था कि तभी अचानक उसे हार्ट अटैक आ गया।

कंपनी के लोग उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भी ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने अली हैदर को मृत घोषित कर दिया। अली हैदर की मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया। पत्नी का रोते-रोते बुरा हाल हो गया। मृतक के पिता सरकार हैदर ने बताया कि बेटे का शव घर लाने के लिए कागजी कार्रवाई शुरू कर दी है।


कालोनी में प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## कॉलोनी में गंदगी के विरोध में महिलाओं ने प्रदर्शन किया

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** मोहल्ला मानसरोवर कॉलोनी में पसरी गंदगी के विरोध में महिलाओं ने चेयरपर्सन व नगर पालिका परिषद के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं करने पर रोष जताया।

शहर के मोहल्ला मानसरोवर कॉलोनी में बीते कई माह से गंदगी पसरी है। सड़कों पर जलभराव के साथ ही कीचड़ जमा है। पानी की उचित निकासी नहीं होने के चलते समस्या लगातार गहरा रही है। मोहल्लेवासियों का कालोनी से निकलना तक मुश्किल है। रविवार की सुबह इसके विरोध में मोहल्ले की महिलाओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। मोहल्ले में विकास कार्य नहीं करवाने का आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत जिम्मेदार अफसरों से लगातार करने के बाद भी समाधान नहीं हो पाने की बात कही। गुस्साए मोहल्ले वालों ने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी। इस दौरान संजू रानी, कुसुम, अखलेश, रिया, सोनू, वैशाली, राजीव, सोनी, विनोद, किरन, गुड्डी, नेहा, नीरज, ब्रजवाला, कृपाल सिंह, नरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## निजी अस्पताल में महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**दुखद**
- महिला का निजी अस्पताल में दो दिन से चल रहा था उपचार
- पुलिस ने परिजनों को समझाकर कार्रवाई का आश्वासन दिया

**अमृत विचार :** जोया रोड पर स्थित निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाकर मामले को शांत किया और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

घटना थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के जोया-अमरोहा रोड स्थित निजी अस्पताल की है। पेनेशिया हॉस्पिटल में नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर गवरी निवासी नईम अहमद की पत्नी जीनत दो दिन से अस्पताल में भर्ती थी। जिसका इलाज चल रहा था। रविवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने महिला की मौत हो जाने पर चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर मिलते ही मौके पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझाकर मामले को शांत किया और निष्पक्ष कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि हंगामे की खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। लेकिन महिला के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### मां सती दया कौर की दौज पर हुआ भंडारा

**बुरावली, अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र के गांव हिरनौटा में रविवार को मां सती दया कौर की दौज पर भंडारे हुआ। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

रविवार सुबह से ही मां सती दया कौर की पूजा करने वालों की मंदिर परिसर में भीड़ जुटी रही। लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर ईश्वर से घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग चंद्रपाल सिंह खड़गवंशी, प्रदेश संगठन मंत्री भारतीय किसान यूनियन भूमि गजेंद्र विधूड़ी, डॉ. मिश्री, प्रधान यशवीर सिंह, अशोक राणा, सचिन विधूड़ी, बलवीर सिंह, सतपाल सिंह, सोनू राणा, जयपाल सिंह, बलजीत, योगेंद्र, अरविंद विधूड़ी, अजीत भड़ाना मंडल महासचिव भूमि, अनुज विधूड़ी, जीतपाल, सुरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, प्रमोद रहे।

## उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद हसनपुर के वार्ड नंबर 17 के उपचुनाव के मतदान के लिए ब्लॉक कार्यालय से एआरओ ने पोलिंग पार्टियों को रवाना किया।

हसनपुर नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 17 की प्रत्याशी की मतदान से पहले मृत्यु हो गई थी। जिसके कारण वार्ड 17 का सभासद पद रिक्त चल रहा था। शासन के निर्देश अनुसार रिक्त सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। सभासद पद के उप चुनाव मैदान में शाहीन कुरैशी, मेहाराज बेगम व मेहताब जहां तीन प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

रविवार को ब्लॉक कार्यालय से एआरओ रामबाबू द्वारा मतदान स्थल के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। रविवार को तीन पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया है। जिसमें से एक पोलिंग पार्टी बूथ नंबर 35 व दूसरी पार्टी बूथ नंबर 36 पर कार्य करेगी तथा तीसरी पोलिंग पार्टी रिजर्व में रहेगी। प्रशासन द्वारा मतदान की तैयारी कर ली गई है।

सोमवार सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान कराया जाएगा। पुलिस प्रशासन द्वारा मतदान स्थल की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एआरओ रामबाबू ने बताया कि सभासद पद के उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया है। सोमवार को मतदान कराया जाएगा।



हसनपुर में मतदान कराने के लिए जाती पोलिंग पार्टी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


मंडी धनौरा में पौधरोपण करते पालिकाध्यक्ष व वन रेंजर। ● अमृत विचार

### पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी : प्रवीण

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को क्षेत्र के गांव पत्थर कुटी स्थित प्राचीन शिव मंदिर के परिसर में वन रेंजर संजय चौधरी व पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने सभासदों व ग्रामीणों के साथ पौधरोपण किया। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने पौधरोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया। प्राचीन शिव मंदिर के परिसर में 11 पौधे लगाए गए। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए सभी को पौधरोपण करना होगा, जिससे की वायुमंडल शुद्ध रहे। रेंजर संजय चौधरी ने कहा कि पौधरोपण के साथ ही उनकी सुरक्षा का ध्यान देना बेहद जरूरी है। वन हमारी अमूल्य धरोहर है, इसकी सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। पर्यावरण संतुलित रहेगा तभी लोग सुरक्षित रहेंगे। 20 जुलाई से पूरे प्रदेश में 25 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इस दौरान वन दरोगा राजेश कुमार, रणवीर सिंह अनुराग चौधरी, विनोद कुमार, अशोक सैनी, तारा सिंह, तेजराम सैनी, गौरव अग्रवाल, राजू बादशाह, सुनील प्रजापति, दुलीचंद गिहार, नरेंद्र कटारिया सहित आदि मौजूद रहे।


बैठक करते विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विपिन शर्मा व अन्य पदाधिकारी।

### विश्व हिंदू परिषद की नगर कार्यकारिणी की बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार :** रविवार रात विश्व हिंदू परिषद हसनपुर नगर की मासिक बैठक मोहल्ला होली चौक आर्य समाज मंदिर में संपन्न हुई। जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई। बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विपिन शर्मा, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, बजरंग दल जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख शिवम वशिष्ठ, मंत्री अमित शर्मा, उपाध्यक्ष अनुराग शर्मा, अनिल शर्मा, दिनेश कुमार अग्रवाल, जय भोले, संदीप गुप्ता, सचिन गुप्ता, नन्हे सिंह सैनी, मुकेश गुप्ता, राहुल हिंदुस्तानी, वरुण अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, रामपाल सिंह, जगबीर सिंह मौर्य आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


मंडी धनौरा में मूर्ति स्थापना से पहले कलश यात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

## लक्ष्मी-नारायण की मूर्ति स्थापित की

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला टीचर कालोनी स्थित श्री नवदुर्गा शिव मंदिर में रविवार को पुरोहितों द्वारा विधि विधान से लक्ष्मी-नारायण, राधा-कृष्ण एवं राम दरबार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

इस अवसर पर मूर्तियों को भक्तों द्वारा नगर भ्रमण कराते हुए कलश यात्रा निकाली गई। भ्रमण के दौरान रथ के आगे भक्तजन नाचते गाते चल रहे थे।

वहीं नगर वासियों द्वारा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया। इसके पश्चात मन्दिर परिसर में हवन यज्ञ कर लक्ष्मी-नारायण, राधा-कृष्ण तथा राम दरबार की मूर्तियों की महाआरती की गई। वहीं इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रविंद्र अग्रवाल, नवीन दीक्षित, प्रदीप शर्मा, तरुण शर्मा, दीपक शर्मा, श्याम गर्ग, मनी, राजीव दिक्षित, साजन त्यागी, विशाल कौशिक, सौरभ शर्मा, सुधांशु शर्मा, बिट्टू, प्रिया अग्रवाल, सीमा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### प्रेमी के साथ गई युवती का वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव से प्रेमी के साथ गई युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें युवती मायके व ससुराल वालों पर धमकी देने का आरोप भी लगा रही है। साथ ही प्रेमी और अपनी जान को खतरा बताया है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह कह रही है कि उसने अपनी मर्जी से प्रेमी के साथ शादी कर ली है। वह उसके साथ खुशी से जिंदगी बिता रही है। उसका आरोप है कि उसके प्रेमी के घर के लोग उनको धमका रहे हैं। उसने यह भी बताया कि प्रेमी के घर वालों के साथ उसके मायके वालों से भी उन्हें अपनी जान का खतरा बना हुआ है। यदि उन्हें कुछ होता है तो इसकी सारी जिम्मेदारी मायके वाले व प्रेमी के घर वालों की होगी। युवती ने पुलिस अधीक्षक से मदद की गुहार लगाई है।

## हत्या मामले में दो नामजद व तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मंडी धनौरा

- शनिवार को फायरिंग में विजेंद्र की हो गई थी मौत

**अमृत विचार :** शनिवार देर शाम थाना क्षेत्र के गांव मलंगपुरा में पांच हमलावरों ने ग्रामीण के घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। जिसमें 46 वर्षीय विजेंद्र पुत्र लल्लू सिंह व पड़ोसी छत्रपाल सिंह पुत्र अमर सिंह के पेट में गोली लगी थी। जिसमें मौके पर ही विजेंद्र सिंह की मौत हो गई थी।

मृतक विजेंद्र के पुत्र अर्जुन ने थाने में तहरीर देकर दिनेश चौहान पुत्र सोरन चौहान व रकम सिंह पुत्र वीर सिंह निवासी गांव सिहाली थाना रामराज जनपद मुजफ्फरनगर सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दिनेश चौहान,र कम सिंह व तीन अज्ञात सहित सभी पांच आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की मौजूदगी में परिजनों द्वारा मृतक बिजेंद्र के शव का दाह संस्कार कर दिया गया। उधर, मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में मृतक के पुत्र अर्जुन की तहरीर पर दिनेश चौहान पुत्र सोरन चौहान, रकम सिंह पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम शियाली थाना रामराज जनपद मुजफ्फरनगर सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**कार्यक्रम** मोहर्रम की पहली तारीख से मजलिस, मर्सिया, नौहाख्वानी और मातम का सिलसिला शुरू होता है

# मुहर्रम का चांद नजर आते ही गम में डूब गया शिया समुदाय

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** शिया समुदाय मुहर्रम का चांद नजर आते ही गम में डूब गया। या हुसैन की सदाएं बुलन्द होने लगीं, इमामबारगाहों पर काले अलम लग गए। इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना मुहर्रम का होता है।

इसी महीने में नबी के नवासे हजरत इमाम हुसैन और 71 साथियों को जालिम यजीद ने कत्ल कर दिया था। आगाजे मुहर्रम का जुलूस पीर जी इमामबारगाह से बरामद हुआ। जिसमें काले अलम लिए हुए बच्चे और सभी अजादार काले कपड़े पहने हुए मातम करते चल रहे थे। जुलूस स्थानीय इमामबारगाहों से होता हुआ हुसैनी चौक से गुजरता हुआ दादे वाले इमामबारगाह आकर खत्म हुआ। जुलूस में नोहे रियाजुल हसन सुहैल अब्बास, नवाबुल हसन, हैदर अब्बास, मिसाल अब्बास आदि ने पढ़े।


सैदनगली में जुलूस में शामिल अजादार। ● अमृत विचार


उझारी में इमामबारगाहों पर लगे काले झंडे। ● अमृत विचार

### उझारी की अजादारी दूर-दूर तक मशहूर

**सैदनगली/उझारी, अमृत विचार :** नगर में अजादारी बड़े स्तर पर मनाई जाती है। पहली मोहर्रम से ही कार्यक्रम प्रारंभ हो जाते हैं। मोहर्रम की तैयारी में इमामबाड़ों, घरों एवं सड़कों पर काले झंडे लगा दिए गए हैं। नगर पंचायत उझारी में मोहर्रम का चांद नजर आते ही अजादारी का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है। मोहर्रम की पहली तारीख से ही मजलिस, मर्सिया, नौहाख्वानी और मातम का सिलसिला शुरू हो जाता है। अजादारी की तैयारी पहले से ही होने लगती है। जिसमें इमामबारगाहों की रंगाई-पुताई का काम होकर इमामबाड़ों, घरों एवं सड़कों पर काले एवं लाल झंडा लगा दिए जाते हैं। अजादारी के लिए युवा सऊदी अरब एवं ईरान आदि देशों से अपने काम छोड़कर आ जाते हैं। विशेष रूप से हजरत अब्बास का शबीहे ताबूत, सात मोहर्रम का जुलूस, 10 मोहर्रम का जुलूस एवं 12 मोहर्रम की शाबबेदारी में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। लोग कर्बला के शहीदों की याद में सबील लगाते हैं और खाने तकसीम करते हैं। कहने को तो नगर में शिया समुदाय का सिर्फ एक मोहल्ला है। जिसमें दो इमाम बारगाह बनी हैं। परंतु यहां पर 10 मोहर्रम को छह ताजिए उठते हैं। जिनमें दो ताजिऐ शिया समुदाय के लोग उठाते हैं और चार ताजिए सुन्नी समुदाय के लोग उठाते हैं। उझारी की अजादारी दूर दूर तक प्रसिद्ध है।


फरीदपुर में लेखपाल के साथ बैठे भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य।

## लेखपाल ने खतौनी की त्रुटियां ठीक कीं

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में संगठन के द्वारा महीनों से किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन व आंदोलन किये जा रहे हैं।

अब लेखपालों को गांवों में भेजकर इन त्रुटियों को सही कराया जा रहा है। चौधरी दिवाकर सिंह ने बताया कि अमरोहा तहसील में उनके पैतृक गांव फरीदपुर में रविवार को लेखपाल प्रियांशु यादव पहुंचे और ग्राम वासियों को खतौनी पढ़कर सुनाई गई है। किसानों की खतौनियों में दर्ज त्रुटियों को मौके पर सही कराते हुए मृतकों की विरासत भी दर्ज की। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश पर इस कार्य से किसानों का समय बचा है। इस दौरान मनजीत सिंह, राजवीर सिंह, खेमपाल सिंह, रामकिशन सिंह, महेंद्र सिंह, वीर सिंह, शीशपाल सिंह, शुभाष, मनदीप सिंह, ओमपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, जन्म सिंह, एकम सिंह, छतर सिंह, पवन सिंह, जयपाल सिंह, गोयल सिंह, इंदल सिंह, मुकेश व दिनेश रहे।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan | Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने आशियाना फेस- 1
24 घन्टे सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

## एक नजर

### आज जनपद दौरे पर आएंगे प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह

**बहजोई,अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह सोमवार को जनपद के दौरे पर आएंगे। वह संभल के निरीक्षण भवन में दोपहर 3 के लगभग पौधरोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद जिले के विकास एवं सुरक्षा से संबंधित निराश्रित गोवंश को गोशाला में पहुंचाने तथा बरसात से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था, टीकाकरण बाढ़ से बचाव के लिए व्यवस्था को लेकर जनपद के अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे। शाम साढ़े चार बजे प्रभारी मंत्री प्रेस वार्ता करेंगे।

### महिला की हत्या के दो और आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के भोज राजपुर गांव में महिला की हत्या के मामले में दो और लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक महिला सहित तीन की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। भोजराजपुर में 16 जून को माया देवी नाम की महिला की हत्या की गई थी। परिजनों ने गांव के ही हरेंद्र, छोटे, नर्सी, सतीश व कुंवरपाल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था जबकि पुलिस ने खुलासा किया तो पता चला कि फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# अस्पताल में प्लास्टिक की बोतल के प्रयोग पर प्रतिबंध

## रविवार सुबह 8 बजे जिला अस्पताल पहुंचे डीएम, साफ सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी, धूम्रपान पर जुर्माना लगेगा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया रविवार को सुबह 8 बजे अचानक जिला अस्पताल पहुंचे तो स्टाफ में अफरातफरी मच गई। जिलाधिकारी ने विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई देखी। सफाई को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए संस्था के सुपरवाइजर को तीन दिन में बेहतर साफ सफाई की हिदायत दी। जिलाधिकारी ने अस्पताल में प्लास्टिक बोतल प्रयोग को प्रतिबंधित करते हुए गुटखा, पान, बीड़ी के सेवन करने वालों पर जुर्माना लगाने का नियम लागू किया।

रविवार सुबह अचानक जिला अस्पताल पहुंचकर जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने निरीक्षण शुरू किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में ओपीडी, एमएनसीयू वार्ड, केएमसी, सीटी स्कैन, ऑक्सीजन प्लांट तथा ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण किया। ऑपरेशन थियेटर में उपकरण, फोकस लाइट आदि का निरीक्षण करते हुए जरूरी निर्देश दिए। रक्तदान कक्ष का भी हाल जाना और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने को कहा। जिलाधिकारी ने अस्पताल की साफ सफाई पर नाराजगी जाहिर की। साफ सफाई की जिम्मेदारी संभाल रही एजेंसी ऑल ग्लोबल सर्विसेज के सुपरवाइजर अंकित को तीन दिन के अंदर अस्पताल की अच्छे से साफ सफाई कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अस्पताल में प्लास्टिक बोतल प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अस्पताल में प्रवेश करने वाले व्यक्ति गुटखा, पान, तंबाकू, बीड़ी का सेवन करते हुए मिलते हैं। ऐसे लोग आएं तो उनके ऊपर 200 रुपये जुर्माना लगाकर रसीद काटी जाए। भविष्य में ऐसे पदार्थों को बाहर गार्ड ले लेंगे ताकि अंदर सफाई व्यवस्था अच्छी बनी रहेगी। 200 रुपये जुर्माने का नियम स्टाफ, सफाई कर्मियों और बाहर से आने वाले लोगों पर लागू होगा।



जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया।

### प्रदेश का बेस्ट अस्पताल बनाने का होगा काम

**संभल, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि एजेंसी की सफाई सुबह छह बजे शुरू होनी चाहिए लेकिन रविवार को सवा आठ बजे तक सफाई शुरू नहीं की थी। समय से और अच्छे से सफाई करने के निर्देश दिए गए। कुछ रजिस्टर अपडेट नहीं मिले। अस्पताल को पूरे प्रदेश का बेस्ट अस्पताल बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी संचारी रोग एवं दस्तक अभियान का महीना चल रहा है। लगातार तीन महीने तक प्रतिदिन आधा घंटे पूरे स्वास्थ्य विभाग की निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि संभल को न केवल मुरादाबाद मंडल बल्कि पूरे प्रदेश के अंदर अच्छी स्थिति में आ जाए।

### स्थानांतरित चिकित्सकों की जानकारी देकर करें रिलीव

**संभल, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा चिकित्सकों एवं कार्मिकों के स्थानांतरण अगर होते हैं तो उनके संज्ञान में लाते हुए संबंधित को रिलीव किया जाए। ब्रेकडाउन रजिस्टर चेक करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि रजिस्टर के अंतर्गत जो उपकरण खराब हैं, उन्हें रजिस्टर में लाल स्याही से अंकित किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, सीएमएस डॉ. वीर सिंह, डॉ. गीता अग्रवाल, डॉ.निर्मल सिंह, फैसिलिटी मैनेजर डॉ.जया कौशल आदि रहे।



पेट्रोल पंप पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम डॉ. राजेन्द्र पैंसिया। ● अमृत विचार

# पेट्रोल पंपों पर देखीं जन सुविधाएं शौचालयों की सफाई के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने संभल में तीन पेट्रोल पंपों का निरीक्षण करते हुए सार्वजनिक सुविधाओं को देखा। शौचालयों की साफ सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिए।

रविवार को जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने लाडम सराय में स्थित आमिर फिलिंग स्टेशन, रिलायंस पेट्रोल एवं हरचरण दास रामचरण दास पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। पेट्रोल पंपों पर सार्वजनिक सुविधाओं, शौचालयों का हाल देखा। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंपों के शौचालयों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि आम जनमानस को सार्वजनिक जन सुविधाएं उपलब्ध कराना पेट्रोल पंप स्वामियों का दायित्व है। पेट्रोल पंप स्वामी इस पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने कहा कि सामाजिक सहभागिता से जनपद को एक साफ स्वच्छ जनपद बनाना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग आदि रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में महिला की मौत, युवक गंभीर घायल

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में सैमला-गुन्नौर संपर्क मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर में महिला की मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा तब हुआ जब महिला भतीजे के साथ उसके बेटे के मुंडन संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रही थी। महिला की मौत से परिवार की खुशी मातम में बदल गईं।



प्रेमवती (फाइल फोटो)

कोतवाली क्षेत्र के गांव सैमला गुन्नौर निवासी पप्पू के बेटे का रविवार को गंगाघाट पर मुंडन संस्कार होना था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पप्पू पड़ोसी गांव नदरौली निवासी बुआ प्रेमवती (40 वर्ष) पत्नी कल्यान उर्फ लाल सिंह को साथ लेकर बाइक से गांव लौट रहा था। शनिवार को देर रात 11 बजे जैसे ही बाइक सवार गांव अकबरपुर मोड़ पर पहुंचे तो सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में प्रेमवती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक पर सवार बदायूं जिले के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी दुर्गेश पुत्र राम अवतार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही कोतवाल विनीत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया की गई। सीएचसी से घायल दुर्गेश को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया।

### शिक्षक काली पट्टी बांधकर आज से करेंगे ऑनलाइन हाजिरी का विरोध

**बहजोई, अमृत विचार :** ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों ने विरोध का बिगुल फूंक दिया है। सोमवार से विभिन्न संगठनों के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन हाजिरी के विरोध करने का एलान किया है।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर बेसिक शिक्षक 8 जुलाई से 14 जुलाई तक ऑनलाइन डिजिटल उपस्थिति के विरोध में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। जिला महामंत्री नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि इस पर प्रशासन की नींद नहीं खुलती है तो 15 जुलाई को डीएम के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया जायेगा। उधर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयोजक विकास यादव ने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षक सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को देंगे।

# विपक्ष ने दलित व पिछड़ों को किया भ्रमित

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी असमोली विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सम्मेलन में पार्टी के कार्यकर्ताओं व मतदाताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान कहा गया कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने दलित व पिछड़े मतदाताओं को भ्रमित किया।

कुरकावली में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं व मतदाताओं को भाजपा का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। भाजपा के बूथ पर खड़े रहने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी द्वारा फैलाए गए भ्रम के बारे में बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि विपक्ष ने आज़ादी के बाद से लगातार भारतीय संविधान को तार तार किया है। विपक्ष ने संविधान की किताब दिखाकर दलित पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं के साथ के भद्दा मजाक किया है। दलित व पिछड़ा वर्ग के लोग जानते हैं कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से संविधान की रक्षा करने में आगे आई है। भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी रहे परमेश्वर लाल सैनी ने सभी का धन्यवाद करते हुए लगातार कंधे से कन्धा मिलाकर चलने की बात कही।




भाजपा के सम्मेलन को संबोधित करते जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

- भाजपा के असमोली विधानसभा मतदाता सम्मेलन में जताया मतदाताओं का आभार

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र त्यागी, विपिन गुप्ता, ब्लाक प्रमुख कुलदीप सिंह, संतोष देवी, मंडल अध्यक्ष अवधेश प्रताप राघव, सौरभ त्यागी, नेत्रपाल यादव, जयपाल सिंह, गन्ना समिति डायरेक्टर गौरव चाहल, ग्राम प्रधान गिरीराज सिंह राहुल त्यागी, चंद्रसेन राणा, जिला महामंत्री युवा मोर्चा सोनू चाहल, धर्मदत्त जाटव, प्रवीन सिंह, आदि उपस्थित रहे। संचालन हरिओम शर्मा ने किया।

## सार संक्षेप

### आरोग्य मेले में 2807 मरीजों का निःशुल्क उपचार

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे 156वें मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2807 मरीजों का नि:शुल्क उपचार हुआ जबकि 215 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। रविवार को स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे स्वास्थ्य मेले में 38 चिकित्सकों एवं 107 पैरा मेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। मेले में 1102 पुरुषों, 976 महिलाओं और 729 बच्चों का नि:शुल्क उपचार हुआ। आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत 215 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श व परिवार नियोजन संबंधी सामग्री के लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था रही। आयुष विभाग के चिकित्सकों ने सहयोग किया। आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरन्नुम रजा, जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया।



रोगियों का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी।



पुलिस लाइन मैदान पर पौधरोपण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### पौधरोपण कर दिया आमजन को हरियाली का संदेश

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम एसपी ने वृहद पौधरोपण अभियान के तहत नवीन पुलिस लाइन पर पौधरोपण कर आमजन को हरियाली का संदेश दिया। नवीन पुलिस लाइन पर डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कुलदीप सिंह ने विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। डीएम ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का अमूल्य हिस्सा हैं। वह हमें ऑक्सीजन के जरिए जीवन देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार साल दर साल धरा का तापमान बढ रहा है और लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड रहा है। उसको दूर करने के लिए लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। एएसपी अनुकृति शर्मा व श्रीशचंद्र सहित जनपद के सीओ व पुलिसकर्मियों ने भी पौधरोपण किया।

### स्वामी विवेकानंद से मिलती है चरित्रवान बनने की प्रेरणा

**बहजोई, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहजोई नगर विद्यार्थी विभाग द्वारा विचार गोष्ठी में स्वामी विवेकानंद के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विद्यार्थी विभाग द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता जिला संघचालक अनिल शास्त्री व लव कुमार शर्मा द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रचलित कर किया। अनिल शास्त्री ने विवेकानंद के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद से हम सबको चरित्रवान बनने की शिक्षा मिलती है। बहजोई नगर के नगर कार्यवाह लव कुमार शर्मा ने बताया कि विचार गोष्ठी के आयोजन के पीछे यह तात्पर्य है कि विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति वही भाव जागृत हो जो हिंदू समाज में देवताओं के प्रति होता है। इस दौरान जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सतीश चंद्र शर्मा, विद्यार्थी प्रमुख रोहित, विशाल, प्रशांत, जोगेंद्र, आकाश, ध्रुव, कुलदीप, कृष्णा, कौशल, जागेंद्र, देवेश, जागेंद्र आदि मौजूद रहे।



राजघाट गंगा तट पर मुंडन के दौरान अनुष्ठान कराता परिवार। ● अमृत विचार

### मुंडन कराने के लिए गंगा घाटों पर उमड़े श्रद्धालु

**संभल/ बबराला, अमृत विचार :** जनपद के प्रमुख गंगा घाटों पर रविवार को मुंडन संस्कार के लिए सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी थी। लोगों ने अपने-अपने बच्चों का हिंदू रीति-रिवाज से मुंडन संस्कार कराया। इस मौके पर ढोलक की थाप पर महिलाओं के पारंपरिक गीत - संगीत तथा गाजे- बाजे से गंगा घाट गुलजार रहे। वाहनों की भीड़ से घाट तक आने-जाने वाले मार्गों पर जाम जैसे हालात रहे। मुंडन संस्कार के लिए राजघाट गंगा घाट, असदपुर घाट, साधु मढ़ी घाट और सिसौना डांडा घाट सहित अन्य घाटों पर भोर से ही मुंडन संस्कार के लिए भीड़ एकत्रित हो गई। वाहनों की भीड़ और वाहनों के बेतरतीब खड़े होने के कारण घाटों तक आने-जाने वाले रास्तों पर आवागमन बाधित रहा। राजघाट गंगा तट पर दोपहर तक मुंडन संस्कार कराने वालों का जमावड़ा लगा रहा। ब्राह्मणों व नाइयों द्वारा विधिवत मुंडन कार्य संपन्न कराया गया।

### काजी हाउस में गाय का स्वास्थ्य खराब

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर में स्थित काजी हाउस का रविवार को अधिशासी अधिकारी डॉ.मणि भूषण तिवारी के निर्देश पर पालिका कर्मचारियों ने जायजा लिया। वहां केयरटेकर ह्रदेश की उपस्थिति में एक गाय का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की जानकारी मिली। जिसके बाद पशु चिकित्सक डॉ.राजपाल सिंह को जानकारी दी गई। जिसके बाद गाय के उपचार के लिए कदम बढ़े। काजी हाउस में भूसा, हरा चारा, पेयजल एवं साफ सफाई की व्यवस्था सही मिली।

# त्योहारों को लेकर तैयारी पूरी करें थाना प्रभारी

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की । बैठक में एसपी ने महिला अपराधों में तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए तो वहीं पुरस्कार घोषित अपराधियों की अभियान चला कर गिरफ्तारी करने की बात कही।

कावड़ यात्रा व मोहर्रम तोहार की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित बैठक में एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने 2 वर्षीय तुलनात्मक स्थिति की समीक्षा करते हुए हत्या, लूट, डकैती, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं व खुलासे को लेकर समीक्षा की। एसपी ने कहा कि सभी थाना प्रभारी वांछित अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करें। जो अपराधी पुरस्कार घोषित हैं, फरार चल रहे हैं अभियान चलाकर उनकी गिरफ्तारी की जाए। एसपी ने आगामी त्योहार मोहर्रम व कावड़ यात्रा की तैयारी की समीक्षा की। कहा कि कावड़ यात्रा के मार्गों का पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारी स्थलीय निरीक्षण करें जो भी समस्याएं आ रही हैं उन समस्याओं का निस्तारण करें। वहीं मोहर्रम को लेकर भी एसपी ने निर्देश दिए। सैनिक सम्मेलन में एसपी ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। निस्तारण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा, एएसपी उत्तरी श्रीश्चंद्र के अलावा सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे।



बैठक लेते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत। ● अमृत विचार

- एसपी ने जनपद के थाना प्रभारियों के साथ की अपराध समीक्षा बैठक

### सिपाही की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**बहजोई, अमृत विचार :** बीमारी से ग्रसित चल रहे पुलिस लाइन में तैनात सिपाही की मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सिपाही एक महीने से बीमारी से जूझ रहा था।

पुलिस लाइन में तैनात सिपाही जनपद मेरठ के थाना किठौर के गांव फतेहपुर नारायण निवासी सिपाही रामकुमार पुत्र प्यारेलाल लगभग एक महीने से बीमार चल रहे थे। उन्हें उपचार के लिए परिजनों ने मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत में सुधार नहीं हो पाया था। उनकी हालत में सुधार नहीं होने के चलते लगातार वह वेंटिलेटर पर चल रहे थे। रविवार की सुबह उपचार के दौरान सिपाही की मौत हो गई। सिपाही की मौत की खबर परिजनों ने जनपद पुलिस को दी है। प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि सिपाही रामकुमार की मौत की खबर परिजनों द्वारा दी गई।



बैठक करते अधिशासी अधिकारी डॉ.मणिभूषण तिवारी। ● अमृत विचार

## वसूली में पिछड़े पांच कर समाहर्ताओं को चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ.मणिभूषण तिवारी ने विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर गृह विभाग में लक्ष्य से कम वसूली करने पर कर समाहर्ताओं (टैक्स कलक्टर) बहादुर सिंह, देवेंद्र कुमार, इजराईल, मुकेश कुमार और नवेद को शतप्रतिशत वसूली न करने और कार्य में निरंतर लापरवाही बरतने पर चेतावनी दी। राजस्व निरीक्षक राजेश यादव को वसूली स्टाफ पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए।

बैठक में अधिशासी अधिकारी ने सफाई निरीक्षक आसिफ अली को निर्देश दिए कि सफाई नायक अपनी बीट एवं मस्टरोल के साथ फील्ड में रहें। इसके उल्लंघन पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।

कहा कि मार्गों पर सफाई के दौरान सफाई कर्मचारी पूर्ण ड्रेस में रहेंगे। जल्द ही डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं उसके सापेक्ष यूजर चार्जेज की समीक्षा की जाए। प्रकाश निरीक्षक महीपाल सिंह को प्रकाश की व्यवस्था दुरुस्त करने और तिरंगा लाइटों से सजाने के निर्देश दिए।

**आयोजन** बरसात और टूटा रास्ता भी नहीं डिगा पाया श्रद्धालुओं का हौसला, भाजपा नेता ने ट्रैक्टर चलाकर पूरी कराई परिक्रमा

# परंपरागत तरीके से पूर्ण हुई 24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** कीचड़ भरा और टूटा रास्ता ऊपर से बरसात लेकिन ऐतिहासिक संभल परिक्रमा यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं के हौसले पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। खराब रास्ते की वजह से इस बार श्रद्धालु ट्रैक्टरों पर सवार होकर 24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा यात्रा पर निकले। टूटे रास्ते पर कई जगह ट्रैक्टर कीचड़ में फंसा लेकिन भगवान कल्कि के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु हर परेशानी का सामना करते हुए आगे बढ़ते रहे।

24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा समिति की ओर से प्रत्येक माह के पहले रविवार को तीर्थ परिक्रमा निकाली जाती है। कई दिन से लगातार हो रही बरसात और कच्चा मार्ग खराब हो जाने की वजह से सवाल खड़ा हो रहा था कि इस बार परिक्रमा यात्रा कैसे पूरी होगी। रविवार को श्रद्धालु आदमपुर मार्ग पर स्थित प्राचीन श्री वंशगोपाल तीर्थ पर जुटे। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ परिक्रमा शुरू की। बारिश में परिक्रमा मार्ग खराब होने के कारण दिक्कतें सामने आईं तो भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने ट्रैक्टर का स्टेरिंग थाम लिया। उन्होंने ट्रैक्टर के जरिये श्रद्धालुओं को परिक्रमा मार्ग पर आगे बढ़ाया। परिक्रमा मार्ग पर रास्ते के तीर्थ मंदिरों पर पूजा अर्चना के बाद वापस वंशगोपाल तीर्थ पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ परिक्रमा यात्रा पूर्ण की। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से परिक्रमा मार्ग को बनवाने की गुहार लगाई ताकि अगले महीने इस तरह की समस्या सामने न आने पाए। इस दौरान राजकुमार शर्मा, गणेश शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता, मुकेश शर्मा, जसपाल सिंह, रामकिशन ठकराल, यशपाल आदि रहे।




बरसात से टूटे रास्ते में फंसा परिक्रमा यात्रियों का ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

### कई जगह कीचड़ में फंसा ट्रैक्टर

**संभल, अमृत विचार :** कुछ माह पहले ही मिट्टी से कच्चा परिक्रमा मार्ग बनवाया गया था लेकिन बरसात में यह मार्ग कई जगह टूट गया जबकि मार्ग पर पसरी कीचड़ पर वाहन निकालना बेहद मुश्किल हो रहा है। इसी वजह से इस बार ट्रैक्टर पर सवार होकर यात्रा का फैसला लिया गया था। कई जगह सड़क पूरी तरह टूट जाने से इतनी कीचड़ थी कि उसमें ट्रैक्टर भी फंस गया। यहां श्रद्धालुओं ने मशक्कत कर ट्रैक्टर को कीचड़ से निकाला।

> कुछ माह पहले जिला प्रशासन के साथ मिलकर संभल परिक्रमा मार्ग पर मिट्टी डलवाकर कच्चा रास्ता तैयार कराया गया था। अब बरसात में यह रास्ता खराब हो गया है। शासन स्तर पर पक्के परिक्रमा मार्ग निर्माण के लिए प्रयास किया जा रहा है। पिछले सप्ताह उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से इस मामले पर बात हुई है। उम्मीद है जल्द ही परिक्रमा मार्ग निर्माण को मंजूरी मिल जायेगी।
>
> -राजेश सिंघल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा

### प्रेमी से शादी करने थाने पहुंची युवती

**संभल/गुन्नौर, अमृत विचार:** प्रेम प्रसंग के दौरान गांव के युवक ने प्रेमिका से शादी का वादा किया लेकिन बाद में मुकर गया। युवती को इंसाफ दिलाने के लिए पंचायत हुई लेकिन कोई हल नहीं निकल पाया। इसके बाद युवती ने थाने पहुंचकर गुहार लगाई है।

गुन्नौर तहसील क्षेत्र अन्तर्गत जुनावई थाना इलाके के गांव की रहने वाली युवती की गांव के ही युवक से प्रेम करती थी। दो साल तक दोनों छिपकर मुलाकातें करते रहे। अब युवती ने युवक से शादी की बात कही तो उसने टालना शुरु कर दिया। युवती को लगा कि युवक उसे धोखा दे रहा है तो युवती ने हंगामा कर दिया। युवती प्रेमी युवक के घर जा पहुंची इसके बाद गांव भर में बात फैली तो पंचायत बैठ गई। युवती ने साफ कर दिया कि प्रेमी से शादी के अलावा कोई फैसला मंजूर नहीं। पंचायत इंसाफ नहीं दे पाई तो युवती ने जुनावई थाने में युवक के खिलाफ तहरीर दे दी।

## एक नजर

### खम्भे में उतरे करंट से बालिका की मौत



**बबराला, अमृत विचार :** यारा फर्टिलाइजर के सामने गांव पतारी की मढ़ैया में बिजली के खम्भे में उतरे करंट की चपेट में आकर बालिका की मौत हो गई। गांव पतारी की मढ़ैया निवासी देवराज सिंह और उसकी पत्नी रविवार को खेत पर गए थे। घर में छह वर्षीय बेटी स्वाति अकेली थी। देवराज के घर के आगे बिजली का खम्भा खड़ा है। जैसे ही स्वाति घर से बाहर निकली तो बिजली के खम्भे के पास पहुंचने पर करंट लग गया। स्वाति को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आम के बाग में पेड़ से गिरकर बालक हुआ घायल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा निवासी महेश कुमार का 11 वर्षीय बेटा अमित रविवार को अपने साथियों के साथ गांव चंदूनगला मार्ग पर बाग में आम तोड़ने गया था। पेड़ पर चढ़ते समय अमित का पैर फिसल गया। जिससे अमित नीचे गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया।

# बरसात में गिरी चार मकानों की छत, मलबे में पशु दबा

## परिजनों ने भागकर बचाई अपनी जान, असमोली और पंवासा विकासखंड क्षेत्र में हुई घटनाएं, कोई व्यक्ति हताहत नहीं

संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली विकासखंड क्षेत्र में दीवार गिरने से मकान के लिंटर का कुछ हिस्सा गिर गया तो पंवासा विकासखंड क्षेत्र में दो मकानों की कच्ची छत गिरने से मलबे में पशु दब गया। संभल के मुहल्ला हातिम सराय में भी एक मकान की छत गिर गई। मकान स्वामी ने भाग कर जान बचाई।

तहसील क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद निवासी सगे भाई नौशाद अली व परवेज गांव के बाहरी छोर पर जंगल के पास बने एक ही मकान में रहते हैं। बरसात के दौरान मकान की दीवार गिर गई। दीवार के गिरते ही लिंटर भी गिरने लगा। लिंटर के नीचे बैठे नौशाद अली व परवेज समय रहते घर के अन्य सदस्यों सहित दौड़ कर बाहर आ गए। दूसरी ओर फतेहपुर उतमा निवासी रामपाल व छोटेलाल के मकानों की भी बरसात में कच्ची छत गिर गई। जिसमें छत के मलबे में दबकर कमरे में बंधी छोटेलाल की भैंस दब गई। सूचना पर पंवासा विकासखंड के ग्राम पंचायत सचिव आकाश बाबू मौके पर पहुंचे और जांच की। मुहल्ला हातिमसराय निवासी महेश कुमार निगम शनिवार की रात घर के अंदर बैठे हुए थे। अचानक से मकान के छत की लकड़ी टूटकर मलबा गिरने लगा। छत गिरती देखकर महेश कुमार निगम ने घर से बाहर निकलकर जान बचाई।



बरसात से गिरी मकान की छत व दीवार। ● अमृत विचार



हातिमसराय में बारिश से गिरा मकान। ● अमृत विचार



साप्ताहिक बाजार के मैदान में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

### बंद मकान की दीवार बारिश में गिरी

**संभल, अमृत विचार :** संभल के मुहल्ला नाला निवासी राशिद व शाहिद सगे भाई मकान जर्जर होने की वजह से उसमें ताला लगाकर मुहल्ला कोट गर्वी में किराए पर रहते हैं। शनिवार की शाम बारिश में मकान की एक दीवार गिर गई। जिसका आधा मलबा खाली पड़ी जगह और आधा मार्ग पर गिर गया। गनीमत रही कि जिस समय दीवार गिरी उस समय रास्ते से कोई गुजर नहीं रहा था। वरना हादसा हो जाता।

### तालाब बना बाजार का मैदान

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा में साप्ताहिक बाजार का मैदान बरसात से तालाब बन गया है। आज सोमवार को यहां साप्ताहिक बाजार भी लगनी है। कस्बा रजपुरा में सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। सब्जी व फुटकर विक्रेता अपनी दुकानें लगाते हैं। विकास खंड क्षेत्र के लोग इसी बाजार से अपनी जरूरत का सप्ताह भर का सामान खरीदकर ले जाते हैं। कई दिनों से हो रही बारिश के कारण साप्ताहिक बाजार के स्थान में करीब 2-2 फिट पानी भर गया है। पूरे मैदान में जलभराव होने के चलते बाजार कैसे लगेगी। दुकानदारों के साथ-साथ लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

### बारिश का सिलसिला जारी रहा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रविवार को भी सुबह से दोपहर तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। नौकरीपेशा और जरुरतमंद लोग ही घर से निकले और अपने जरुरी कामकाज निपटा कर घरों की ओर रुख किया। हालांकि गर्मी से राहत मिली है। आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और जम कर बरस रहे हैं। रविवार को सुबह नौ बजे के बाद बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। दोपहर एक बजे के बाद तक बारिश होती रही इसके बाद हल्की धूप भी निकली लेकिन कुछ देर ही रही। शाम छह बजे से रिमझिम बारिश का सिलसिला फिर से शुरु हो गया। रिमझिम बारिश से बचाव के लिए लोग छाता लेकर घर से निकले। फिलहाल बाजार में भी चहल पहल कम नजर आयी।

## टपकने लगे मकानों के लिंटर, लोगों में चिंता

**संभल, अमृत विचार :** कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते अब लोगों में चिंता का माहौल बनने लगा है क्योंकि तमाम मकानों के लिंटर भी टपकने लगे हैं। लोगों को किसी हादसे का अंदेशा सता रहा है। वह बारिश रुकने की प्रार्थना करने लगे हैं। हालांकि रविवार को भी रिमझिम बारिश होने से मौसम सुहाना रहा तो लोगों को राहत भी मिली। दिन-रात हो रही बारिश के दौरान शहर से लेकर देहात तक मकान, छतें और दीवारें गिरने के कई हादसे सामने आ चुके हैं। कच्चे मकानों की बात तो छोड़िये अब पक्के मकानों के लिंटर भी जगह-जगह से टपक रहे हैं तो लोगों में चिंतित हैं। कहीं कोई हादसा न हो जाए । इस आशंका के चलते लोग ऊपरवाले से प्रार्थना कर रहे हैं। इस बीच रविवार को भी सुबह से लेकर शाम तक कई बार बारिश हुई। दोपहर में मौसम साफ होने की तरफ बढ़ा लेकिन फिर बारिश होने लगी। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में बारिश के चलते लोगों ने राहत महसूस की।

# हाइवे पर बने गड्ढे दे रहे हादसों को न्योता

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** बदायूं चुंगी के निकट सिंचाई विभाग के बाहर नाले नहीं होने से मुरादाबाद रोड पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है। बारिश का पानी भरने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। लोगों की शिकायत पर नगर पालिका से पंप लगाकर हाइवे पर भरे पानी को निकाला गया। मगर शनिवार व रविवार को हुई बारिश के बाद फिर से हाइवे पर जलभराव हो गया। जिससे आवागमन में वाहन चालकों को परेशानी हुई।

मुरादाबाद मार्ग स्थित सिंचाई विभाग के बाहर नाले का निर्माण नहीं कराया गया है। आसपास कालोनी से निकलने वाला पानी कच्चे नाले के माध्यम से बदायूं चुंगी की ओर आता है। कुछ दिन से लगातार हो रही बारिश से सिंचाई विभाग कार्यालय के आगे मुरादाबाद हाइवे पर जलभराव हो गया था। जिससे वाहनों की आवाजाही बनी रहने से सड़क क्षतिग्रस्त होती चली गई है। जिससे हाइवे पर गहरे-गहरे गड्ढे बन गए हैं। जलभराव के बीच गुजरने पर बाइक सवार गड्ढे में पहिया जाने पर गिर कर चुटैल होने लगे। कुछ लोगों ने नगर पालिका से शिकायत की, तो पंप सेट लगाकर हाइवे पर पानी को हटाने का कार्य आरंभ कर दिया गया। बहरहाल जलभराव से हाइवे पर बने गड्ढे से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



चन्दौसी के बदायूं चुंगी पर सड़क पर गड्ढों से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

- नगर पालिकाकर्मियों ने पंप सेट लगाकर हाइवे से निकाला पानी

## भैंस की टक्कर से महिला की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** एक वाहन पर चढ़ाते समय छूटकर एक भैंस भागने लगी। उसकी टक्कर लगने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया है।

मामला मूसाझाग थाना अंतर्गत गिधौल गांव का है। वहां की राजेश्वरी (28) पत्नी प्रमोद शनिवार सुबह 11 बजे खेत से चारा काटकर ला रही थीं। उसी समय ककराला के कुछ पशु व्यापारी उनके गांव से एक भैंस खरीदकर उसे एक वाहन पर चढ़ा रहे थे। तभी भैंस उनसे छूटकर गली में भागने लगी। भैंस ने चारा लेकर गली मोड़ से गुजर रही राजेश्वरी को टक्कर मार दी। राजेश्वरी के सीने में भैंस की सींघ लग गई और वह सड़क पर गिरकर बेसुध हो गईं। लोग चिल्लाने लगे तो परिजन मौके पर पहुंच गये और स्थानीय अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया।



राजघाट गंगा तट पर किनारे तक बहती गंगा। ● अमृत विचार

# बारिश से बढ़ा जलस्तर तो पुराने घाट तक पहुंची गंगा

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के पहाडों से आ रहे बारिश के पानी से गंगा उफान पर है। राजघाट में रविवार सुबह नौ बजे से गंगा के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। हालात यह हैं कि घाट से करीब आठ सौ मीटर दूर पहुंची जलधारा लोगों के देखते ही देखते पुराने घाट पर लौट आई। पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश के कारण गंगा अपना रौद्र रूप दिखाने को तैयार है। गंगा में उफान के चलते रविवार को गंगा पुराने घाट तक आ पहुंची। लोगों का कहना है कि जलस्तर में इसी रफ्तार से बढ़ोतरी होती रही तो इस साल सीमावर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा बन सकता है। गंगा में रविवार की सुबह से जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण बाढ़ नियंत्रण कक्ष में सतर्कता बढ़ा दी गई है। निचले इलाके में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

## सार संक्षेप

### इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के अरुण शर्मा बने प्रबंधक



**चन्दौसी, अमृत विचार :** नानक चन्द आदर्श इण्टर कॉलेज में रविवार को प्रबंध समिति का चुनाव हुआ। इसमें प्रबंधक पद पर अरूण शर्मा एवं अध्यक्ष पद पर विपिन कुमार शर्मा चुने गए। मुशाहिद अली उपाध्यक्ष, राजीव शर्मा उप प्रबंधक, अनिल कुमार गर्ग कोषाध्यक्ष एवं मेवाराम पूर्व सीडीओ, कमलेश्वर प्रसाद अग्रवाल, राजेन्द्र सिंह एडवोकेट, रवि चन्द्र अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, फईमउद्दीन, सरदार खान सदस्य चुने गए। चुनाव पर्यवेक्षक सीपी सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज लहरावन एवं पीठासीन अधिकारी जितेंद्र नाथ मिश्र व सहायक पीठासीन अधिकारी अनिल कुमार तुरैहा के संरक्षण में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। पीठासीन अधिकारी ने बताया कि पांच जुलाई को प्राप्त नामांकन पत्रों में से सभी पदों में प्रत्येक पद के लिए एक-एक ही नामांकन पत्र प्राप्त हुआ। जो सभी वैध पाए गए। इस दौरान प्रबंध समिति सदस्य अतुल शर्मा पूर्व चेयरमैन, पराग शर्मा, चिराग, सचिन, शिखर आदि मौजूद रहे।




जरुरतमंद बेटी की शादी को दान देतीं साक्षी समिति स्टार की सदस्य।

### बिटिया की शादी में मदद के लिए बढ़ाए हाथ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** साक्षी समिति स्टार चन्दौसी की ओर से रविवार को आवास विकास स्थित समिति की सचिव रेनू शर्मा के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरतमंद महिला की बेटी की शादी के लिए घरेलू सामान दान किया। समिति की संयोजिका रंजना शर्मा के दिशा निर्देशन में अध्यक्ष सुधा शर्मा और समिति की सभी सदस्यों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया। साक्षी के सभी सदस्यों ने मिलकर बिटिया की शादी के लिए सात साड़ी, चार पैंट शर्ट, बेड शीट का पूरा सेट, गद्दा, तकिया, कंबल, डिनर सेट, गैस चूल्हा, दो वाटर कूलर, पर्स, मेकअप किट, दो इलेक्ट्रिक केतली, दो सूट आदि सामान सहित नकद धनराशि देकर सहारा दिया। अध्यक्ष ने कहा कि हमारी समिति हर जरूरतमंद लोगों की मदद करती रहती है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुधा शर्मा, सचिव रेनू शर्मा, बबिता बिंदल, विजयलक्ष्मी , छवि रस्तौगी, सुनीता शर्मा, दमयंती सिंह, भावना सिंह, रजनी रस्तोगी का सहयोग रहा।



गोशाला में गायों को हरा चारा खिलाते परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### गोशाला में गायों को हरा चारा खिला कर की सेवा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद शाखा चन्दौसी की ओर से सेवा प्रकल्प के अंतर्गत संभल गेट स्थित श्री सनातन धर्म गोशाला में गो सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गायों को सवा मन दलिया, हरा चारा खिला कर गो सेवा की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद के सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत यह कार्य किया गया है। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि गो सेवा से सभी देवी देवता प्रसन्न होते हैं और परिवार में सुख समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। सभी प्रकार के दोषों से मुक्ति मिलती हैं। पुराणों में भी गो सेवा का विशेष महत्व बताया है। कार्यक्रम में डीसी गुप्ता, रेखा रस्तोगी, अभिषेक कुमार गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, रमेश अधीर, भावना गुप्ता, आशा गोस्वामी, विपिन गुप्ता, अनिल शर्मा, राजीव भारद्वाज, विनोद शर्मा आदि परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।



मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### तेरे द्वार खड़ा भगवान, भगत भर दे झोली...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीएचसी स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम वाईपी जोशी ने विधि विधान से देवी देवताओं का पूजन कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, गुलशन अरोरा, जेएन मिश्रा, पीएन शर्मा, रामकिशन अग्रवाल, राजीव शर्मा, गुलशन अरोरा, रमेश ग्रेवाल, सुरेश चंद्र शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदरकांड की चौपाइयां का लयवद्ध मनोहारी वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने तेरे द्वार खड़ा भगवान, भगत भर दे झोली, कल्पना वार्ष्णेय ने कई जन्मों से बुला रहे हो आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया।



रविवार रात को सड़क के गड्ढे भरते पालिका कर्मी। ● अमृत विचार

# फोटो वायरल हुए तो पालिका ने रात में भरवाये सड़क के गड्ढे

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शहर में मुख्य मार्ग पर गहरे गड्ढों के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो पालिका ने रात में ही गड्ढों को बजरी डालकर भरवाया। कहा जा रहा है कि प्रभारी मंत्री के आगमन को देखते हुए रात में गड्ढों को भरवाया गया है।

संभल-बहजोई मार्ग पर जनता पेट्रोल पंप से चौधरी सराय तक बरसात की वजह से मार्ग में जगह-जगह गड्ढे हो गए। जिस वजह से यातायात प्रभावित होने लगा। इस बीच कुछ लोगों ने मुख्य मार्ग पर गड्ढों के पास कुर्सी डालकर फोटो खींचने के बाद वायरल कर दिए। वायरल फोटो की जानकारी मिलने पर नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों ने संज्ञान लिया। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ.मणि भूषण तिवारी ने बताया कि गड्ढों में बजरी और रोड़ा भरवा दिया गया। यातायात सुचारू रूप से चल रहा है।

# डीआईजी रेलवे ने किया स्टेशन का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** डीआईजी रेलवे ने स्टेशन व थाना जीआरपी का निरीक्षण किया। जिसमें थाना प्रभारी से त्योहारों पर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वार्ता की। जिसमें मोहर्रम, कांवड़ यात्रा व रक्षाबंधन पर ट्रेनों में भीड़भाड़ व रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी शिवभक्त को ट्रेन की छत पर बैठकर सफर नहीं करने दिया जाएगा।

रविवार की शाम चार बजे डीआईजी रेलवे राकेश पुष्कर सड़क मार्ग से रेलवे स्टेशन पहुंचीं। यहां पहले उन्होंने थाना जीआरपी का निरीक्षण किया। जिसमें सभी चीजों को बारीकी से देखा। जीआरपी के पास सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद हथियारों के बारे में जानकारी की। उन्होंने बताया कि आगामी त्योहारों को लेकर जीआरपी सतर्क है, ताकि त्योहारों पर यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। आगामी त्योहारों मोहर्रम, कांवड़ यात्रा व रक्षाबंधन शामिल है। इन त्योहारों पर ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को परेशानी न हो। इसके लिए प्लान तैयार किया गया है। जिसमें यात्रियों की सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। जिसके लिए भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशनों पर जीआरपी के अधिक जवानों की तैनाती की जाएगी। ताकि भीड़ का लाभ उठाकर कोई उचक्का या चोर यात्रियों को हानि न पहुंचा सके। ट्रेनों व प्लेटफार्म पर जहरखुरानी गिरोह सक्रिय बने रहते हैं। जो मौका मिलने पर यात्रियों को अपना निशाना बना लेते हैं। ऐसे कई जहरखुरानी गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं इनकी सक्रियता पर भी नजर रखी जा रही है।

बताया कि कांवड़ यात्रा के लिए हरिद्वार सहित अन्य गंगा घाटों से कांवड़ लाने वाले शिव भक्तों को ट्रेनों के छतों पर नहीं बैठने दिया जाएगा। क्योंकि इससे उनकी जान जोखिम में बनी रहती है। इस अवसर पर सीओ जीआरपी देवी दयाल, थाना प्रभारी राजदेव पूनिया आदि मौजूद रहे।



चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करतीं डीआईजी रेलवे राकेश पुष्कर।

- त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क बरतने के दिए निर्देश

### गार्द से नहीं ली सलामी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** डीआईजी रेलवे राकेश पुष्कर का थाना जीआरपी का निरीक्षण प्रस्तावित था। वह रविवार की शाम चार बजे थाने पहुंचीं और गार्द से सलामी लिए बिना ही सीधे थाने का निरीक्षण करना आरंभ कर दिया। जिसमें उन्होंने थाने में मौजूद व्यवस्थाएं देखीं।

**महंगाई** आलू 35 तो प्याज 50 और टमाटम 100 रुपए प्रति किलो बिक रहा

# अब टमाटर, प्याज भी निकाल रहे आंसू

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** आलू के साथ अब प्याज व टमाटर के दाम भी आसमान छूने लगे हैं। जिससे आम आदमी की थाली से आलू, प्याज व टमाटर गायब होता नजर आ रहा है। महंगाई की मार से मध्यमवर्गीय परिवार खासे परेशान हैं। वहीं बरसात में हरी सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं। बताते है कि सोमवार से सहालग शुरू होने से सब्जी और महंगी होगी।

बाजार में फुटकर में आलू 35 से 40 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है। वहीं अब प्याज 50 रुपये व टमाटर 100 रुपये प्रति किलो बिकना शुरू हो गए हैं। यह तीनों सब्जी ऐसी हैं जिन्हें आदमी बहुत पसंद करता है। घर में जब तक आलू, टमाटर व प्याज न हो तो परिवार के लोग भोजन करना पसंद नहीं करते। मगर बरसात ने टमाटर व प्याज को महंगा कर दिया है। जिससे इनकी आम आदमी की पहुंच से दूरी बन गई है। सब्जी विक्रेता बताते हैं कि कई दिन से लगातार बारिश होने से बाहर से आने वाली सब्जी नहीं आ पा रही है। जिससे मंडी में कम सब्जी पहुंचने से दाम आसमान छू रहे हैं। मजबूरी में लोगों को महंगी सब्जी खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं सोमवार से शादी विवाह शुरू हो रहे हैं। जिससे सब्जी और अधिक महंगी होने के पूरे आसार बने हुए हैं। जिससे हरी सब्जी के साथ टमाटर व प्याज ने मध्यमवर्गीय महिलाओं की रसोई का बजट पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। जिससे महिलाएं यह सोचने पर मजबूर हो गई हैं कि हरी सब्जी के साथ टमाटर व प्याज बाजार से घर लाए या नहीं।



सब्जी बेचता दुकानदार। ● अमृत विचार

# हाथरस कांड के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** सनातन सेवक संघ के नगर अध्यक्ष हेमंत वार्ष्णेय के नेतृत्व में रविवार की शाम सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ आश्रम में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हाथरस में आयोजित साकार विश्व हरि (सूरज पाल सिंह) के सत्संग में मारे गए श्रद्धालुओं की आत्म शांति के लिए दीप प्रज्वलित कर शांति पाठ किया। दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से आत्मशांति की प्रार्थना की। प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि दो जुलाई को हाथरस के सिकंदराराऊ के रातभानपुर में आयोजित सूरज पाल सिंह बाबा का प्रवचन कार्यक्रम में अव्यवस्था होने के कारण प्रवचन के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों जिसमें महिला और बच्चे भी शामिल हैं ,की मृत्यु हुई। संगठन उन सभी लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। घायल हुए सभी लोगों के जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही प्रशासन से हादसे की निष्पक्ष जांच के साथ ही दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल, अमित अग्रवाल, राजीव सक्सेना, विकास सनातनी, आशीष तूफानी, अनुराग गुप्ता, रवि वार्ष्णेय, प्रदीप कुमार, दिशांत गुप्ता, अमन अग्रवाल, सिद्धार्थ सिंघल, सुदीप बंसल, गौरव अग्रवाल, शशिकांत शर्मा, तुषार क्रिस्टल, अभिनव राज, सक्षम कुमार, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।




हाथरस कांड के मृतकों को श्रद्धांजलि देते सनातन सेवक संघ के लोग।

- सनातन सेवक संघ ने रघुनाथ आश्रम में किया कार्यक्रम

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्। ॥

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक ओर धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें, लेकिन उनमें इतना आसक़्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

## संपादकीय

# पीएम का महत्वपूर्ण दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार व मंगलवार को मास्को में रहेंगे। वे वहां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा को रूस-भारत संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से यह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली रूस यात्रा है। उम्मीद है कि शिखर सम्मेलन में रूस-यूक्रेन संघर्ष पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। खास बात है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत की स्थिति लगातार बातचीत, कूटनीति और दोनों पक्षों को शामिल करने वाले समझौते के पक्ष में है। जानकारों के मुतबिक बातचीत में रक्षा, तेल और गैस प्रमुख एजेंडा होंगे। रूस के साथ अपने संबंधों को लेकर भारत पश्चिमी देशों के दबाव के आगे झुका नहीं है और घरेलू हितों का हवाला देते हुए रियायती दरों पर रूस से तेल खरीद रहा है। ऐसे में दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे को हल करना भी नेताओं के एजेंडे में प्राथमिकता में होगा। यूक्रेन युद्ध के बाद से तेल खरीद में वृद्धि के कारण रूस से भारत का आयात लगभग 60 बिलियन डॉलर था, जबकि रूस को भारत का निर्यात लगभग 4 बिलियन डॉलर है। गौरतलब है कि भारत और रूस के संबंध काफी पुराने हैं। शीत युद्ध के दौरान, भारत और सोवियत संघ के बीच एक मजबूत रणनीतिक, सैन्य, आर्थिक और राजनयिक संबंध थे। सोवियत संघ के विघटन के बाद, रूस को भारत के साथ अपने घनिष्ठ संबंध विरासत में मिले, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों ने एक विशेष सामरिक संबंध साझा किया। रूस ने कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र भारत में बनाया है। जबकि भारत ने कई देशों के साथ कई असैन्य परमाणु समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, रूस अब तक भारत में परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालित करने वाला एकमात्र विदेशी देश है। रूस भारत के लिए सबसे बड़े हथियार निर्यातकों में से एक रहा है। पूर्वी लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों में चीनी आक्रमण ने भारत-चीन संबंधों को एक मोड़ पर ला दिया, इससे यह भी प्रदर्शित हुआ कि रूस चीन के साथ तनाव को कम करने में योगदान दे सकता है। यानि रूस और अमेरिका के बीच बिगड़ते संबंध और रूस की चीन के प्रति बढ़ती निर्भरता के दौर में पीए मोदी का दौरा रूस के चीन की ओर आ रहे झुकाव को संतुलित करना है। दौरे का सीधा संदेश है कि भारत के अपने हित सर्वोपरि है और वह किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। कहा जा सकता है यह दौरा अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# भारत के नजरिए से ब्रिटेन का सत्ता परिवर्तन



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया।

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनावों के परिणामों ने अचानक मौसम को गर्मा दिया है। वहां राजनीति में इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन-तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर 'कीर स्टार्मर' फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। ब्रिटेनी नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया, काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे।

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय 'नॉर्थलेरटन' सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो।

> भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय' नॉर्थलेरटन 'सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो।

ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे।

ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग-समर्थक भी उनसे झिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कईयों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फला समुदाय या मतदाता उनका है?

बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश, फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आए नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। ब्रिटेन चुनावों की सूनामी में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की एकदम उड़ गई। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना? इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला।

बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं? बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए? किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें? हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता 'कीर स्टार्मर ब्रिटेन' के अगले शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है।राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए।

निसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा स्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

## प्रसंगवश

# लुप्त न हो जाए यह शब्दावली



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राजधानी की पाश कालोनी में अपने 'विला'के द्वार पर बैठे रिमझिम बारिश का आनंद ले रहा था, तो अपनी गांव वाली बरसातें सहसा याद आ गईं। जाहिर है कि तब उससे जुड़ी तमाम चीज़ें और शब्दावली भी जेहन में गूंजेंगे ही। तत्समय इला बिला नहीं, कच्चा घर था और पोर्टिको की जगह अपना छप्पर। छप्पर का सृजन बांस, फूस और अरहर की लगों से होता था। लगों की छोटी टहनियों को भिगोकर उनसे बॉधने का काम लिया जाता था;इन्हें फलसा कहते थे। ऊपर तो छप्पर दीवाल पर रखकर खूंटों से बांध दिया जाता,किंतु चौड़ाई अधिक होने के कारण आगे की ओर जिन लकड़ी के दुबग्घे लट्ठों को गाड़कर उन पर छप्पर रोका जाता था,उन्हें थुनकी कहा जाता था। पानी बरसते में उसकी ढलान से जो जल धाराएं नीचे आती थीं,उन्हें 'ओरौती'कहते थे। हालांकि कवि नरेन्द्र शर्मा ने उसे परिष्कृत करके अपनी कविता में "औलाती"लिखा है-दीवारों से लगे खड़े होंगे चुप छान और छप्पर।/ झरती होगी खामोशी से औलाती भी किनमिन कर।।

कच्चे घर के अग्रभाग के अलावा अन्य खुली दीवालों की रक्षार्थ लगों का एक छोटे आकार का छाजन तैयार किया जाता था,जिसे 'लदुवा'कहते थे। अंग्रेज़ लेखकों ने अपने वर्णनों में इसे कोपिंग'कहा है। वे लदुवा क्या जाने! घर की पटान में जो लकड़ी के मोटे लट्ठे इस्तेमाल होते थे,उन्हें धन्नी और कुछ पतले बेड़े रखे जाने वाले काष्ठ खंड बेड़का कहे जाते थे। छतों का पानी नीचे गिराने के लिए पनारी होती थी और वर्तमान ड्रेनेज तब का 'नर्दवां है। यह साहित्य में भी स्थान पा चुका है।"तुलसी बुरा न मानिए जो गॅवार कहि जाय।जै से घर का नरदवां भला बुरा बहि जाय"।। छोटे लाल मखमली पीठ वाले कीड़े 'राम की बिलैयां'कही जातीं,जो बरसात की शोभा बढ़ातीं। साहित्यकार इन्हें 'वीर बधूटी'नाम देते हैं। थोड़ी देर का तेज पानी 'झाला'और देर तक रुक जाय तो 'भरनि'कही जाती।'पद्मावत'में नागमती कहती है,"सावन बरस मेह अति पानी भरनि परी हौं विरह झुरानी"।। लगातार बरसे तो 'झड़ी'। यह पसंद नहीं की जाती थी। अगली पीढ़ियां यह लोक शब्दावली विस्मृत न करने पाएं। इसे सम्हाल कर रखना होगा। हमारी पुरातन और मूल संस्कृति का हिस्सा है यह सब।

# अग्निवीर का पुनर्निरीक्षण करने की आवश्यकता



ग्रुप कैप्टन प्रमोद गुप्ता
भारतीय वायु सेना (वेटरन)
शाहजहांपुर

> इस योजना की मंशा तो अच्छी थी परंतु अपने देश की सामरिक, भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए योजना में व्यावहारिकता की कमी थी।

भारतीय रक्षा सेनाओं के लिए कुछ वर्ष पूर्व घोषित अग्निवीर योजना लीक से हट कर कही जा सकती है। इस योजना का उद्देश्य साढ़े सत्तरह से 21 वर्ष की उम्र तक शारीरिक रूप से सक्षम युवकों को 4 साल की अवधि के लिए (शॉर्ट टर्म करियर) भारतीय सशस्त्र सेनाओं में विशेष टर्म्स एंड कंडीशंस के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराना था। ऐसा माना गया था कि इस योजना से भारतीय सेनाओं में युवाओं की संख्या बढ़ेगी, सरकारी खजाने पर पेंशन का बोझ कम होगा तथा 4 वर्ष के पश्चात जब ये अग्निवीर सेवा निवृत्त होंगे तो वे अपनी तकनीकी दक्षता व सेना के प्रशिक्षण का सदुपयोग भविष्य में नौकरी या स्वरोज़गार के लिए कर सकेंगे।

इस योजना की मंशा तो अच्छी थी परंतु अपने देश की सामरिक, भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए योजना में व्यावहारिकता की कमी थी। हमारी स्थितियां उन देशों से भिन्न हैं जैसे कि इज़राइल , ब्रिटेन, अमेरिका व अन्य छोटे यूरोपीय देश जहां इस प्रकार की योजनाएं सफल रही हैं। इन देशों की आबादी कम होने के कारण सैन्य सेवाएं अनिवार्य है, उनके पड़ोसी देश शत्रुवत व्यवहार नहीं करते, कोई सीमा विवाद नहीं है और वहां रोजगार के अन्य विकल्प भी उपलब्ध है। अतः ऐसे देशों के इस शॉर्ट-टर्म मॉडल को भारतीय परिप्रेक्ष्य में उतारना व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता।

योजना के चार साल बीत जाने व फील्ड अनुभव के पश्चात इस योजना की समीक्षा आवश्यक प्रतीत होती है। राजनीतिक या सामाजिक दृष्टिकोण से हटकर विशुद्ध सैनिक दृष्टिकोण से योजना पर व्यावहारिक मंथन होना चाहिए। ऐसे हजारों पूर्व एवं वर्तमान सैन्य कर्मी व आम नागरिक हैं जिनका मानना है कि यह योजना अपने वर्तमान स्वरुप में सेना के मानकों पर पूर्णरूप से खरी नहीं उतरती। यह एक शॉर्ट-कट है जो आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक कारणों से अपनाया गया था और सुरक्षा की दृष्टि से यह एक कमजोर कड़ी है जो देशहित में नहीं है। यहां यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है कि अग्निवीर सेवा इस उद्देश्य से नहीं है कि उनको चार साल बाद सिविल सेक्टर में पुनर्वास के लिए तैयार किया जाए। मूल उद्देश्य यह है कि वे एक हार्ड-कोर, प्रोफेशनल सिपाही बन सके जो छह महीने की ट्रेनिंग या चार साल की सेवा अवधि में संभव नहीं है।

आज का युद्ध जमीन से आसमान तक तकनीकी एवं बहुआयामी है। कुछ देशों द्वारा अंतरिक्ष में स्थाई स्टेशन बना लेना एक सच्चाई है जिससे आने वाले समय में युद्ध की विभीषिका का अनुमान लगाया जा सकता है । अतः यह कैसे संभव है कि हमारे अग्निवीर मात्र 4 साल की सेवा व 6 महीने की ट्रेनिंग में इतने प्रशिक्षित हो जाएंगे कि वे आज के युद्ध को सफलतापूर्वक लड़ सकेंगे। यही नहीं, वैश्विक परिपेक्ष में युद्ध अब देश की सीमाओं के पार अंतर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधनों के द्वारा लड़ा जा रहा है जिसके लिए अनुभवी व पूर्णतया प्रशिक्षित सैनिक होना आवश्यक है।

इसलिए अग्निवीर योजना का पुनर्निरीक्षण करने की त्वरित आवश्यकता है ताकि देश का सुरक्षा ढांचा प्रभावित न हो। कुछ मूलभूत सुझाव निम्नवत हैंः अग्नि वीर की पात्रता आयु 18 वर्ष से 23 वर्ष तक किया जाना व्यावहारिक होगा।, कार्यकाल की अवधि कम से कम 8 वर्ष और प्रारंभिक प्रशिक्षण 10 महीने का किया जाए। इससे न सिर्फ मिलिट्री कौशल में दक्षता आएगी बल्कि काफी हद तक सेनाओं में सैनिक संख्या की कमी पर विराम लग सकेगा। साथ ही अग्निवीर अपने को सैन्य सेवा की मुख्य धारा में महसूस करेंगे, उनके मनोबल में वृद्धि होगी और वे अपने को दोयम दर्जे का सैनिक नहीं समझेंगे। सैनिक/युद्ध दक्षता के लिए समय-समय पर भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार रेगुलर सैनिक की भांति अग्निवीर को भी रिफ्रेशर या सप्लीमेंट्री ट्रेनिंग दी जाए। सेना में तकनीकी ट्रेड की भारी कमी है और इसका प्रशिक्षण भी महंगा व समय लेने वाला है, अतः अग्निवीर का रेगुलर सैनिक के रूप में 100 प्रतिशत समायोजन किया जाए। इसी प्रकार गैर-तकनीकी ट्रेड में भी कम से कम 50 प्रतिशत सैनिकों को रेगुलर किया जाय । अग्निवीर को पूर्ण सैनिक का दर्जा मिले । सरकारी नौकरियों में भी अग्निवीर के लिए आरक्षण का प्रावधान किया जाए। साथ ही युद्ध अपंगता या बलिदान की स्थिति में अग्निवीर व उनके आश्रितों को वही सहायता, वही मान-सम्मान प्राप्त हो जो सरकारी, अर्धसरकारी या प्राइवेट क्षेत्र में एक रेगुलर सैनिक को मिलता है।

## सोशल फोरम

# जिंदगी जीने का दर्शन



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हर व्यक्ति अलग है और अपने लिहाज से उसे एक जीवन दर्शन बनाना और उसे जीना चाहिए। जिंदगी जीना ही ज़िंदगी का मुख्य मक़सद मानता हूं। पूरी तरह होश में रहते, एक किरदार की तरह , बिना किसी अवांछित प्रतिक्रिया के जीवन के हर मोड़ का लुत्फ़ लेना ही असली जीवन जीना है।

मैं यह नहीं मानता कि दर्शन को जीना कठिन होता है वरन मेरे लिहाज़ से दर्शन जिंदगी को बहुत आसान बना देता है। कुछ भी ऐसा पढ़ना लिखना नहीं चाहता जो मुझे जीने में मदद न करे , मुझे समृद्ध न करे।

बुद्ध और बौद्ध दर्शन से प्रभावित हूं। प्रभावित इसलिए हूं कि मुझे लगा कि यही तो मेरा पसंदीदा दर्शन है और ऐसा ही कुछ मैं भी सोचता था, होश में जीने का शुरू से प्रयास कर रहा था।

मैं बुद्ध को दुनिया का सबसे बड़ा शिक्षक मानता हूं। मानता हूं कि उनके बताए रास्ते पर चलना ही बहुत महत्वपूर्ण है। जिंदगी में कोई कामना, कोई अपेक्षा, कोई तृष्णा भी सामने नहीं दिखती है। बुद्ध ने इसे ही दुख का कारण बताया था। बुद्ध की शिक्षा कि संसार अनित्य है, संसार दुःखमय है, इसे पूरी तरह मानता समझता हूं। बुद्ध की बतायी सम्यक् दृष्टि बहुत महत्वपूर्ण है। दृष्टि सम्यक होनी चाहिए।

वही देखना है जो सम्यक है, सत्य है ।

कोई बात/ तथ्य समस्या बनती है तो आपकी प्रतिक्रिया से। आपकी प्रतिक्रिया ही उसे समस्या बनाती है। प्रेम तो स्वाभाविक है। आनर किलिंग प्रतिक्रिया स्वरूप ही तो हो रही है। अब कम हो रही है , मतलब कम प्रतिक्रियाएं हो रही है। उन्हें स्वीकृतियां मिल रही हैं। साफ है प्रतिक्रिया समस्या है। बदलते समय के साथ बहने में यक़ीन रखता हूं। स्वीकृतियों का पक्षधर हूं। ज़िंदगी जीने का दर्शन है : मर मर कर जीना छोड़ दिया / बंधन में बंधना छोड़ दिया। / हर क़दम रहा सोचा समझा ,/ अफ़सोस मनाना छोड़ दिय । / जिस बीज से पैदा दुख होता ,/ उस बीज का बोना छोड़ दिया।

–फेसबुक वॉल से

# चींटियों ने जटिल व्यवहार कैसे विकसित किया होगा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> अध्ययन में चींटियों ने केवल कुछ चोटिल पैरों का विच्छेदन किया बल्कि यह भी देखा गया कि उनकी शल्य चिकित्सा पद्धति काफी व्यवस्थित है।

मानव को अपनी उपलब्धियों पर सर्वथा उचित ही गर्व रहता है। किंतु जीव जगत में के कई ऐसे दृष्टांत कभी कभार सामने आते हैं कि आश्चर्यचकित होना पड़ता है। दरअसल कुदरत ने अपनी सृष्टि में किसी भी जीव के साथ भेदभाव नहीं किया है। सभी को अपने अस्तित्व रक्षा और उत्तरजीविता के साजो सामान और युक्तियां दी हैं। किसी से कुछ छीना है तो उसे कुछ और देने का वरदान भी दिया है।

ताजा उद्घाटित घटना फ्लोरिडा की कारपेंटर (बढ़ई) चींटियों का है जिनका जीवन बहुत संघर्षमय है।'द न्यूयार्क टाईम्स' के हाल के अंक में शल्य चिकित्सक चीटियों की हैरतअंगेज गाथा छपी है जिसने मेरा ध्यान इसलिए भी आकर्षित किया कि इस रिपोर्ट को मशहूर ब्रितानी आनलाइन विज्ञान जर्नल 'नेचर ब्रीफिंग' ने विगत सप्ताह छापा है। आधे इंच की बढ़ई चींटियां प्रतिद्वंद्वी कॉलोनियों की चींटियों के साथ हिंसक मुठभेड़ करने के लिए कुख्यात हैं । किंतु अनवरत चलने वाली लड़ाईयों के कारण चींटियों के पैर में चोट लगती रहती है। लेकिन जैसा कि वैज्ञानिकों ने हाल ही में पाया है, इन चींटियों ने चोट को ठीक करने के लिए एक प्रभावी उपचार विकसित किया है यानि ये शल्यक्रिया अपनाती हैं। यानि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की शल्य चिकित्सा केवल मनुष्य की ही कुशलता नहीं है। चीटियां भी एक दक्ष शल्य चिकित्सक हैं। सबसे पहले यह शोधपत्र करंट बायोलॉजी पत्रिका में विगत 2 जुलाई को प्रकाशित हुआ जिसमें शोधकर्ताओं ने बताया कि चींटियां संक्रमण को रोकने के लिए अपने घोसले के साथियों के घायल अंगों को काट देती हैं। हालांकि अन्य चींटियों की प्रजातियां भी अपने घायलों के घावों की देखभाल करने के लिए जानी जाती हैं और आमतौर पर उन्हें चाटकर साफ करती हैं, लेकिन यह पहली बार देखा गया कि फ्लोरिडा की चींटियों की बढ़ई प्रजाति अपने साथियों के चोट के उपचार के लिए शल्य क्रिया - विच्छेदन का तरीका अपनाती हैं।

अध्ययन में चींटियों ने केवल कुछ चोटिल पैरों का विच्छेदन किया बल्कि यह भी देखा गया कि उनकी शल्य चिकित्सा पद्धति काफी व्यवस्थित है। मनुष्यों के इतर किसी अन्य जानवर को इस तरह के विच्छेदन करने के कौशल के लिए नहीं जाना जाता है। यह व्यवहार फ्लोरिडा की बढ़ई चींटियों के बीच सामाजिक व्यवहार की श्रेष्ठता, उनकी बुद्धिमत्ता और दर्द महसूस करने की उनकी क्षमता का भी संकेत करता है ।

वर्ष 2020 की शुरुआत में, जर्मनी के वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय में स्नातक छात्र डैनी बफ़ैट अपनी प्रयोगशाला में फ़्लोरिडा बढ़ई चींटियों की एक कॉलोनी का निरीक्षण कर रहे थे, जब उन्होंने कुछ अजीब नज़ारा देखा। बफ़ैट अब स्विटज़रलैंड के लॉज़ेन विश्वविद्यालय में जीव विज्ञानी हैं और इस अध्ययन के लेखक हैं। उनके अनुसार वे यह देखकर विचित्र सा लगा कि एक चींटी दूसरी चींटी के पैर को काट रही थी। फिर शुरु हुआ अंग-भंग चींटियों के जीवित रहने की दर पर नज़र रखना। अप्रत्याशित रूप से, कटे हुए अंग वाली चींटियां 90 प्रतिशत समय तक जीवित रहीं। इससे भी अधिक आश्चर्य की बात यह पाई गई कि रुग्ण चींटियों के अंग-विच्छेदन उनकी सहमति से किए गए थे। डॉ. फ्रैंक ने बताया कि रुग्ण चींटी पहले तो अपने घायल पैर को साथियों को दिखाती है और शांति से वहीं बैठ जाती है, फिर कोई शल्य चिकित्सक चींटी उसे कुतर डालती है। जैसे ही कटा पैर गिरता है घायल चींटी नए कटे हुए घाव को परिचारक चीटियों को दिखाती है और वे उसे साफ करके काम पूरा करती है। ऐसे दर्जनों अंग-विच्छेदन की घटनाओं को देखने के बाद, शोधकर्ताओं ने पाया कि चींटियां केवल जांघ की चोटों वाले साथियों पर ही यह प्रक्रिया अपनाती हैं। यह आश्वस्त होने के लिए कि चींटियां केवल घायल जांघों वाली चींटियों पर ही अंग-विच्छेदन क्यों करती हैं, शोधकर्ताओं ने अन्य पैरों का प्रायोगिक अंग-विच्छेदन किया। प्रायोगिक अंग-विच्छेदित चींटियों की जीवित रहने की दर केवल मात्र 20 प्रतिशत पाई गयी । डॉ. फ्रैंक इस नतीजे पर पहुंचे कि जब घाव शरीर से दूर होता है तो अंग-विच्छेदन की शल्य चिकित्सा काम नहीं करती, लेकिन जब यह शरीर के करीब होता है, तो कारगर है। अनुमान यह लगाया गया कि मुठभेड़ों में जांघ के हिस्से वाले पैर ही ज्यादा चोटिल होते हैं।

किंतु क्या सचमुच ऐसा ही था? डॉ. फ्रैंक और उनकी टीम द्वारा घायल विकलांग चीटियों पर माइक्रो-सीटी स्कैन किया। पाया गया कि चींटियों के शरीर में कई मांसपेशियां होती हैं जो हीमोलिम्फ - उनके रक्त को प्रवाहित करती हैं। कारपेंटर चींटियों की जांघों में ऐसी कई मांसपेशियां होती हैं। जब उनकी जांघ में चोट लगती है, तो हीमोलिम्फ का प्रवाह कम हो जाता है, जिससे बैक्टीरिया के लिए घाव से शरीर में जाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मामलों में, यदि पूरा पैर जल्दी से काट दिया जाता है, तो संक्रमण की संभावना बहुत कम होती है।

नतीजतन, सफल विच्छेदन के लिए समय सीमा कम होती है और इसके सफल होने की संभावना भी बहुत कम होती है। डॉ. फ्रैंक कहते हैं कि चींटियाँ, किसी न किसी स्तर पर, इस बात से भिज्ञ रहती हैं। न्यूयॉर्क में रॉकफेलर यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डैनियल क्रोनॉयर भी चींटियों और अन्य सामाजिक जीवों का अध्ययन करते हैं। उनकी टिप्पणी कि यह सोचना बहुत ही अजीब है कि चींटियों जैसे क्षुद्र जानवरों ने इतना जटिल व्यवहार कैसे विकसित किया होगा।

# रामानुजाचार्य से क्या सीखें



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

रामानुजाचार्य का जन्म दक्षिण भारत के कांचीपुरम् के निकट श्रीपेरूपुथुर नामक स्थान में ग्यारहवीं शताब्दी के मध्य में हुआ। जिस समय शंकराचार्य के विचारों की चारों धूम मची हुई थी उस समय रामानुजाचार्य ने उनके मूल विचारों को अपनी आलोचना के निशाने पर रखा।

शंकर का ब्रह्म निर्गुण था,उ समें कोई विशिष्ट गुण नहीं था, इसके विपरीत रामानुजाचार्य ने ब्रह्म की जो धारणा पेश की उसमें वह विशिष्ट गुणों से युक्त था, वह सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी था। उसमें ज्ञान, कल्याण, दीप्ति आदि गुणों की मौजूदगी को माना। साथ ही रामानुजाचार्य ने दार्शनिक भौतिकवाद की धारणा का प्रतिपादन किया। रामानुजाचार्य की सबसे प्रमुख धारणा यह थी कि भौतिक जगत ही एकमात्र यथार्थ है। साथ ही तांत्रिक आदर्शवाद की इस धारणा को एकसिरे से ठुकरा दिया कि चेतना से परे किसी भी यथार्थ का अस्तित्व नहीं है। उनके लिए ब्रह्म यथार्थ था साथ ही जगत भी उतना ही मूल्यवान यथार्थ था जैसाकि ब्रह्म। शंकर के लिए जगत मिथ्या था लेकिन रामानुजाचार्य के लिए जगत मिथ्या नहीं था। उनके लिए ब्रह्म और जगत दोनों ही यथार्थ थे। इसके अलावा रामानुजाचार्य का मानना था कि ज्ञाता और ज्ञात, ज्ञान और यथार्थ के बीच कोई ऐसा अन्तर्विरोध नहीं है जिसे सुलझाया न जा सके। लेकिन वे यह नहीं मानते थे कि यथार्थ का पूर्ण ज्ञान हो सकता है। वे मानते थे कि यथार्थ के कुछ ही पहलुओं का ज्ञान हो सकता है। जबकि अन्य पहलू संज्ञान से परे हैं। उन्होंने भक्ति पर जोर दिया। ज्ञान,कर्म और भक्ति में वे भक्ति को सर्वोपरि मानते थे। वैदिक सूक्तों, मंत्रों और उपनिषदों के रट लेने से ज्ञान प्राप्त नहीं होता। बल्कि ईश्वर भक्ति से ज्ञान प्राप्त होता है। भक्ति के जरिए उन्होंने जातिभेदों पर हमला किया। उनके अनुसार भक्ति सभी जातिभेदों से ऊपर है। सभी भक्त समान हैं।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**रहरा, अमृत विचार :** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव खरपड़ी निवासी प्रमोद कुमार पुत्र दीनदयाल बाइक से रविवार को जनपद संभल के गांव से मजदूरी करके अपने गांव खरपड़ी वापस आ रहा था। तभी रास्ते में जैसे ही वह रात्रि लगभग नौ बजे खड़गरानी के नजदीक पहुंचा तो सामने से आ रहे वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क किनारे जा गिरा। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को प्राथमिक उपचार दिलवाने के बाद हसनपुर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

### बारिश से गिरा कच्चा मकान

**रहरा, अमृत विचार :** गांव खरपड़ी निवासी राजेंद्र ने बताया कि रविवार सुबह घर पर उसकी मां रामवती, जयंती, मीना कुमारी, बाबू के साथ घर पर सो रहे थे। बारिश के दौरान कच्चा मकान गिर गया, जिससे चारों चोटिल हो गये। राजेंद्र ने बताया कि मकान का कुछ हिस्सा शुक्रवार को गिर गया था। शेष हिस्सा रविवार सुबह छह बजे के करीब गिर गया। तहसील प्रशासन को हादसे की सूचना दे दी गई है। लेकिन कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

# खतरे के निशान से तीन फिट नीचे बह रही कोसी

## रविवार को रामनगर कोसी बैराज से डिस्चार्ज किया 11,771 क्यूसेक पानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कोसी नदी खतरे के निशान से तीन फिट नीचे बह रही है। इसके चलते बाढ़ का संकट गहराने लगा है। रविवार को रामनगर कोसी बैराज से 11,771 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। सुबह 8 और दोपहर 12 बजे रामनगर कोसी बैराज और लालपुर वियर से कोसी नदी में पानी डिस्चार्ज किया गया। लगातार बारिश और कोसी-रामगंगा सहित अन्य नदियों में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है।

पहाड़ों और मैदानी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण तमाम नदियां उफनाने लगी हैं। रविवार की सुबह कोसी नदी खतरे के निशान से तीन फिट नीचे बह रही थी। रविवार की सुबह 8 बजे कोसी नदी में रामनगर कोसी बैराज और लालपुर वियर से पानी डिस्चार्ज किया गया। लालपुर वियर से रविवार को 2559 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। दढ़ियाल बांध से 4500 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। कोसी नदी के बढ़ते जल स्तर के मद्देनजर नहर खंड के अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच गए।

अवर अभियंता नहर खंड जितेंद्र कुमार ने बताया कि बाढ़ से बचाव के लिए प्रभावित क्षेत्रों में 35 बाढ़ चौकी बनाई गई हैं। लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है। दूसरी ओर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि रामनगर से कोसी नदी में यदि भारी मात्रा में पानी छोड़ा जाता है तो कोसी और रामगंगा नदियों के किनारे बसे करीब 16 गांवों के लोगों को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है। इसके अलावा तहसील स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर जारी कर दिया गया है।



लाल निशान से तीन फिट नीचे बहती कोसी नदी। ● अमृत विचार



कोसी नदी के बढ़ते जल स्तर का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### रविवार को कोसी का जल स्तर

| | |
|---|---|
| **दढ़ियाल बांध** | |
| कोसी नदी का जल स्तर | 207.90 मीटर |
| खतरे का निशान | 209.69 मीटर |
| डिस्चार्ज | 4500 क्यूसेक |
| **लालपुर वियर** | |
| कोसी नदी का जल स्तर | 192.32 मीटर |
| खतरे का निशान | 195.23 मीटर |
| डिस्चार्ज | 2559 क्यूसेक |

"कोसी नदी में लालपुर वियर और रामनगर बैराज से पानी डिस्चार्ज किया गया है। इससे कोसी का जल स्तर बढ़ गया है। लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। स्थिति नियंत्रण में है। अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

–नवीन कुमार
एक्सईएन, नहर खंड

### उत्तराखंड में बारिश से बढ़ा कोसी का जलस्तर

**मसवासी, अमृत विचार :** मैदानी व पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं। कोसी नदी का जल स्तर बढ़ने से ग्रामीणों को बाढ़ की चिंता सताने लगी है। उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश से कई संपर्क मार्गों पर मलबा गिर गया है। इससे मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। मैदानी व पहाड़ी क्षेत्र में हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं। बाढ़ की आशंका से ग्रामीण चिंतित हैं। उत्तराखंड में तेज बारिश के चलते कोसी नदी में जल स्तर बढ़ गया है। रात को किसी भी समय जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। इससे कोसी के किनारे बसे गांवों के लोग दशहत में हैं। किसानों की फसले भी बर्बादी के मुहाने पर खड़ी हैं। कोसी नदी में रामनगर बैराज से रात को फिर पानी छोड़े जाने की संभावना है। इससे पट्टी कलां से लेकर स्वार के धनोरी क्षेत्र तक किसानों में दहशत है। उत्तराखंड क्षेत्र के कई संपर्क मार्ग मलबा गिरने से अवरुद्ध हो गए हैं।

### ठेकेदार से रुपये दिलाने की मजदूरों ने गुहार लगाई

**हसनपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के लुहारी खादर निवासी महेश साथियों के साथ आम की तुड़ाई करके परिवार का पालन पोषण करता है। कुछ दिन पहले कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ निवासी ठेकेदार द्वारा महेश से आम तोड़ने के लिए लेबर मंगाई गई थी। महेश ने साथियों के साथ ठेकेदार के बताए बाग में पहुंचकर आम तोड़े, लेकिन आम तोड़ने के बाद ठेकेदार ने उन्हें पैसे नहीं दिए गए। रविवार को महेश अपने साथियों के साथ कोतवाली पहुंचा और तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

### बाइक व मोबाइल चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर कलां निवासी देवेंद्र सैनी पुत्र प्रकाश सिंह सैनी शाहपुर कलां–करन खाल लिंक मार्ग पर स्थित खेत पर शनिवार की रात पानी चला रहा था। जब पानी चला कर वह लौटा तो उसने देखा कि उसकी बाइक व बाइक के पास रखा मोबाइल चोरी हो गया है। पीड़ित परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और अज्ञात के खिलाफ चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## ग्राम प्रधान व राशन डीलर के पक्षों में पथराव, चार गिरफ्तार

संवाददाता, ढबारसी

- पुलिस ने 100 अज्ञात लोगों पर दर्ज किया मामला

**अमृत विचार :** गांव पुटसल में ग्राम प्रधान व राशन डीलर में पिछले काफी समय से रंजिश चल रही है। शनिवार रात शराब पीकर दोनों में हुई गाली गलौज व मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्षों में पथराव हुआ।

आदमपुर थाना क्षेत्र के पुटसल गांव में ग्राम प्रधान गजराज सिंह व राशन डीलर अमर पाल में पिछले कुछ समय से रंजिश चल रही है। शनिवार रात को ग्राम प्रधान नशे में डीलर अमरपाल को गाली दे रहा था। अमरपाल ने गाली गलौज करने से मना किया तो प्रधान पक्ष के अन्य लोग मौके पर आ गए तथा दोनों पक्षों में गाली गलौज में मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों के लोग छतों पर चढ़ गए तथा पथराव शुरू हो गया। पथराव शुरू होते ही ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया लेकिन पुलिस के खौफ के बिना पथराव जारी रहा। पुलिस ने मौके चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से पकड़े गए चार लोग उमेश पुत्र देवीसहाय, विजय सिंह पुत्र देवी सहाय, नेमपाल पुत्र चन्द्रपाल, जसपाल पुत्र मिश्रीलाल को नामजद व लगभग 100 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने गिरफ्तार चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बलवा करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा गांव में अराजकता का माहौल बनाने, लोक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने की गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।



गजरौला में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## भक्तमाल कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, गजरौला

- कलश यात्रा के बाद शुरू हुई सात दिवसीय कथा

**अमृत विचार :** श्रीमद् भक्त माल कथा के आयोजन का आरंभ कलश यात्रा से किया गया। भारी संख्या में महिला एवं अन्य श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल रहे। शहर के रेलवे स्टेशन रोड बुध बाजार में रविवार से सात दिवसीय श्रीमद् भक्तमाल कथा का आरंभ किया गया। रविवार सवेरे कथा वाचक श्री सत्यकाम कृष्णगौर महाराज के नेतृत्व में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा शहर के बस्ती स्थित मंडी रोड, हनुमान मंदिर, इंदिरा चौक, खादगूजर तिराहा, रेलवे स्टेशन रोड होते हुए बुधबाजार स्थित कथा स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर सुशील गुप्ता, मोहित शर्मा, राध गुप्ता, मोहित गुप्ता, ज्योति, दीपक, मुन्नी देवी, पूनम, सविता, सोनम, पूजा, स्वाति, शालू, मंजू, माया, ललिता, सीमा आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेता के घर हमले के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** कांग्रेस नेता के घर पर चढ़ाई करने के मामले में पुलिस ने नामजद युवक सहित 50 से 60 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। हथियारों से लैस होकर आए आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी।

थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव मानकजुड़ी में कांग्रेस नेता सरदार इंदर सिंह का परिवार रहता है। उनके भाई हंसराज सिंह ने आरोप लगाया कि गांव में रहने वाला रिश्तेदार युवक हिमांशु परिवार से बेवजह रंजिश मानता है। गांव में घूमते हुए उन्हें आए दिन धमकी देता है। इसी रंजिश में उसने तीन जुलाई को 50-60 अज्ञात साथियों के साथ घर पर चढ़ाई की ओर जान से मारने की धमकी दी । सीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि मामले में पीड़ित हंसराज सिंह की तहरीर पर आरोपी हिमांशु समेत 50-60 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## बिजनौर बैराज से गंगा में छोड़ा 1,34,000 क्यूसेक पानी

संवाददाता, गजरौला

**बढ़ा जलस्तर**
- पानी की तेज धार कर रही खेतों का कटान, फसलें बहीं
- रविवार को गंगा का जलस्तर 200.10 मीटर पहुंचा

**अमृत विचार :** बिजनौर बैराज से गंगा में एक लाख 34 हजार क्यूसेक पानी और छोड़ा गया है। जिससे गंगा का जलस्तर 95 सेमी. बढ़ गया है। गंगा नदी फिलहाल उफान पर है। पानी की तेज धार खेतों की ओर कटान कर रही है। किसानों को फसलों की चिंता सता रही है।

पहाड़ों पर हो रही बारिश से बिजनौर बैराज में पानी ओवरफ्लो चल रहा है। ऐसे में बैराज से रोजाना पानी गंगा की ओर छोड़ा जा रहा है। इससे तिगरी गंगा व रामगंगा पोषक नहर पर असर पड़ रहा है। रविवार को बिजनौर बैराज से एक लाख 34 हजार क्यूसेक पानी गंगा की ओर छोड़ा गया। गंगा का शनिवार को जलस्तर 199.15 मीटर में दर्ज किया गया था। जो रविवार को पानी छोड़े जाने के बाद बढ़कर 200.10 मीटर हो गया। गंगा के साथ ही क्षेत्र से होकर बहने वाली रामगंगा पोषक नहर का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। जिससे खादर क्षेत्र में गंगा किनारे की आबादी को बाढ़ की चिंता सताने लगी है। एहतियात क्षेत्र में बाढ़ राहत चौकियों को भी सतर्क किया गया है। जेई बाढ़ खंड सुभाष कुमार ने बताया कि पहाड़ों पर बारिश रुकने के बाद ही जलस्तर में कमी आएगी।



## प्रतिबंधित पशु का दो क्विंटल मांस बरामद

संवाददाता, बढ़ापुर

**अमृत विचार :** बढ़ापुर पुलिस ने वाहन से कई क्विंटल प्रतिबंधित पशु का मांस बरामद किया। कार्रवाई के दौरान वाहन सवार सभी आरोपी भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

बताया जाता है कि शनिवार देर रात मुखबिर द्वारा बढ़ापुर पुलिस को सूचना मिली थी कि इनायतपुर-हरेवली मार्ग पर सीमा के समीप कुछ लोगों को जंगल की ओर दो गोवंशों ले जाते हुए देखा है। आशंका है कि आरोपी गोवंशों का वध करने के लिए लेकर गए हैं। मुखबिर की सूचना पर बढ़ापुर पुलिस द्वारा उपनिरीक्षक विनोद कुमार, दानिश अली अन्य सिपाहियों को भी मौके पर बुला लिया गया। परंतु पुलिस जब तक मौके पर पहुंचती तब तक एक इनोवा जंगल से आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने जब इनोवा को रोककर तलाशी ली तब तक वाहन में सवार सभी आरोपी मौके से भाग गए थे। वाहन की तलाशी लेने पर करीब दो क्विंटल मांस चादर एवं पन्नियों में लिपटा मिला। इसके अलावा पुलिस को वाहन में मांस काटने के औजार कुल्हाड़ी, छुरी, तराजू इत्यादि भी मिले। वाहन में मिले मांस की पुष्टि करने के लिए बढ़ापुर पुलिस इनोवा को थाने ले आई, जहां पशु चिकित्सक को मांस की जांच के लिये बुलाया गया। बताया जाता है कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस उपाधीक्षक नगीना भी थाना बढ़ापुर पहुंचे और आवश्यक जानकारी हासिल करने के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए। मांस से भरी गाड़ी पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक अजय कुमार, विनोद कुमार, मुख्य आरक्षी दीपक कुमा,र उमेश कुमार, पवन कुमार, दानिश अली आदि रहे।

पुलिस ने बताया कि मांस से भरे वाहन को जब्त करने के साथ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये प्रयास जारी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



थाने में खड़ा वाहन जिससे मांस बरामद हुआ। ● अमृत विचार

- पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर दर्ज किया मामला

## धार्मिक यात्रा और जुलूस में नहीं होगा शस्त्रों का प्रदर्शन

संवाददाता, अफजलगढ़

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देश पर कांवड़ यात्रा, मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक की गई।

रविवार को थाने में शांति समिति की बैठक में एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ने कहा कि शांति बनाए रखने में दोनों समुदायों के प्रबुद्धजन, धर्मगुरु पुलिस का सहयोग करें। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से ताजिये की ऊंचाई अधिक न रखें। कोई भी नई परंपरा नहीं शुरू होगी। किसी भी समस्या आने पर उन्हें या थानाध्यक्ष या हल्का इंचार्ज को सूचित कर समस्या का समाधान करा सकते हैं। सीओ अर्चना सिंह ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहारों मनाएं। किसी नई परंपरा अनुमति नहीं होगी। गाइड लाइन का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। धार्मिक यात्राओं और जुलूसों में किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। शांति समिति की बैठक में नफीस कुरैशी, सलीम अंसारी, समाजसेवी जमशेद विकार ने सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सीओ अर्चना सिंह, थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, पूर्व चेयरपर्सन के पति सलीम अंसारी, परवेज विकार, मौलाना इस्माइल नदवी, अय्यूब अंसारी, प्रधान तसव्वुर कुरैशी, रजी अहमद, कासिफ अंसारी, प्रधान छोटे अहमद, मुकीब खां सूरी, शेख इमरोज, दिलशाद, शहजाद, असलम अंसारी, रिजवान नसरुल्लाह, अली अहमद, अनील नारायण, शाहिद कुरैशी, बबलू अहमद, पंडित मुकेश जगमोला, नसीम अहमद, सभासद कादिर अंसारी, प्रधान उमर अहमद, सरदार गुरविंदर सिंह आदि रहे।

## सम्मान के लिए एकजुट हो वाल्मीकि समाज

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशाल पारचा ने कहा कि मोर्चा ही वाल्मीकि समाज के मूल अधिकारों और सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष कर रहा है। समाज के लोग मोर्चा से जुड़कर भगवत प्रसाद मकवाना को मजबूत करें। विशाल पारचा रविवार को पालिका प्रांगण में मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशाल पारचा ने कहा कि शासन और प्रशासन की अनदेखी के करण समाज का उत्पीड़न हो रहा है। समाज के नाम पर अनेक संगठन बने, लेकिन सब बयान बाजी तक सीमित रहे। इसी कारण बर्बादी की दलदल में धंसता रहा। जबकि मोर्चा के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना सबको साथ लेकर समाज के लोगों के अधिकार दिलाने के लिए संघर्षरत है। उन्होंने नौजवानों से मोर्चा के साथ आने का आह्वान किया है। मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सोढ़ी ने कहा के समाज को पैसा नहीं सम्मान और अधिकार चाहिए और इसके लिए समाज को एकजुट होना पड़ेगा। जयपाल सिंह की अध्यक्षता एवं मनोज वाल्मीकि के संचालन में बैठक को रामपाल सिंहा, रनवीर सिंह, अभिनव वाल्मीकि, सचिन वाल्मीकि, मेहर सिंह वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, करण सिंह राणा, राजकुमार चावला, संजय बागड़ी, कुलदीप वाल्मीकि, जंजीत सिंह, अजय कुमार संबोधित कर कहा की छोटे-छोटे समाज शिक्षा और संघर्ष कर तरक्की कर रहे हैं। लेकिन वाल्मीकि समाज शिक्षा के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में बुरी तरह पिछड़ गया है। इससे पूर्व विशाल पारचा, राजेंद्र सोढ़ी, रामलाल वाल्मीकि, जयपाल सिंह वाल्मीकि, अनीता सोढ़ी, रणवीर सिंह को सम्मानित किया गया।



नगीना में बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष। ● अमृत विचार

### बाइक को टक्कर मारकर खंदक में पलटा ट्रक

**नहटौर, अमृत विचार :** नूरपुर मार्ग पर गांव समसपुर के पास बाइक सवार को टक्कर मारकर एक ट्रक सड़क किनारे खंदक पलटा गया। हादसे में बाइक सवार बाल बाल बच गया। गांव ताहरपुर सैद उर्फ तरकौला निवासी जयपाल सिंह बाइक से गांव आंकू की ओर से अपने घर आ रहा था। वहीं एक ट्रक नूरपुर की ओर से जा रहा था। गांव समसपुर के पास ढाबे के निकट अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार ने कूदकर अपनी जान बचाई। बाइक को टक्कर मारकर ट्रक सड़क के दूसरी ओर खदंक में पलट गया। हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली है।

### एक वारंटी गिरफ्तार

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने क्षेत्र के गांव कुंआ खेड़ा खदरी निवासी करनैल सिंह पुत्र लाभ सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि आरोपी एक मामले में न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद फरार चल रहा था। रविवार को बढ़ापुर पुलिस जब कुर्की की कार्रवाई करने के आरोपी के घर गई थी तो वारन्टी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। वारन्टी को गिरफ्तार करने वाली टीम उपनिरीक्षक विनोद कुमार, ध्रवेंद्र शर्मा व सिपाही नौशाद अली शामिल रहे।

### गौरव चौधरी युवा जिला महामंत्री मनोनीत

**किरतपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव युद्धवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष प्रताप चौधरी, धर्मेन्द्र तोमर प्रमुख महासचिव उत्तर प्रदेश व युवा प्रदेश अध्यक्ष शुभम राठी, जिला अध्यक्ष योगेन्द्र प्रधान तथा युवा जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी ने किरतपुर निवासी गौरव चौधरी को युवा जिला महामंत्री मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष योगेन्द्र प्रधान व युवा जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी व मुख्य जिला महासचिव शीशपाल राठी ने कहा कि गौरव चौधरी जाट महासभा के कर्मठ कार्यकर्ता हैं। उनकी लगन व मेहनत को देखते हुए युवा जिला कार्यकारिणी में युवा जिला महामंत्री के पद पर मनोनीत किया है। गौरव चौधरी ने कहा कि संगठन जो जिम्मेदारी मुझे सोपी है उसका वह निर्वाह करेंगे।

## सीवर लाइन घोटाले में तत्कालीन परियोजना अभियंता पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** बिजनौर शहर में सीवर लाइन व सीवर ट्रीटमेंट प्लांट परियोजना में 4 करोड़ 50 लाख के घोटाले में जांच में दोषी पाए छह तत्कालीन अधिकारियों में से एक और तत्कालीन परियोजना अभियंता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दो अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए आदेश हुए थे, एक अधीक्षण अभियंता का देहांत हो गया।

बिजनौर शहर में करीब 13 वर्ष पहले 115 करोड़ रुपये से सीवर लाइन व सीवर ट्रीटमेंट प्लांट परियोजना शुरू हुई थी।व र्ष 2017 में यह परियोजना पूरी हुई। इस परियोजना को लेकर विभागीय टीएससी जांच दल द्वारा वर्ष 2021 में सीवरेज योजना के कार्यों में बरती गई अनियमिताओं की जांच की गई थी। जिसमें ठेकेदार को 4 करोड़ 50 लाख रुपये का अनुचित लाभ पहुंचाना पाया गया। मामले में विभाग के छह अधिकारी दोषी पाए गए थे। उनकी पेंशन व ग्रेच्युटी से वसूली के आदेश जारी किए गए लेकिन वसूली नहीं होने पर रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। वर्ष 2023 में छह तत्कालीन अधिकारियो में से परियोजना प्रबंधक अजय कुमार व संगणक एसके जैन के खिलाफ कोतवाली शहर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। अब इस मामले में फिर से विभाग की ओर से दो तत्कालीन अधिकारी अधीक्षण अभियंता जेके गहलौत व परियोजना अभियंता अमरकांत गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश जारी किए गए। अधीक्षण अभियंता जेके गहलौत का देहांत हो चुका है। अधिशासी अभियंता राकेश चौधरी की ओर से वसूली के लिए परियोजना अभियंता अमरकांत गुप्ता से वसूली के लिए कोतवाली शहर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### लोकेंद्र बने भाकियू के मंडल उपाध्यक्ष

**नहटौर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष ने लोकेंद्र सिंह डोडवाल को मंडल उपाध्यक्ष व संजीव कुमार को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है।

भाकियू अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने क्षेत्र के ग्राम फलौदी निवासी लोकेन्द्र सिंह पुत्र धर्म सिंह को मंडल उपाध्यक्ष तथा ग्राम खजूरा जट निवासी संजीव कुमार पुत्र अमन सिंह को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। संगठन ने उनसे अपेक्षा कि है कि वे संगठन की नीतियों व कार्यक्रम आदि का प्रचार प्रसार करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे। वहीं, नव मनोनीत पदाधिकारियों ने दिए गए दायित्व का निर्वहन सत्य निष्ठा व ईमानदारी से करने की बात कही है। मंडल उपाध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत होने पर कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई।



बैठक से पहले एकत्र शिक्षक। ● अमृत विचार

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए जारी रहेगा संघर्ष : विनीत

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** श्याम नारायण स्मारक इंटर कॉलेज में अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश की बैठक हुई। बैठक में 15 जुलाई से सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यों को जोड़ने का आह्वान किया गया।

रविवार को बैठक में जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत ने कहा कि 15 जुलाई से सदस्यता अभियान चलेगा। जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा संघर्षरत है। महिला विंग जिलाध्यक्ष कामिनी दिवाकर ने संगठन से शिक्षिकाओं को जुड़ने का आह्वान किया। बैठक में सुनील कुमार, अबरार हुसैन, ओमप्रकाश सिंह, मनोज कुमार, नरेश कुमार, रविन्द्र कुमार, अरूण कुमार, कुलश्रेष्ठ, दीनदयाल शर्मा, चंद्रशेखर, हितेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, सुरज मल, जयप्रकाश सिंह, अजय पाल सिंह रहे। बैठक की अध्यक्षता उमेश कुमार एवं कामिनी दिवाकर तथा संचालन महामंत्री सुभाष चन्द्र यादव ने किया।

### युवक का शव बिजली के खंभे से लटका मिला

**धामपुर, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव बिजली के खंभे से लटका मिला। मृत युवक के परिजनों ने गांव के रहने वाले युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को खंभे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नंगला पीपला में रविवार सुबह गांव के शिव कुमार का शव बिजली के खंभे से लटका मिला। सुबह जब लोगों ने शव लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

वहीं मृतक की मां चमनो देवी ने अपने गांव के ही रहने वाले कई लोगों पर अपने बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। इस मामले में धामपुर पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### बाजार गए बुजुर्ग की स्कूटी फिसलने से मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** घर से बाजार के लिए निकले बुजुर्ग की स्कूटी फिसल गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कार्तिकेय कॉलोनी मुखानी निवासी नवीन चंद्र जोशी (80 वर्ष) शनिवार रात स्कूटी से बाजार के लिए निकले थे। कुसुमखेड़ा चौराहे से गुजरते हुए उनकी स्कूटी फिसल जाने से वह बुरी तरह लहूलुहान हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें एक निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।

### बाइक सवारों ने पैदल जा रही महिला से मंगलसूत्र लूटने का प्रयास किया

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** बाइक सवारों ने पैदल जा रही महिला का सोने का मंगलसूत्र लूटने का प्रयास किया और जब विफल हो गए तो उसे धक्का मार दिया, जिससे महिला चोटिल हो गई। लोगों को आता देख बाइक सवार फरार हो गए, जबकि पुलिस का कहना है कि अभी तक चेन स्नेचिंग की कोई तहरीर नहीं आई है।

# 24 घंटे बाद भी नहीं खुला टनकपुर-पिथौरागढ़ हाईवे

## भारी वर्षा और मलबा गिरने से बंद सड़कों को खोलने में हो रही दिक्कत, पूर्णागिरि मार्ग तीसरे दिन भी रहा बंद

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** चम्पावत जिले में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा से जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है। मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा और पर्वतीय इलाकों में पिछले 36 घंटों से मूसलधार वर्षा का सिलसिला जारी है।

टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 24 घंटे बाद भी सुचारू नहीं हो पाया। इससे पिथौरागढ़ और चम्पावत जिलों का सड़क संपर्क पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। इससे पहाड़ और मैदानी क्षेत्र को आने जाने वाले यात्रियों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। रविवार को पांच राज्य मार्ग और 30 ग्रामीण सड़कें मलबा आने से दिनभर बंद रहीं। राष्ट्रीय राजमार्ग के स्वाला के पास लगातार गिर रहे मलबे के कारण दूसरे दिन भी हाईवे सुचारू नहीं हो पाया। स्वाला के पास शनिवार की शाम 5:30 बजे मलबा आने से सड़क बंद हो गई थी। रविवार को दिन भर टनकपुर से चम्पावत, लोहाघाट और पिथौरागढ़ के लिए वाहनों की आवाजाही ठप रही। कई वाहन हल्द्वानी से देवीधुरा-लोहाघाट होते हुए पिथौरागढ़ को रवाना हुए। रविवार को लोहाघाट-पिथौरागढ़ हाईवे पर सिंगदा के पास मलबा आने से कई घंटों तक आवागमन बंद रहा। पांच राज्य मार्ग सहित 30 ग्रामीण सड़कों पर भी वाहन नहीं चल पाए। ग्रामीण सड़कें बंद होने से गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कटा हुआ है। इधर मां पूर्णागिरि धाम के पास तीन दिन पूर्व गिरे चट्टान से आवाजाही यहां बंद है भारी बरसात होने के कारण चट्टान और मलवे को अभी तक नहीं हटाया जा सका है। हालांकि प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को आ रहे श्रद्धालुओं को ककरालीगेट से आगे नहीं जाने दिया जा रहा है।



टनकपुर में उफनाई शारदा नदी से घाट क्षेत्र में बाढ़ का खतरा। ● अमृत विचार



राष्ट्रीय राजमार्ग में आए मलबे को हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

### शारदा नदी उफनाई, घाट क्षेत्र में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा

**टनकपुर, अमृत विचार :** टनकपुर की शारदा नदी भी अप पर चल रही है प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से शारदा घाट व उसके आसपास रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने को कहा है। शारदा घाट से करीब दो दर्जन दुकानों को हटा दिया गया है। एसडीएम आकाश जोशी ने शारदा नदी के घाट क्षेत्र और उसके आसपास रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा है। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से बनबसा पुल से बड़े वाहनों की आवाजाई पर रोक लगा दी गई है। यहां रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है। शारदा नदी से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में भी भू कटाव शुरू हो गया है जिससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।

# होटल में संबंध बनाकर प्रेमी ने बनाई अश्लील वीडियो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वसूले ढाई लाख रुपये

**अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र के एक होटल में प्रेमी ने प्रेमिका के साथ संबंध बनाए और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर प्रेमी के ममेरे भाई और दोस्त ने भी युवती के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद ब्लैकमेल करके युवती से ढाई लाख रुपये भी वसूल लिए। अब आरोपी पांच लाख रुपये और मांग रहा है। पीड़िता की शिकायत पर बारादरी पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के मुताबिक एक साल पहले उसकी दोस्ती शाहजहांपुर के परौर गांव निवासी पारस गुप्ता से हुई थी। इसके बाद दोनों में प्रेम हो गया। युवती का आरोप है कि 12 मार्च को पारस उसे बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र के एक होटल में लाया और यहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसकी वीडियो बना ली। कुछ दिनों बाद पारस गुप्ता के तिलहर निवासी ममेरे भाई और परौर निवासी दोस्त बंटी मिश्रा ने कहा कि पारस ने उसे वीडियो दिया है। यदि कहना नहीं मानोगी तो वीडियो वायरल कर देगा। पारस के ममेरे भाई और बंटी मिश्रा ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती ने बताया कि बदनामी के डर से वह चुप रही। उसने जब पारस से कहा तो वह गालीगलौज करने लगा। इसके बाद आरोपी पारस ने पांच लाख रुपये की मांग की। डर और बदनामी के कारण उसने अपनी मां को पूरी बात बताई, तब मां ने पारस के फोन पे पर 2.50 लाख रुपये भेज दिए। अब आरोपी ढाई लाख रुपये मांगता है और जबरन मिलने को बुलाता है। आरोपी ने धमकी दी है कि वह वीडियो वायरल कर देगा। बारादरी पुलिस ने पारस गुप्ता, बंटी मिश्रा और पारस के ममेरे भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक संगठन एकजुट, आज निकालेंगे रैली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में सोमवार से ऑनलाइन उपस्थिति को लागू किया जा रहा है। इसके विरोध में तमाम शिक्षक संगठन एकजुट हो गए हैं।

उन्होंने सोमवार को इस आदेश के विरोध में आक्रोश रैली निकालने का एलान किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। रैली दोपहर तीन बजे नेहरू युवा केंद्र से शुरू होकर कलेक्ट्रेट पर पहुंचेगी। इसमें संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। शिक्षक नेताओं का कहना है कि ऑनलाइन उपस्थिति को किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। शिक्षकों पर जबरन यह व्यवस्था थोपी जा रही है।

### ऑनलाइन उपस्थिति पर शिक्षक नेताओं के तर्क

ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें बदहाल हैं। बरसात में आए दिन गांवों की सड़कें जलमग्न हो जाती हैं। इस कारण शिक्षकों को स्कूल पहुंचने में देरी होती है। इस संबंध में कोर्ट में याचिका दायर की जा रही है।
**-भानु प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष, यूटा**

ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर सभी जिलों से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। यह आदेश शिक्षकों की छवि के विरुद्ध वातावरण बनाने की मंशा से जारी किया गया है। **-प्रियंका शुक्ला, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ**

ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक सभी एकजुट हैं। जब तक पदोन्नति आदि मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक इस आदेश को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
**-सत्येंद्र पाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, यूटा**

महानिदेशक का यह आदेश शिक्षा हित के लिए किसी भी तरह से हितकारी नहीं। इसके विरोध में यदि सड़कों पर धरना और आंदोलन प्रदर्शन करना पड़ा तो किया जाएगा। **-नरेश गंगवार, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ**

ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था अनुचित है। शिक्षक दूर- दराज के क्षेत्रों से नियमित रूप से स्कूल पहुंचते हैं, लेकिन बरसात, ठंड आदि की वजह से कई बार शिक्षकों को देरी हो जाती है।
**-डा. विनोद कुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ**

# दुष्कर्म का झूठा केस कराने पर महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद के गुलाब बाड़ी निवासी दिनेश सिंह ने आईटीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि काशीपुर निवासी महिला ने 9 फरवरी को उसके भाई अरविंद सिंह के खिलाफ आईटीआई थाने में किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में पॉस्को एक्ट में केस दर्ज कराया था।

अरविन्द कुमार रिश्ते में महिला का जीजा है। महिला ने केस दर्ज होने से पूर्व 25 दिसंबर 2023 को अरविंद को कॉल कर उससे मामले को रफा दफा करने के लिए तीन लाख रुपये की मांग की। दोनों के बीच हुई वार्तालाप रिकॉर्ड है। इससे पूर्व महिला के पति ने भी अरविंद पर दुष्कर्म करने का झूठा आरोप लगाया था। पुलिस ने अरविन्द कुमार और महिला के आवाज का नमूना लेकर फॉरेंसिक जांच कराई। इसके बाद पुलिस ने अरविंद के खिलाफ दर्ज केस में एफआर लगा दी।

# नशे के चंगुल से निकलेंगे युवा तो धर्म परिवर्तन रुकेगा : तौकीर

संवाददाता, बरेली

- मुस्लिम लड़कियों का धर्म परिवर्तन संघ की शह पर किए जाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने मुस्लिम लड़कियों के धर्मपरिवर्तन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उनका आरोप है कि एक मुहिम चलाकर मुस्लिम लड़कियों का धर्म परिवर्तन आरएसएस की शह पर किया जा रहा है। बाकायदा इसके लिए फंडिंग की जा रही है। साजिश किसकी है, इससे ज्यादा अहम यह है कि मुसलमानों की गैरत कहां चली गई। इस सबसे ज्यादा जरूरी है कि यह हो क्यों रहा है। मौलाना ने इसके लिए मुस्लिम नौजवानों में बढ़ती नशे की लत को जिम्मेदार ठहराया है।

मौलाना ने कहा कि जो मुस्लिम लड़की अपना मजहब छोड़ने को तैयार है, आखिरकार उसकी तालीम और घर का माहौल क्या है। दरगाह पर भी बहुत सारे ऐसे लोग आते हैं जो किसी लालच या फिर प्रेम के कारण अपना मजहब बदलना चाहते हैं, हमने ऐसे लोगों को मुसलमान बनाने पर पाबंदी लगाई हुई है। हकीकत यह है कि असल साजिश की तरफ मुसलमानों का ध्यान नहीं जा रहा है। देर रात तक मुस्लिम बस्तियों में नौजवान झुंड लगाए रहते हैं, उनके पास कोई रोजगार नहीं है। किसी घर से लड़की जा रही तो उसकी वजह है कि उसकी बहन जानती है कि भाई इस लायक नहीं कि उसकी शादी कर सकें। इस पर उलमा को भी ध्यान देने की जरूरत है। पुलिस के संरक्षण में मुस्लिम बस्तियों में नशे का कारोबार हो रहा है।

### दो सौ अवैध कॉलोनियों की सूची वेबसाइट पर डाली

**बरेली, अमृत विचार :** बीडीए ने करीब दो सौ अवैध कॉलोनियों की सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड की है। इसके साथ लोगों से अपील की है कि इन कॉलोनियों में प्लॉट या घर न खरीदें। उसकी ओर से अवैध कॉलोनियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जरा सी लापरवाही उनकी मेहनत की कमाई डुबो सकती है। नाथ नगरी के रूप में विकसित हो रहे शहर के आसपास बड़े पैमाने पर प्लॉटिंग कर अवैध कॉलोनियां बनाई जा रही हैं। बीडीए अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाने के बावजूद अवैध कॉलोनी विकसित करने का सिलसिला रुक नहीं पा रहा है। दलालों के जरिए लोगों को झांसे में लेकर अवैध कॉलोनियों में लोगों को प्लॉट और घर भी बेचे जा रहे हैं। बीडीए ने अब लोगों को आगाह करने के लिए करीब 200 अवैध कॉलोनियों की सूची अपनी वेबसाइट पर डाली है। प्रमाणित ग्रुप हाउसिंग की भी सूची डाली है ताकि लोग गलत जगह पूंजी लगाकर पछताएं नहीं। बता दें कि बीडीए ने हाल ही में अवैध रूप से विकसित की जा रही 70 से ज्यादा कॉलोनियों पर कार्रवाई की है। बिना मानचित्र बनाए गए भवनों पर बुलडोजर चलाया है। बीडीए के अफसरों का कहना है कि अवैध निर्माण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह आगे भी जारी रहेगी। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंदन ए ने बताया कि अगर कोई प्लॉट या मकान लेना चाहता है तो अवैध कॉलोनी के बजाय बीडीए से खरीदे। अवैध कॉलोनी में घर खरीदने से धन और समय दोनों बर्बाद होगा। इसलिए प्रापर्टी खरीदने से पहले बीडीए कार्यालय आकर जांच कर लेनी चाहिए। बीडीए ने लोगों के लिए कई आवासीय परियोजनाएं चलाई हैं जिनसे बेहतर सुविधा कहीं नहीं मिल सकती। रामगंगा नगर, नाथधाम, ग्रेटर बरेली में आवेदन कर आसानी से आवास लिया जा सकता है। बैंक से लोन भी मिल सकता है।

# बंद सड़कों को यथाशीघ्र खोलने के दिए निर्देश

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने रविवार को आईटी पार्क स्थित राज्य आपदा कंट्रोल रूम से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जिलों की स्थिति की समीक्षा की।

सुमन ने सभी जिलाधिकारियों को बारिश में भूस्खलन व मलबा आने से बंद एनएच, स्टेट हाईवे, जिला और ग्रामीण मार्गों को खुलवाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि बंद मार्गों पर साइनेज लगाएं तथा जनता तक इसकी जानकारी पहुंचाएं। उन्होंने नदियों के जलस्तर की भी जानकारी ली और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने और नदी-नालों से दूर रहने को लेकर जागरूक करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विभिन्न आपदाओं को लेकर भ्रामक तथा फर्जी पोस्ट अपलोड करने की सूचना है। आम जन में भय और डर का माहौल न रहे इसलिए ऐसे भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट का तुरंत खंडन किया जाए। प्रभावितों को तत्काल राहत राशि देने और 15 जून से अब तक बांटी गई राशि की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

### शिक्षा विभाग में बना कंट्रोल रूम

**देहरादून, अमृत विचार :** बरसाती सीजन को देखते हुए समस्याओं के निवारण के लिए शिक्षा विभाग ने कंट्रोल रूम की स्थापना की है। साथ ही विभाग ने टोलफ्री नंबर भी जारी किया है। जिस पर छात्र-छात्राएं, अभिभावक व शिक्षक अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगे। शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि शिकायतों व समस्याओं के निराकरण के लिए टोल फ्री नंबर 18001804132 भी जारी किया है।

# बारिश से प्रभावित हुआ रोडवेज बसों का संचालन

**काशीपुर, अमृत विचार :** लगातार हो रही बारिश का असर रोडवेज बसों के संचालन पर भी पड़ा। रोडवेज डिपो की दिल्ली रूट पर चलने वाली दो बसों को सवारी नहीं मिलने के कारण दूसरे रूट पर भेजा गया। जिससे रोडवेज डिपो को आर्थिक नुकसान भी हुआ है।

शनिवार से हो रही बारिश ने काशीपुर डिपो की दिल्ली रूट पर चलने वाली बसों का संचालन प्रभावित किया। शनिवार और रविवार को दिल्ली रूट पर सवारी नहीं मिलने के कारण दो बसों का संचालन इस रूट पर रोकना पड़ा और इन बसों को हल्द्वानी रूट पर लगाया गया। जिससे आर्थिक नुकसान को कम किया जा सकें। काशीपुर डिपो के प्रभारी हरेंद्र नितवाल ने बताया कि रामनगर से आगे पुल गिरने के कारण दिल्ली, चंडीगढ़ जाने वाली सवारी रामनगर नहीं पहुंच पाई। जिस कारण यहां से संचालित बसों को दिल्ली रूट से हटाकर हल्द्वानी रूट पर लगाना पड़ा।

# ग्रामीणों ने हटा ली बाबा साहब की मूर्ति

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में लगभग दो माह से भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर की मूर्ति विवादित स्थल से हटाने को लेकर जारी विवाद का रविवार को पटाक्षेप हो गया, जिसमें सुबह करीब आठ बजे ग्रामीणों द्वारा भारी बारिश के बीच स्वयं ही बाबा साहब की मूर्ति विवादित स्थान से ससम्मान हटा ली। इसके लिए प्रशासन की ओर से दो माह में समय-समय पर अनेक बैठकें की गई थीं और अनेक बार गांव में फोर्स लगाकर मूर्ति हटाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन समाधान शनिवार की सायं वार्ता के बाद ही निकल पाया जिसमें ग्रामीणों द्वारा रविवार को स्वयं मूर्ति हटाने का लिखित आश्वासन दिया था और उसी के अनुरूप यह कार्रवाई की गई है। बताया जाता है कि प्रशासन मूर्ति को अन्य जगह स्थापित करने में पूर्ण सहयोग करेगा। बताते चलें कि ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में विवादित भूमि पर स्थापित भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर की मूर्ति हटाने को लेकर जून में कई बार ग्रामीणों के साथ बैठक कर सर्वमान्य हल निकालने का प्रयास किया, लेकिन वार्ता के बावजूद कोई निष्कर्ष नहीं निकल पा रहा था। प्रशासन चाहता है कि ग्रामीण अन्य जगह मूर्ति स्थापित कर मामले का हल करें जिससे आने वाली दस जुलाई को न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराने की रिपोर्ट दी जा सके। दूसरी जगह मूर्ति स्थापित करने की बात पर कुछ लोग राजी भी हो गए थे, लेकिन बाद में ग्रामीणों ने पुनः भूमि से मूर्ति हटाने से इन्कार कर दिया।



विवादित भूमि से बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लेकर जाते ग्रामीण।

- कई बैठकों के बाद भी नहीं निकला समाधान, विवाद खत्म

# भितरघातियों पर कार्रवाई कर सकती है भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लोस चुनाव में पार्टी के कमजोर प्रदर्शन के बाद पर्यवेक्षकों ने की थी आंवला और बरेली में जांच
- दोनों सीटों की रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई पर विचार कर रहा है हाईकमान

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में बरेली और आंवला संसदीय क्षेत्र में भितरघात करने वाले नेताओं पर भाजपा का प्रदेश नेतृत्व जल्द ही कार्रवाई कर सकता है। पार्टी में सुगबुगाहट है कि पिछले दिनों दोनों संसदीय क्षेत्रों में जांच के बाद पर्यवेक्षकों की ओर से दी गई रिपोर्ट मुख्यालय को दे दी गई है। अब भितरघात करने वालों के खिलाफ कार्रवाई पर विचार चल रहा है।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव में इस बार बरेली में आठ बार के सांसद संतोष गंगवार का टिकट काटकर पूर्व विधायक छत्रपाल गंगवार को उतारा था आंवला में दो बार सांसद रह चुके धर्मेंद्र कश्यप पर ही दांव लगाया गया था। पार्टी ने दोनों सीट जीतने के लिए पूरी जान लगाई लेकिन फिर भी आंवला की सीट हाथ से चली गई। बरेली में भी छत्रपाल सिंह काफी मुश्किल से जीत पाए। उन्हें वोट तो पिछली बार से ज्यादा मिले लेकिन जीत का अंतर काफी कम रह गया। आंवला में हार के कारणों और बरेली में जीत का अंतर कम होने की समीक्षा करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया था।

आंवला में कानपुर की विधायक नीलिमा कटियार और पश्चिमी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया ने बतौर पर्यवेक्षक जांच की, जबकि बरेली में समीक्षा के लिए कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सिंह और पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा आए थे। पर्यवेक्षकों की ओर से की गई समीक्षा में दोनों सीटों पर पार्टी के विधायकों से नाराजगी, विपक्ष के संविधान बदलने का मुद्दा, छुट्टा पशुओं की समस्या, अधिकारियों की मनमानी और भितरघात को पार्टी को हुए नुकसान का कारण बताया गया था।

बताया जा रहा है कि पर्यवेक्षकों ने समीक्षा के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश मुख्यालय में दाखिल कर दी है। इसमें बरेली जिला, महानगर और आंवला में भितरघात करने वाले कई नेताओं के नाम शामिल बताए जा रहे हैं। भितरघात करने वालों के नामों को अब तक गोपनीय रखा गया है, लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि पर्यवेक्षकों की ओर से सौंपी गई रिपोर्ट पर प्रदेश स्तर पर विचार चल रहा है। जल्द ही भितरघात करने वालों पर कार्रवाई के बारे में निर्णय लिया जा सकता है।

# मेडिकल कॉलेज की दीवार झुकी, मरीज शिफ्ट

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** लगातार हो रही बारिश लोगों के साथ अब मरीजों के लिए भी आफत बनकर बरस रही है।

रविवार को मेडिकल कॉलेज के 'ए' ब्लॉक की सुरक्षा दीवार झुकने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सुरक्षा की दृष्टि से अस्पताल प्रशासन ने 'ए' ब्लॉक में भर्ती 25 से अधिक मरीजों को 'बी' ब्लॉक भर्ती किया गया। भारी बारिश से जगह-जगह अब भूस्खलन होने लगा हैं। रविवार तड़के बेस अस्पताल के 'ए' वार्ड के समीप बनी दीवार झुक गई। दीवार में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई। जिसके बाद एहतियातन 'ए' वार्ड में भर्ती मरीजों को वहां से 'बी' वार्ड में शिफ्ट करना पड़ा। एमएस डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि वार्ड के समीप की दीवार झुक गई है। इससे एहतियातन वार्ड एक में भर्ती करीब 25 से अधिक मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है।

# अश्लील फोटो बनाकर कर रहा था ब्लैकमेल

संवाददाता, रुद्रपुर

- 376 सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज, थाना ट्रांजिट कैंप में पीड़िता ने दी थी तहरीर

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में लव जिहाद के आरोपी के खिलाफ 376 सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने तहरीर देकर अश्लील फोटो दिखाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था।

अल्मोड़ा की रहने वाली एक युवती ने तहरीर देकर बताया था कि वर्ष 2021 को उसकी मुलाकात अल्मोड़ा स्थित एक फाइनेंस बैंक में कार्य करने वाले युवक से हुई, जिसने अपना नाम समीर बताया और मुलाकात धीरे-धीरे दोस्ती में बदल गई। बताया कि कुछ माह बाद युवक उसे आवास विकास चौकी इलाके के जगतपुरा वार्ड में लेकर आया और किराए के मकान में रहने लगा। आरोप था कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए और जब उसे पता चला कि युवक का असली नाम समीर नहीं, बल्कि खताड़ी रामनगर निवासी सैफ अली है तो उसने युवक से नाराजगी जताई। आरोप था कि युवक ने उसे अश्लील फोटो दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा, जिसके बाद हिंदूवादी संगठनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुष्कर्म की धारा 376 सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# हरियाली बढ़ाने के लिए पड़ोसी देश और राज्यों के बीच बनेगा समन्वय

## नेपाल व सीमावर्ती राज्यों पर इस बार मित्र वन बसाएगी प्रदेश सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 35 वन प्रभागों द्वारा मित्र वन की स्थापना के लिए स्थानों का किया गया चयन
- सीमाओं पर अपनी जमीन पर पौधरोपण के साथ ही दूसरे राज्यों को भी जोड़ेगा वन विभाग

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत पड़ोसी देश नेपाल व उप्र. के सीमावर्ती राज्यों पर मित्र वन बसाएगी। इसके लिए 35 वन प्रभागों में स्थानों को चुन लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर 20 जुलाई को 35 करोड़ पौधरोपण के साथ ही हरियाली बढ़ाने के लिए वन विभाग पड़ोसी देश व राज्यों से भी समन्वय स्थापित कर रहा है।

यही नहीं, सीमाओं पर उप्र. की जमीन में पौधरोपण के साथ ही वन विभाग दूसरे राज्यों के गणमान्यों को इस महाभियान से जोड़ेगा। उप्र. के सीमावर्ती जिलों सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, सोनभद्र, मीरजापुर, प्रयागराज, बुंदेलखंड, बागपत व शामली में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारी की जा चुकी है। दरअसल, बीते दिनों एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल की ओर पौधरोपण को लेकर चिंता भी जाहिर की थी।

### पौध प्रजातियों को चिह्नित करने के निर्देश



प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने 35 वन प्रभागों की ओर से मित्र वन की स्थापना के लिए स्थान का चयन करते हुए नेपाल व सीमावर्ती राज्य के गणमान्य अतिथियों से कराए जाने वाले पौधरोपण के लिए पौध प्रजातियों को चिह्नित करने का भी निर्देश दिया है। अपर मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह ने बताया कि पौधरोपण के लिए नर्सरी में पौधे भी तैयार हो गए हैं। मित्र वन बसाने व उसे समृद्ध बनाने के लिए संबंधित प्रभागों के डीएफओ को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

# भूमि विवाद में अपना दल (एस) नेता की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज, अमृत विचार:** भूमि विवाद में अपना दल (एस) के नेता के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने वाला आरोपी पिस्टल लेकर गांव में घूमता रहा। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो वह खुद को गोली मारने की धमकी देते हुए भागने लगा। पुलिस ने मामले में एसटीएफ को बुलाया, जिसके बाद आरोपी को गिफ्तार किया जा सका। घटना सोरांव थाना क्षेत्र के अब्दालपुर खास के अचकवापुर गांव में रविवार सुबह की है। सोरांव थाना क्षेत्र के अब्दालपुर खास के अचकवापुर गांव के रहने वाले इंद्रजीत पटेल उर्फ़ मोनू (24) अपना दल (एस) विधि मंच के जिला सचिव थे। गांव के ही सर्वेश से करीब 14 वर्षों से दान दी गई भूमि का विवाद चल रहा था।



# बीएल संतोष ने पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को किया उत्साहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपचुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करने का लिया संकल्प

**अमृत विचार:** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष ने निरंतर दूसरे दिन भी उत्तर प्रदेश में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए आगामी चुनावों के लिए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया। इस क्रम में रविवार को उन्होंने राज्य के दलित और ओबीसी नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी नेताओं ने आशानुरुप परिणाम न आने के पीछे अलग-अलग कारण बताए।



सूत्रों के अनुसार, एक बड़ा कारण यह भी सामने आया कि इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संविधान और आरक्षण विषय पर भाजपा विरोधी जो प्रचार किया, उसका समय रहते पार्टी से काट न हो सका। ऐसे में सशंकित एक बड़े वोटबैंक से भाजपा को मत नहीं मिल सके। संगठन महामंत्री को स्थानीय नेताओं ने बताया कि दलित समाज के मन में यह आशंका थी कि सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है। यह एक बड़ा मुद्दा बना जो पार्टी के पक्ष में नहीं गया।

बीएल संतोष के साथ पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में मंत्री असीम अरुण, गुलाब देवी और प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत शामिल रहीं। बैठक में बीएल संतोष ने पार्टीजनों को उत्साहित करते हुए कहा कि संगठन के विस्तार का कार्य निरंतर व अनवरत चलता है। राज्य होने वाले उपचुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ काम करना है।

## सार-संक्षेप

### बरेली-मुरादाबाद समेत 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार :** बारिश का सिलसिला जारी है। बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ, सीतापुर सहित आसपास जिलों में शनिवार से शुरू हुई वर्षा रविवार रुक-रुककर होती रही। मौसम विभाग के मुताबिक, बारिश होने का क्रम 12 जुलाई तक जारी रहने की संभावना है। प्रदेश में बरेली, मुरादाबाद, रामपुर समेत कई 18 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, लखनऊ के नजदीक जनपद सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी सहित अन्य जनपदों में तेज बारिश हुई। कुछ स्थानों पर गरज और चमक भी हुई। 24 घण्टे के भीतर लखनऊ, सीतापुर सहित 18 जनपदों में चमक और गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने के संभावना बनी हुई है। इन जनपदों में भारी से बहुत भारी वर्षा भी हो सकती है। ये स्थिति अगले चार-पांच दिन बनी रहेगी। प्रदेश के मुरादाबाद में सबसे अधिक वर्षा 35.8 मिमी रिकार्ड की गई। दूसरे स्थान पर वाराणसी रहा, यहां 34.8 मिमी बारिश हुई। तीसरे स्थान पर सुल्तानपुर जनपद आया, यहां 34 मिमी वर्षा औसतन रिकार्ड की गई। लखनऊ में .5 मिमी वर्षा हुई।

### 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बुलंदशहर कोतवाली पुलिस ने रविवार को 25 हजार के इनामी अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर बुलंदशहर के अलावा महाराष्ट्र के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित कुल नौ मामले दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कोतवाली क्षेत्र के धमेड़ा बस अड्डे के पास चेकिंग के दौरान बाइक पर जा रहे कुछ लोगों को चेकिंग के उद्देश्य से रोका गया। इस दौरान बाइक सवार भागने लगे। जब इनका पीछा किया गया तो अचानक बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। जवाब में फायरिंग की गई, जिसमें एक बाइक सवार घायल होकर बाइक से गिर पड़ा। जब मौके पर जाकर देखा गया तो वह इनामी अपराधी बादल निकला।

### कांस्टेबल की हत्या के दोषी पूर्व प्रधान व चार को उम्रकैद

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले की एक अदालत ने एक कांस्टेबल की हत्या के तीन साल पुराने मामले में पूर्व ग्राम प्रधान समेत चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें उम्र कैद की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के वकील एमपी सिंह चौहान ने रविवार को बताया कि करहल थाना क्षेत्र के मदापुर गांव में तीन भाइयों इकरार खां, इकबाल खां और आरिफ खां के बीच जमीन के विवाद के निबटारे के लिए गांव के प्रधान चुन्नी लाल दिवाकर ने 25 जून 2021 को पंचायत बुलाई थी। उन्होंने बताया कि गांव के पूर्व प्रधान राजेश पांडे को ग्राम प्रधान चुन्नी लाल की मध्यस्थता में पंचायत होने की बात इस कदर नागवार गुजरी कि उसने पीएसी में कांस्टेबल के पद पर तैनात चुन्नी लाल के भाई महेश की हत्या कर दी।

### बस्तीः श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 20 घायल

**बस्ती, एजेंसी।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र में रविवार को अजमेर शरीफ से लौटकर सीतामढ़ी (बिहार) जा रही यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे बीस यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये है। पुलिस ने बताया कि अजमेर शरीफ से लौटकर सीतामढ़ी बिहार जा रही बस में 45 यात्री सवार थे, जो कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में अनियंत्रित होकर पलट गई। स्थानीय लोगों एवं पुलिस टीम द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पर 6 अन्य घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है और 14 घायलों के हालत में सुधार हो रहा है।

### कांस्टेबल पर दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**औरैया, अमृत विचार।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अग्निशमन विभाग में तैनात एक कांस्टेबल पर युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। साथ ही आरोपित की बहन पर भी धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपित सिपाही और बहन के खिलाफ़ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। औरैया जनपद के सहायल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले युवती ने बताया कि अलीगढ़ जनपद के थाना खैर के गांव नगरिया दरकना निवासी गजेंद्र सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह अग्निशमन विभाग में बतौर कांस्टेबल तैनात है। और वह पहले से शादीशुदा है। युवती का आरोप है कि गजेंद्र ने शादीशुदा होने की बात छुपाई और उसके प्रेम विवाह कर संबध बनाता रहा।

# चीन से 25 दिन बाद आगरा पहुंचा नेवी इंजीनियर का शव

संवाददाता, आगरा

- विगत 12 जून को हृदयाघात से हुई थी मौत

**अमृत विचार:** चीन में विगत 12 जून को हार्ट अटैक से मरे मर्चेंट नेवी इंजीनियर अनिल कुमार श्रीवास्तव का पार्थिव शरीर तमाम कागजी औपचारिकताओं के 25 दिन बाद रविवार की दोपहर यहां उनके घर पर लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शाम करीब पांच बजे शाहगंज मल्ल का चबूतरा के निकट स्थित श्मशान स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया।

इससे पूर्व दिल्ली एयरपोर्ट से एंबुलेंस उनके शव को लेकर चाणक्यपुरी शाहगंज स्थित साईंधाम रेजीडेंसी निवास पर पहुंची। इस दौरान गमगीन हुए माहौल में मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाने प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री व क्षेत्रीय विधायक योगेंद्र उपाध्याय भी पहुंचे। उपाध्याय से बात करते हुए मृतक की पत्नी अंजुलता ने चीन सरकार के द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि चीन सरकार द्वारा शव भेजने में ढिलाई पर आगरा के सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप का आग्रह किया था।



परिजनों को ढांढस बंधाते कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय।

# प्रदेश में रेशम उद्योग को बढ़ावा देने की तैयारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में कारोबारी माहौल को बढ़ाकर वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही प्रदेश सरकार रेशम उद्योग को भी बढ़ावा देने को तैयार है। इसी क्रम में, अब महराजगंज, बस्ती, सहारनपुर व औरैया को मल्टी एंड रीलिंग यूनिट्स से लैस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन रीलिंग यूनिट्स के अंतर्गत 10 बेसिन यूनिट्स की क्रय प्रक्रिया रेशम विभाग ने शुरू कर दी है।

इस क्रय प्रक्रिया को कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी द्वारा पूरा किया जाएगा, जिसे रेशम विभाग नियुक्त करेगा। कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी को कार्य आवंटन के बाद 90 दिनों के भीतर इन सभी युनिट्स को निर्धारित जिलों में डिलिवर व इंस्टॉल करना होगा। कार्य को पूरा करने के लिए रेशम विभाग की ओर से आवेदन मांगे गए हैं।

# लंबे समय तक अलगाव विवाह विच्छेद की वजह नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तलाक के मामले में तलाक के कारणों की व्याख्या करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय तक अलगाव रहने की स्थिति में विवाह को पूरी तरह से टूटा हुआ नहीं माना जा सकता है। विवाह को पूरी तरह से टूटा हुआ तभी माना जा सकता है, जब दोनों पक्षों में से किसी एक ने स्वेच्छा से दूसरे को छोड़ दिया हो और पक्षकार लंबे समय तक उसी स्थिति में बने रहे हैं तो अन्य परिस्थितियों को देखते हुए विवाह को पूरी तरह से टूटा हुआ माना जा सकता है। कोर्ट ने माना कि वैवाहिक जीवन में परेशानियों के बावजूद पक्षकारों के बीच संबंध बने रह सकते हैं। अलगाव की अवधि के आधार पर पति और पत्नी को तलाक नहीं दिया जा सकता है।



उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने महेंद्र कुमार सिंह की तलाक याचिका की अस्वीकृति के खिलाफ दाखिल अपील को खारिज करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार पत्नी विवाह के बाद से पति और सास-ससुर के साथ वाराणसी में रह रही थी, लेकिन ससुर की मृत्यु के बाद पति/अपीलकर्ता को मिर्जापुर में अनुकंपा नियुक्ति मिल गई।

### उड़ानों की घटती संख्या पर हस्तक्षेप की मांग

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रयागराज से उड़ानों की घटती संख्या के मामले में कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग करते हुए एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। याची ने हाईकोर्ट से प्राधिकारियों को बंद की गई उड़ानों को फिर से शुरू करने और 2025 में महाकुंभ के मद्देनजर अधिक उड़ानें शुरू करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है।

# बारिश से चरमराई बिजली आपूर्ति, लोग परेशान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थानीय खराबी के चलते ज्यादातर हिस्सों में बाधित हुई बिजली

**अमृत विचार :** बारिश के कारण रविवार को प्रदेश में बिजली की मांग घट गई। अधिकतम मांग लगभग 22 हजार मेगावाट दर्ज हुई, पर स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट की चपेट में आ गये। घंटों बिजली आपूर्ति चालू न होने के कारण लोग परेशान रहे।

यूपी पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, रिजर्व शट डाउन पर भेजी गईं टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट क्षमता की चार इकाइयां और हरदुआगंज की 250 मेगावाट व 105 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों में उत्पादन ठप रहा। दूसरी ओर, तकनीकी खराबी के कारण ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट व 250 मेगावाट, ओबरा बिजलीघर की दो-दो सौ मेगावाट की दो इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। इससे करीब 1522 मेगावाट बिजली उत्पादन कम रहा। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति के साथ स्थिति काबू में की गई।

### नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए आज से शुरू होगी सुनवाई

प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए सोमवार से सुनवाई शुरू होगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग कानपुर में केस्को कार्यालय में उपभोक्ताओं का पक्ष सुनेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं का पक्ष मजबूती से रखा जाएगा। किसी भी हाल में प्रदेश में नई बिजली दरें बढ़ने नहीं दी जाएंगी।

# रिटायर्ड सीएमओ से 1.26 करोड़ की ठगी में पति-पत्नी और भाई गिरफ्तार

संवाददाता, प्रयागराज

- 5वीं पास शबीना ने विदेश में बैठे दोस्तों संग खेला खेल

**अमृत विचार:** शहर में रिटायर्ड सीएमओ आलोक वर्मा से ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर 1.26 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह की सरगना शबीना, उसके पति सुहैल मोहम्मद और भाई अमीरुद्दीन को साइबर थाने की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। तीनों गुजरात के सूरत जिले के रानडेर के निवासी है।

डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि रिटायर्ड सीएमओ ने ने 29 अप्रैल 2024 को साइबर थाने में मामले की शिकायत की थी। इंस्पेक्टर साइबर थाना राजीव तिवारी की टीम ने शबीना, उसके पति सुहैल और भाई अमीरुद्दीन की जानकारी जुटानी शुरू कर दी। जानकारी होने पर सिपाही लोकेश पटेल, अतुल त्रिवेदी, रणवीर सिंह, प्रदीप यादव, अनुराग यादव, प्रियांशी सिंह और शिखा सिंह ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

## वर्ग पहेली-124

**बाएं से दाएं**

3. निवास स्थान, रहने का स्थान।
4. दूसरों की आंख बचाकर छोटी-मोटी चीज़ें उठा या चुरा लेने वाला।
6. कश्मीर तथा अफ़गानिस्तान और फ़ारस आदि पश्चिमी एशियाई क्षेत्रों में पाया जाने वाला एक सीधा छतनार पेड़ जो बगीचों में शोभा के लिए लगाया जाता है, बनझाऊ।
7. 1. उम्मीद, आस, आशा 2. सहारा, अवलंब 3. शरण 4. सहायक 5. आश्रय, आधार।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ऊपर चढ़ना, आरोहण 2. सवार होना 3. धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाना।
2. वह धन जो किसी वस्तु के लिए या किसी को कोई काम करने के लिए पहले ही दे दिया जाए, अग्रिम धनराशि, बयाना, (एडवांस)।
3. 1. घुड़सवार सेना का नायक या अफ़सर 2. एकत्रित किए गए राजस्व को राजकीय कोषागार तक ले जाने वाले दल का प्रमुख।
5. 1. हंस, राजहंस 2. परमात्मा, ईश्वर 3. एक समवर्णिक छंद 4. श्रेष्ठ राजा।



### वर्ग पहेली-123 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 गा | | 2 अ |
| 3 प | रि | सी | मा | | नु |
| ली | | | कि | | क |
| द | | | र | | थ |
| | 4 घू | र | ण | 5 मा | न |
| 6 ख | | | | शू | |
| ज | | 7 लु | ढ़ | का | ना |

# कन्नौज में भाजपा नेता के भाई को थानाध्यक्ष ने सरेआम पीटा

**छिबरामऊ-कन्नौज, अमृत विचार :** वाहन चेकिंग का कारण पूछने पर थानाध्यक्ष का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और भाजपा नेता के भाई को सरेबाजार पीट दिया। पुलिस की पिटाई से उसकी नाक की हड्डी टूट गई और आंख व कान में भी गंभीर चोटें आईं हैं। जानकारी पर पहुंचीं भाजपा विधायक ने थानाध्यक्ष को जमकर फटकार लगाई और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। रविवार को विशुनगढ़ कस्बे में थानाध्यक्ष देवेश कुमार पाल बिना वर्दी में चेकिंग कर रहे थे। उसी समय उधर से गुजर रहे भाजपा विशुनगढ़ मंडल अध्यक्ष के भाई नीलेश द्विवेदी उर्फ नीलू ने चेकिंग का कारण पूछा। बस इसी बात पर थानाध्यक्ष भड़क गए और नीलू को गाली देने लगे। जब गाली देने से मना किया तो थानाध्यक्ष का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने नीलू को पकड़ लिया। इसके बाद सरेबाजार उनकी लात-घूसों से पिटाई शुरू कर दी। आसपास मौजूद लोग और दुकानदार तमाशबीन बने रहे।

# अबकी बार सोना 75 हजार रुपये पार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सहालग के पहले दिन से ही सोने की चमक बढ़ना शुरू हो गई है। पीली धातु के 24 कैरेट का भाव 75,200 रुपये प्रति दस ग्राम पहुंच गया है। वहीं सफेद धातु भी 94 हजार रुपये प्रति किलो के पार निकल गई है। बुलियन कारोबारियों का मानना है कि तेजी से चढ़ते भाव को देख कर कहा जा सकता है कि सोना रिकार्ड स्तर की ओर बढ़ रहा है। सहालग में ही रिकार्ड स्थापित कर देगा। चांदी अब तक के सबसे ज्यादा रेट पर है। इसमें तीन प्रतिशत जीएसटी शामिल है।



### कीमतें बढ़ने के तमाम कारण मान रहे कारोबारी

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के स्टेट हेड अनुराग रस्तोगी बताते हैं कि कीमत बढ़ने का कारण केवल सहालग ही नहीं है। वैश्विक पटल पर उथल-पुथल, देशों के बीच युद्ध की विभीषिका और भंडारण से सोने की चमक बढ़ रही है। भले ही आमजन की पकड़ से सोना दूर हो रहा है। निवेशकों के लिए भी सोना पसंदीदा धातु है।

# भवनों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों से ज्यादा टैक्स वसूली

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार बड़े शहरों की तरह छोटे शहरों में भी भवनों का व्यवसायिक उपयोग कर ज्यादा मुनाफा कमाने वालों से दो से तीन गुना तक हाउस टैक्स लेगी। फिलहाल यह व्यवस्था केवल नगर निगम वाले 17 शहरों में ही लागू थी। अब नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में भी इसी तरह हाउस टैक्स की वसूली की जाएगी। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस बाबत मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद उप्र. नगर पालिका नियमावली-2024 जारी कर दी है। इसके आधार पर अब नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में भी हाउस टैक्स की वसूली होगी। इन शहरों में रहने वाले भवन स्वयं अपना हाउस टैक्स तय कर निकायों में जमा कर सकेंगे। नियमावली के अनुसार सरकारी छात्रावास, राजकीय या सहायता प्राप्त संस्थानों, नों स्वीमिंग पुल, क्रीड़ा केंद्र, जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केंद्र, थियेटर केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम वाले, संगीत व नृत्य केंद्र से नियत दर के समान हाउस टैक्स लिया जाएगा।

## सुडोकू-37

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 5 | 4 | | |
| 5 | | | | 3 | 1 | | 2 | 8 |
| | | 2 | | | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | 3 | | 9 | |
| | 1 | | 4 | | 2 | | 5 | |
| | 3 | | 7 | 5 | | | | |
| 4 | 8 | | | | | 2 | | |
| 9 | 5 | | 2 | 6 | | | | 1 |
| | | 1 | 3 | | | | 7 | |

### सुडोकू -36 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 1 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 8 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 8 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 7 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया पूर्ण रात्रि तक।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 06.03 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** — आज आप आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। लगातार प्रयासरत रहने और मेहनत करने की प्रवृत्ति से आपको लाभ होगा। आप अपने निजी कार्यों को बहुत समय देंगे। आप अपने घर में बोरियत महसूस करेंगे, थोड़ा तनाव हो सकता है।

**वृष** — आज का दिन परिवार में उत्सव का माहौल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको प्रसिद्धि मिल सकती है। जीवनसाथी की बातें आपके ऊपर काफी असर डालेगी। व्यापार में नए संपर्क विकसित होने की संभावना है।

**मिथुन** — आज आपको करियर में अच्छे मौके मिल सकते हैं। आप अपने कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। धन की बचत करने का विचार बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में रोमांटिक भाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**कर्क** — आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के दम पर आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह** — आज धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिवार की समस्याओं को सुलझाने में सफलता मिलेगी। मनोरंजन पर आप धन खर्च कर सकते हैं। शासन की योजनाओं का लाभ उठाएंगे।

**कन्या** — आज पैतृक व्यवसाय में आप काफी सक्रिय रहेंगे। सहकर्मियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। एकाग्रचित्त होकर आपको काम करना चाहिए। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के प्रति आपकी निकटता बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन के लिए शुभ नहीं है।

**तुला** — आज के दिन पारिवारिक जीवन काफी सुखद रहने वाला है। आपको अपनी कार्यशैली पर काफी ध्यान देने की आवश्यकता हैस, जिसके कारण आप भविष्य में काफी लाभ उठाएंगे। आप किसी सामाजिक और धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आयात-निर्यात संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। नए संबंध आपको आगे बढ़ने में काफी मदद करेंगे। नया कारोबार शुरू करना चाह रहे हैं तो सरकारी एजेंसियों और बैंकिंग संस्थाओं का सहयोग आपको प्राप्त हो सकता है।

**धनु** — आज आपकी निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। आपकी वाणी में मिठास बढ़ेगी। व्यक्तिगत जीवन बहुत आनंदमय रहेगा। इस महीने प्रियजन आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को बहुत बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर** — आज का दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहने वाली है। घर की साज-सजावट में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। माता-पिता का विशेष आशीर्वाद आपको प्राप्त होगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कारोबार से जुड़ी यात्राओं के होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज सामाजिक कार्यों में आप बहुत सक्रिय रहने वाले हैं। निर्माण कार्यों से जुड़ी परियोजनाओं में बड़ा धन लाभ हो सकता है। दूसरों के विवादों में आप मध्यस्थ हो सकते हैं। अटके हुए कानूनी मामलों पर निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है।

**मीन** — आज आपकी कार्यकुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे व प्रेरणा भी लेंगे। जीवनसाथी का व्यवहार आपके प्रति बेहद सहयोगात्मक और रोमांटिक हो सकता है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी लापरवाह हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
मजाल — सुबह : 09.55
जो बोले सो निहाल — रात : 07.38

&pictures
एतराज — सुबह : 10.45
गुडबाय — रात : 08.00

Sony Pix
जॉन विक — सुबह : 11.41
रैमपेज — रात : 09.00

Zee Cinema
बागी — सुबह : 09.03
महाबली — शाम : 05.30

Colors Cineplex
आर...राजकुमार — सुबह : 10.51
हिडिंभा — रात : 07.57

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- जरा किचन से आलू लेते आना।
पति- यहां तो कहीं आलू दिख नहीं रहे हैं।
पत्नी- तुम तो हो ही अंधे, कामचोर हो, एक काम ढंग से नहीं कर सकते, मुझे पता था कि तुम्हें नहीं मिलेंगे, इसलिए मैं पहले ही ले आई थी।
अब आदमी की कोई गलती हो तो बताओ!

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था, चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता - और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।

## एक नजर

### तेलंगाना में 2.98 करोड़ रुपये का सोना जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद जोन यूनिट के राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) अधिकारियों ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2,98,90,780 रुपये मूल्य का 3 .982 किलोग्राम सोना जब्त किया। डीआरआई की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अधिकारियों ने विदेश से तस्करी कर लाये गये सोने को कोलकाता से बस से लाये जाने के संबंध में विशिष्ट खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को कोलकाता से हैदराबाद की बस में यात्रा कर रहे दो व्यक्तियों को पकड़ा। जांच से पता चला कि तस्करी का सोना दोनों व्यक्तियों द्वारा पहने गए कपड़े में बड़ी चालांकि से छुपाया गया था। डीआरआई अधिकारियों ने बताया की मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में पांच नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार को जगरगुंडा पुलिस थाना क्षेत्र में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स और जिला बल ने संयुक्त अभियान चलाया था। अभियान के दौरान सुरक्षा दल ने नक्सलियों को गिरफ्तार किया। नक्सलियों की पहचान चिंतलनर पुलिस थाना क्षेत्र निवासी हेमला पाला (35), हेमला हुंगा (35), सोडी देवा (25), नुप्पो (20) और कुंजम मासा (28) के रूप में हुई है, और सभी सुरपंगुडा क्षेत्र में मिलिशिया सदस्य के रूप में सक्रिय थे। अधिकारियों ने बताया कि उनके पास से दो देसी बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) गोले, एक टिफिन बम, सात जिलेटिन छड़ें, नौ डेटोनेटर, विस्फोटक पाउडर और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बनाने में इस्तेमाल होने वाले अन्य सामान बरामद किए गए।

### जम्मू: मंदिर में तोड़फोड़ आरोपी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू के बाहरी इलाके में एक गांव में कथित तौर पर एक मंदिर में तोड़फोड़ की गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना होने के कुछ घंटों के भीतर आरोपी को पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने शनिवार देर रात जम्मू के पास नगरोटा के नारायण खू इलाके में पूजा स्थल में तोड़फोड़ की। स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने जम्मू जिले में कल शाम नगरोटा में हुई धार्मिक स्थल की तोड़फोड़ और आगजनी के मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है।

# भव्य रथयात्रा के लिए पुरी में लाखों श्रद्धालु उमड़े, गूंजा जय जगन्नाथ

## बारहवीं शताब्दी के मंदिर और तीन किलोमीटर लंबी भव्य सड़क के चारों ओर झांझ की ध्वनि गूंज उठी

**पुरी, एजेंसी**



पुरी में वार्षिक रथ यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, दिशा के राज्यपाल रघुबर दास और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान। ● एजेंसी

ओडिशा की इस तीर्थ नगरी पुरी के जगन्नाथ मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्री जगन्नाथ और उनके भाई-बहन श्री बलवद्र और देवी सुभद्रा की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा देखने के लिए देश भर से लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े। बारहवीं शताब्दी के मंदिर और तीन किलोमीटर लंबी भव्य सड़क के चारों ओर जय जगन्नाथ, हरोबोल के नारे और झांझ की ध्वनि गूंज उठी।

मंदिर के सेवकों - दैतापतियों द्वारा अपने-अपने रथों को मंदिर के गर्भगृह से जोड़कर देवताओं को रत्न सिंहासन से बाहर निकाले जाने के कारण इसे बड़ा डंडा के नाम से जाना जाता है। इस बार लगभग 53 वर्षों के अंतराल के बाद, नेत्र उस्तव, देवताओं के नबजौबन दर्शन और रथ यात्रा जैसे अनुष्ठान सात जुलाई को एक ही दिन में किए गए। चूंकि सभी तीन प्रमुख अनुष्ठान रविवार को एक ही दिन में किए गए है इसलिए सड़क पर कुछ मीटर नीचे लुढ़कने के बाद रथों को खींचने की प्रक्रिया निलंबित होने की पूरी संभावना है। यात्रा सोमवार सुबह अपने अंतिम गंतव्य जगन्नाथ मंदिर से तीन किलोमीटर दूर स्थित गुंडिचा मंदिर के लिए फिर से शुरू होगी। मंदिर के सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु न केवल रथ यात्रा के दौरान मौजूद रहेगी बल्कि रथ भी खींचेंगी।

सेवकों ने सुबह-सुबह देवताओं को गोपाल भोग (नाश्ता) चढ़ाया, जिसके बाद उन्हें रत्नवेदी से एक औपचारिक पहांडी बिजे में मंदिर के बाहर खड़े उनके संबंधित सुसज्जित रथों पर ले जाया गया। मंदिर के सैकड़ों सेवक शंख ध्वनि के बीच देवताओं को अपने कंधों पर उठाकर आनंद बाजार और बैशी पहाचा (मंदिर की बाईस सीढ़ियाँ) से होते हुए मंदिर से लायंस गेट तक ले गए। इस दौरान सोलह पहियों वाला श्री जगन्नाथ का लाल रथ और पीला नंदीघोष, 14 पहियों वाला बलभद्र का लाल और हरा तालध्वज और एक दर्जन पहियों वाला देवी सुभद्रा का लाल और काला देवदलन, मंदिर के मुख्य दरवाजे के बाहर पंक्तिबद्ध खड़े रहे। परम्परा के अनुसार श्री बलवद्र को सबसे पहले रत्न वेदी से बाहर निकाला गया और औपचारिक पहांडी बिजे के माध्यम से तालध्वज नामक रथ में स्थापित किया गया। उसके बाद देवी सुभद्रा को दर्पदलन रथ पर स्थापित किया गया। अंत में श्री जगन्नाथ जिन्हें लाखों भक्त प्यार से कालिया भी कहते हैं, को नंदीघोष रथ में स्थापित किया गया।

भक्तों ने जैसे ही देखा कि देवता गुंडिचा की नौ दिवसीय यात्रा शुरू करने के लिए रथों पर चढ़ने के लिए मंदिर से बाहर आ रहे हैं तो उन्होंने हरिबोल और जय जगन्नाथ के नारों से आसमान गुंजायमान कर दिया और मंदिर के सिंह द्ववार की ओर दौड़ पड़े। लायंस गेट से गुंडिचा मंदिर तक ग्रैंड रोड के दोनों ओर स्थित सभी इमारतों की छतें सुबह से ही भक्तों से भरी हुई हैं। सभी गलियां और गलियां भी श्रद्धालुओं से खचाखच भरी रहीं।

### माचिस की तीलियों और लकड़ी से बनाया श्री जगन्नाथ का छोटा रथ

**बरहामपुर (ओडिशा)।** बरहामपुर के एक व्यवसायी ने रविवार को रथयात्रा के मौके पर पर्यावरण अनुकूल एक उत्कृष्ट कलाकृति पेश की। यह एक लघु रथ और भगवान जगन्नाथ की मूर्ति है, जिसे माचिस की तीलियों और बेकार पड़ी लकड़ी से तैयार किया गया है। सत्य नारायण मोहराणा (47) द्वारा निर्मित लघु नंदीघोष तीन इंच लंबा और दो इंच चौड़ा है, जबकि देव मूर्ति की ऊंचाई केवल एक इंच है। भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ की यह जटिल प्रतिकृति न केवल उनकी उल्लेखनीय शिल्पकला का प्रमाण है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। मोहराणा ने रथ के सभी तत्वों की नकल की, जिसमें 16 पहिये, चार घोड़े और एक सारथी शामिल है। पहिये बेकार लकड़ी से बने हैं जबकि पूरा रथ और उसके घटक माचिस की तीलियों से बनाए गए हैं। कलाकार ने तीलियों को जोड़ने के लिए गोंद का इस्तेमाल किया और भगवान और रथ के अन्य हिस्सों को जीवंत बनाने के लिए रंगा है। मोहराणा ने कहा, इस मूर्ति को बनाकर मैं समाज को यह संदेश देना चाहता हूं कि प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग किए बिना पर्यावरण अनुकूल रथ यात्रा मनाई जाए। पेशे से व्यवसायी मोहराणा पिछले 10 वर्षों से रथ यात्रा के लिए भगवान जगन्नाथ के छोटे-छोटे रथ और मूर्तियां बनाते आ रहे हैं।

# आंध्र और तेलंगाना मेरी दो आंखों के समान: चंद्रबाबू

**हैदराबाद, संवाददाता**

● पदभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री ने पहली बार नन्दमूरि तारक रामाराव भवन का दौरा किया

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना उनके लिए उनकी दो आंखों के समान हैं। नायडू ने मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभालने के बाद पहली बार आज यहां नन्दमूरि तारक रामाराव (एनटीआर) भवन का दौरा किया।

उन्होंने आंध्र प्रदेश में पार्टी की जीत में योगदान देने वाले तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के तेलंगाना कैडर की कड़ी मेहनत की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। नायडू ने कहा कि उन्हें बिना किसी कारण जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने हैदराबाद के लोगों द्वारा उनके प्रति व्यक्त की गयी चिंता लिए आभार व्यक्त किया। नायडू ने दावा किया कि वाईएसआरसीपी शासन की वजह से हुई क्षति राज्य के विभाजन से हुई क्षति से अधिक है।

## जेपी नड्डा ने जम्मू में रघुनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

**जम्मू।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को यहां ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर में दर्शन किए। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव व जम्मू कश्मीर के प्रभारी तरुण चुघ तथा सांसद जुगल किशोर और पूर्व मंत्री प्रिया सेठी ने नड्डा का मंदिर में स्वागत किया। नड्डा भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति बैठक में भाग लेने शनिवार दोपहर जम्मू पहुंचे।

# उद्धव ठाकरे पर शिंदे का पलटवार

**छत्रपति संभाजीनगर/नागपुर, एजेंसी**



● मुख्यमंत्री ने कहा, बजट में घोषित सभी योजनाएं स्थायी हैं

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे पर पलटवार करते हुए कहा कि राज्य के हालिया बजट में घोषित सभी योजनाएं स्थायी हैं क्योंकि उनके लिए प्रावधान किए गए हैं। इन योजनाओं के तहत महिलाओं को तीन मुफ्त गैस सिलेंडर और मासिक सहायता प्रदान किया जाना है।

शिंदे की यह प्रतिक्रिया उद्धव के उस बयान के जवाब में आयी जिसमें उन्होंने रविवार को आरोप लगाया कि एकनाथ शिंदे सरकार की मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए है और यह योजना दो-तीन महीनों में बंद हो जाएगी। शिंदे ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा, महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये और सालाना 18,000 रुपये देने की योजना, साथ ही तीन सिलेंडर मुफ्त देना बहनों के लिए रक्षा बंधन का उपहार है। किसानों के बिजली बिल माफ करने की योजना भी स्थायी है। सभी (मौद्रिक) प्रावधान किए गए हैं। यह लंबे समय तक चलने वाली योजना है। पिछले सप्ताह विधानसभा में पेश किए गए बजट में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले रियायतों की घोषणा की। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के अक्टूबर-नवंबर में होने की संभावना है।

## बिहार में 24 घंटे में वज्रपात से 10 लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के नौ जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात के कारण हुई मौतों पर गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से नालन्दा में दो, वैशाली, भागलपुर, सहरसा, रोहतास, सारण, जमुई, भोजपुर और गोपालगंज में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

# इमारत ढहने की घटना में मृतकों की संख्या हुई सात

**सूरत, एजेंसी**



सूरत में एक इमारत गिरने के बाद जारी बचाव अभियान। ● एजेंसी

गुजरात के सूरत शहर में छह मंजिला इमारत ढहने की घटना में रात में छह और शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इमारत के किराएदारों से किराया वसूलने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और उस पर तथा इमारत के दो मालिकों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार पाल इलाके में स्थित यह आवासीय इमारत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी और शनिवार दोपहर करीब 2:45 बजे ढह गई। सूरत पुलिस ने एक बयान में कहा कि बचाव अभियान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की दो टीम, पुलिसकर्मी और दमकलकर्मी शामिल थे। करीब तीन घंटे के अभियान के बाद वे कशिश शर्मा नाम की 20 वर्षीय महिला को निकालने में सफल रहे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। एक अधिकारी ने पहले बताया था कि शनिवार रात को एक व्यक्ति का शव निकाला गया। पुलिस के अनुसार बचाव दल ने बाद में मलबे से छह और शव निकाले।

# लोको पायलटों को लेकर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● कांग्रेस नेता राहुल गांधी बोले- मुद्दे को संसद में उठाएंगे

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार ने लोको पायलटों के जीवन की रेल को पटरी से उतार दिया है और उनके जीवन को बहुत कठिन बना दिया है इसलिए वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे।

गांधी दो दिन पहले नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों से मिले थे और उन्होंने लोको पायलट की समस्याएं सुनी। इस दौरान लोको पायलेट्स ने उन्हें अपनी दिक्कतें बताई और कहा कि उनका जीवन बहुत कठिन हो गया है। उनसे बहुत ज्यादा काम लिया जाता है, छुट्टी नहीं दी जाती है और उन्हें पर्याप्त आराम नहीं मिलता जो रेल दुर्घटनाओं की भी एक वजह है। गांधी के लोको पायलट से मुलाकात का वीडियो कांग्रेस ने रविवार को अपने ट्विटर हैंडल पर जारी किया जिसमें पायलेट अपनी समस्या गांधी को बता रहे है।

कांग्रेस नेता ने उनकी समस्याएं सुनने के बाद कहा कि मोदी सरकार में लोको पायलटों का जीवन बेहद मुश्किल हो चुका है। कांग्रेस नेता ने कहा, लगातार और बिना छुट्टी के काम करने की वजह से लोको पायलटों शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं।

## कारोबार/कृषि

### बजट से आस

### बजट में बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा चाहता है होटल उद्योग

नई दिल्ली। आतिथ्य क्षेत्र की कंपनियां चाहती हैं कि सरकार आगामी आम बजट में होटल क्षेत्र को बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा प्रदान करे, इससे नई संपत्तियों में निवेश अधिक आकर्षक बन सकेगा। उनका कहना है कि होटल क्षेत्र देश की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे 'लक्जरी' के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा यह उद्योग चाहता है कि सरकार को आतिथ्य क्षेत्र को टिकाऊ और पर्यावरणनुकूल व्यवहार को अपनाने के लिए कर छूट या सब्सिडी के रूप में प्रोत्साहन देने पर पर विचार करना चाहिए। आतिथ्य क्षेत्र की कंपनियां चाहती हैं कि सरकार आगामी बजट में पर्यटन एजेंडा में तेजी लाने पर ध्यान दे क्योंकि यह देश के आतिथ्य क्षेत्र को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान देने का महत्वपूर्ण 'इंजन' और रोजगार सृजन का जरिया बनाने का बड़ा अवसर है।

### कर रियायतें, प्रभावी आईपीआर व्यवस्था चाहता है फार्मा उद्योग

**नई दिल्ली।** घरेलू फार्मास्युटिकल उद्योग चाहता है कि सरकार आगामी बजट में क्षेत्र में शोध एवं विकास (आरएंडडी) को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट कर में रियायत दे और एक प्रभावी बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) व्यवस्था स्थापित करने के लिए कदम उठाए। इससे देश में फार्मा उद्योग की वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा। ऑर्गेनाइजेशन ऑफ फार्मास्युटिकल प्रोड्यूसर्स ऑफ इंडिया के महानिदेशक अनिल मताई बजट को लेकर उद्योग की मांग रखते हुए कहा कि सरकार शोध एवं विकास को बढ़ावा देने के कदम उठाए। इसके लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों को शोध एवं विकास से संबद्ध प्रोत्साहन दिए जाएं।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में लोगों का उत्साह, उत्कृष्ट कार्य सबसे बड़ी ताकत: मोदी

## इनक्यूबेशन इनोवेशन फंड के सातवें स्थापना दिवस पर मोदी का लिखित संदेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



● प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को कहा

● विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करना और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना उपलब्धियां

● वार्षिक इनोवेशन कॉन्क्लेव का विषय प्रभावकारी विचार: नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में भारतीयों का उत्कृष्ट कार्य तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का उत्साह देश की सबसे बड़ी ताकत है। जैन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन (जेआईटीओ) के इनक्यूबेशन इनोवेशन फंड के सातवें स्थापना दिवस पर लिखित संदेश में मोदी ने कहा कि भारत के प्रति दुनियाभर में जिस तरह का आशावाद और भरोसा देखा जा रहा है, वह देश की ताकत को दिखाता है।

मोदी ने कहा, भारत अपार संभावनाओं वाला देश है। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हमारे देशवासियों की भागीदारी और देश के विकास के लिए उनका उत्साह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करना और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है।

मोदी ने कहा, आज का आशावाद और हमारी क्षमताओं में अटूट विश्वास अंतरिक्ष विज्ञान, रक्षा और व्यापार सहित सभी क्षेत्रों तक फैला हुआ है। जेआईटीओ जैसे संगठनों ने पिछले दशक में इन उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में योगदान दिया है। जेआईटीओ इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फंड (जेआईआईएफ) ने छह और सात जुलाई को अपना वार्षिक इनोवेशन कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसका विषय था प्रभावकारी विचारः नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना। जेआईटीओ की अनुषंगी कंपनी जेआईआईएफ ने 80 कंपनियों में 200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और 25 से अधिक जैन उद्यमियों को प्रशिक्षित किया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर घटकर 651.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में जबरदस्त गिरावट आने से 28 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर कम होकर 651.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.3 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 572.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 42.7 करोड़ डॉलर कम होकर 56.53 अरब डॉलर पर आ गया।

# 100 नई शाखाएं खोलेगा पंजाब एंड सिंध बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● 2024-25 के अंत तक शाखाओं की कुल संख्या 1,665 होगी

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने चालू वित्त वर्ष में देशभर में 100 नई शाखाएं खोलने की योजना बनाई है। इस दौरान बैंक की अपने नेटवर्क में 100 नए एटीएम जोड़ने की भी योजना है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने एजेंसी से कहा, सौ शाखाओं के जुड़ने से 2024-25 के अंत तक बैंक की शाखाओं की कुल संख्या 1,665 तक पहुंच जाएगी और एटीएम की संख्या भी 1,135 हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि बैंक शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा और उत्तरी क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी नई शाखाएं खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बैंक का बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने का भी विचार है। उन्होंने कहा कि बैंक की योजना चालू वित्त वर्ष के दौरान अपने बीसी नेटवर्क को दोगुना करने की है। उन्होंने कहा कि बैंक इस नेटवर्क को वर्तमान के 1,700 से बढ़ाकर चालू वित्त वर्ष (2024-25) के अंत तक 4,000 तक करने का प्रयास कर रहा है। साहा ने कहा कि बैंक ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अधिक उत्पादों और प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने पर काम कर रहा है।

## तिमाही नतीजों का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की टिप्पणी से ब्याज दर में कटौती शुरू होने की एक बार फिर उम्मीद जगने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही कंपनियों की पहली तिमाही के नतीजे का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 963.87 अंक की छलांग लगाकर 79996.60 अंक व निफ्टी 313.25 अंक मजबूत होकर 24323.85 अंक हो गया।

# दिल्ली एनसीआर, मुंबई में घरों की कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● एनारॉक के आंकड़ों के मुताबिक पांच वर्षों में लगभग 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई

दिल्ली एनसीआर और मुंबई महानगर क्षेत्र में घरों की औसत कीमतें पांच वर्षों में 50 प्रतिशत बढ़ी हैं। संपत्ति सलाहकार एनारॉक ने कहा है कि यह वृद्धि उच्च मांग से प्रेरित है। एनारॉक के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली एनसीआर में आवासीय संपत्तियों की औसत कीमत जनवरी-जून, 2024 में 49 प्रतिशत बढ़कर 6,800 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई है, जो 2019 की समान अवधि में 4,565 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। इसी तरह, एमएमआर में समीक्षाधीन अवधि के दौरान आवास की औसत कीमतें 10,610 रुपये प्रति वर्ग फुट से 48 प्रतिशत बढ़कर 15,650 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं।

एनारॉक ने कहा कि निर्माण लागत में भारी बढ़ोतरी और अच्छी बिक्री के कारण कीमतों में वृद्धि हुई। इसने बताया कि 2016 के अंत से 2019 तक दोनों क्षेत्रों में कीमतें स्थिर रहीं थीं। कोविड-19 महामारी के कारण इन दोनों आवासीय बाजारों में मांग नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई।

## सिग्नेचर ग्लोबल की पहली तिमाही की बिक्री बुकिंग 3,120 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग अप्रैल-जून की पहली तिमाही में 3.5 गुना होकर 3,120 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। कंपनी की आवासीय परियोजनाओं में भारी मांग की वजह से बिक्री बुकिंग में यह उछाल दर्ज हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी की बिक्री बुकिंग 820 करोड़ रुपये रही थी। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसने 968 आवासीय इकाइयां बेचीं। एक साल पहले समान अवधि में उसकी बिक्री 894 इकाई रही थी।

# प्रकाशन से दो माह पहले अडाणी से संबंधित रिपोर्ट साझा की: सेबी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने हिंडनबर्ग रिसर्च को लेकर दावा किया

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट की एक अग्रिम प्रति इसके प्रकाशन से लगभग दो महीने पहले न्यूयॉर्क स्थित हेज कोष प्रबंधक मार्क किंग्डन के साथ साझा की थी और समूह की कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव का लाभ उठाया था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह दावा किया है।

सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजे अपने 46 पृष्ठ के कारण बताओ नोटिस में विस्तार से बताया है कि कैसे अमेरिकी शॉर्ट सेलर, न्यूयॉर्क के हेज कोष और कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े ब्रोकर को समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद आई 150 अरब डॉलर की गिरावट से लाभ हुआ। वहीं सेबी के इस कारण बताओ नोटिस के जवाब में हिंडनबर्ग ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि यह भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने और डराने-धमकाने का प्रयास है।

## नेक्सजेन एनर्जिया की 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना

**नोएडा।** हरित ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी नेक्सजेन एनर्जिया ने अगले 10 साल में देश में 5,000 ग्रीन डीजल और संपीड़ित बायोगैस पंप खोलने की योजना बनाई है। कंपनी इसके लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। नोएडा स्थित कंपनी ने हाल में उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में अपने पहले सीबीजी पंप का उद्घाटन किया, जो स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण सेवाओं को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नेक्सजेन एनर्जिया के चेयरमैन पीयूष द्विवेदी ने बताया, स्वच्छ ऊर्जा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता इस एक पंप से कहीं आगे तक जाती है।

# रोहित जिताएंगे चैंपियंस ट्रॉफी और डब्ल्यूटीसी : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



फाइल फोटो ● एजेंसी

- बीसीसीआई सचिव बोले- भारत की टी20 विश्वकप जीत कोच राहुल विराट, रोहित और जडेजा को समर्पित
- चैंपियंस ट्रॉफी से पहले श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ खेलते दिखेंगे भारतीय दिग्गज

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने रविवार को कहा कि टी-20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट भारत की अगुआई जारी रखेंगे। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत उनकी कप्तानी में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीतेगा।

कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने रोहित ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। शाह ने वीडियो संदेश में कहा अगले चरण में डब्ल्यूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी है। मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है कि हम इन दोनों टूर्नामेंट में चैंपियन बनेंगे। अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 8 साल बाद (ब्रिटेन में 2017 के बाद से) किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंपा जा चुका है लेकिन बीसीसीआई ने अब तक इसे हरी झंडी नहीं दी है। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई 2023 एकदिवसीय एशिया कप की तरह हाईब्रिड मॉडल लागू करने पर जोर देगा। इस मॉडल के तहत भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले सहित अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। शाह के इस संदेश ने इन अटकलों पर विराम लग गया है कि क्या रोहित अन्य प्रारूपों में कप्तान की भूमिका छोड़ेंगे?

रोहित की अगुआई में भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीसी और एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विश्व कप के फाइनल में भी जगह बनाई थी। भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। शाह ने कहा टी-20 विश्व कप की इस जीत को कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा को समर्पित करना चाहता हूं। यह पिछले एक साल में हमारा तीसरा फाइनल था। हम जून 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल में हारे। नवंबर 2023 में हमने 10 जीत के साथ दिल जीता लेकिन खिताब नहीं जीत पाए। मैंने राजकोट में कहा था कि हम जून 2024 में दिल भी जीतेंगे और कप भी और अपना राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे, हमारा कप्तान भारतीय ध्वज लहराएगा। भारत चैंपियंस ट्रॉफी से पहले छह एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेलेगा जिसमें से तीन श्रीलंका के खिलाफ उसकी सरजमीं खेले जाएंगे जबकि फरवरी की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की शृंखला घरेलू सरजमीं पर खेली जाएगी।

# जोकोविच प्री क्वार्टर फाइनल में, स्वियातेक हारीं

लंदन, एजेंसी

सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए एलेक्सेई पोपिरिन को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि महिला एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को शिकस्त का सामना करना पड़ा।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने पोपिरिन को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दूसरी तरफ स्वियातेक को पहला सेट जीतने के बावजूद ऑल इंग्लैंड क्लब पर तीसरे दौर के मुकाबले में गैर वरीय यूलिया पुतिंत्सेवा ने 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। स्वियातेक का लगातार 21 मैच में जीत का अभियान भी थम गया। पांच बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियातेक को विंबलडन का ग्रास कोर्ट रास नहीं आता है। पुतिंत्सेवा अगले दौर में 2017 फ्रेंच ओपन



मैच के बाद एक-दूसरे का अभिवादन करते नोवाक और पोपिरिन। ● एजेंसी

चैंपियन और 13वीं वरीय येलेना ओस्टापेंका से भिड़ेंगी। महिला एकल में ही 21वीं वरीय एलेना स्वितोलिना ने 10वें नंबर की ओन्स जेब्युर को 6-1, 7-6 से हराया।

पुरुष एकल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कैमरन नोरी को सीधे सेट में 6-4, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। अमेरिका के बेन शेल्टन ने स्थगित किए गए मुकाबले में डेनिस शापोवालोव को 6-7, 6-2, 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वह रविवार को यानिक सिनर से भिड़ेंगे।

## जीत के साथ अल्काराज और जैस्मीन क्वार्टरफाइनल में

**लंदन।** गत विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने रविवार को सेंटर कोर्ट पर उगो हम्बर्ट पर 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 की जीत से आल इंग्लैंड क्लब में क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अब अल्काराज का सामना टॉमी पॉल और रोबर्टो बतिस्ता ऑगुट के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। अल्काराज ने कहा मुझे लगता है कि मैं आज अच्छा खेला और मैंने ऊंचे स्तर का खेल दिखाया।

महिलाओं के वर्ग में जैस्मीन पाओलिनी अपने पहले क्वार्टरफाइनल में पहुंच गईं क्योंकि चौथे दौर के तीसरे सेट में मेडिसन कीज पैर की चोट के कारण रिटायर हो गईं, तब स्कोर 5-5 था। जैस्मीन इस तरह पेशेवर युग में विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली इटली की पांचवीं महिला खिलाड़ी बनीं और अब वह सेमीफाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगी। जैस्मीन का सामना कोको गॉफ और एम्मा नावारो के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से होगा।

## खेल डायरी

### कोच पर छेड़छाड़ का आरोप, केसीए से मांगा जबाव

**तिरुवनंतपुरम।** केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने खुद ही संज्ञान लेकर रविवार को केरल क्रिकेट संघ (केसीए) के एक पूर्व कोच के खिलाफ युवा महिला खिलाड़ियों के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना में मामला दर्ज किया। आयोग ने लड़कियों द्वारा लगाए गए आरोपों और ऐसी घटनाओं को लेकर केसीए को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है। आधिकारिक बयान के अनुसार पैनल ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में खुद ही संज्ञान लिया और आरोपी कोच के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपी मनु पिछले 10 वर्षों से केसीए में कोच था। बताया गया है कि उसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम के तहत रिमांड पर लिया है। आयोग ने बताया कि केसीए ने कहा कि उन्हें इन घटनाओं की जानकारी नहीं थी। एक पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद कई अन्य लड़कियों ने भी क्रिकेट कोच के खिलाफ इसी तरह के आरोप लगाए हैं।

### राजावत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में हारे

**कैलगरी।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को कनाडा ओपन में पुरुष एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में रविवार को फ्रांस के एलेक्स लैनियर से हार का सामना करना पड़ा। बैडमिंटन रैंकिंग में 39वें स्थान पर मौजूद प्रियांशु 45 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के एलेक्स लैनियर से सीधे गेम में 21-17, 21-10 से हार गए। इस हार के साथ टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

### स्क्वाश चैंपियनशिप में अभय ने जीते दो स्वर्ण

**जोहोर (मलेशिया)।** प्रतिभाशाली स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में दोहरे खिताब हासिल किए। एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अभय ने वेलावन सेंथिलकुमार के साथ मिलकर पुरुष युगल खिताब जीता। अभय ने अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल फाइनल में फतह हासिल की। अभय और वेलावन की शीर्ष वरीय जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में ओंग साई हुंग और सियाफिक को शिकस्त दी।

### अविनाश साबले ने राष्ट्रीय स्टीपलचेस रिकॉर्ड तोड़ा



**पेरिस।** ओलंपिक दल के सदस्य अविनाश साबले ने रविवार को यहां पेरिस में डायमंड लीग प्रतियोगिता में आठ मिनट 9 .91 मिनट का समय निकालकर छठे स्थान पर रहकर 3000 मीटर स्टीपलचेस में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। साबले ने 8 :11 .20 सेकेंड का अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। इस तरह पेरिस में उन्होंने डेढ़ सेकेंड से बेहतर समय निकाला।

### विनेश ने जीता ग्रां प्री ऑफ स्पेन का खिताब

**मैड्रिड।** पेरिस ओलंपिक 2024 से भारत की स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट ने एक बार फिर अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन में आयोजित ग्रैंड प्रिक्स कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग का खिताब जीत लिया हैं। विनेश ने शनिवार देर रात खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में इंडिविजुअल नेचुरल एथलीट मारिया तिउमेरेकोवा को 10-5 से हराया। शुरुआती मुकाबले में विनेश ने मौजूदा पैन अमेरिकन चैंपियन क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12-4 से हराकर जीत के साथ अभियान की शुरुआत की थी। भारतीय पहलवान ने क्वार्टरफाइनल में राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता कनाडा की मैडिसन पार्क्स को हराया। सेमीफाइनल में कनाडा की कैटी डचक को 9-4 से शिकस्त दी थी।

# अभिषेक के शतक से जीता भारत

## जिम्बाब्वे को 100 रन से हराकर शृंखला 1-1 से बराबर की, मुकेश-आवेश को 3-3 विकेट



सिकंदर रजा का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते आवेश खान। ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

भारतीय टीम ने युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा की 47 गेंद में 100 रन की शानदार शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे पर 100 रन की जीत से पांच मैच की शृंखला 1-1 से बराबर की। बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पहले मैच में मिली 13 रन की हार से वापसी करते हुए अभिषेक के आठ छक्के और सात चौके जड़ित शतक से रविवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने दो विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है, इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 186 रन का था।

इसके बाद भारत के मुकेश कुमार (37 रन देकर तीन विकेट), आवेश खान (15 रन देकर तीन विकेट) और रवि बिश्नोई (11 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को 18.4 ओवर में 134 रन पर समेट दिया। भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की। जिम्बाब्वे के लिए सलामी बल्लेबाज वेस्ले माधेवेरे ने 43 रन, ल्यूक जोंगवे ने 33 रन और ब्रायन बेनेट ने 26 रन की पारी खेली। इनके अलावा जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कैंपबेल के बेटे जोनाथन कैंपबेल (10 रन) ही दोहरे अंक में पहुंचे। अभिषेक ने सूझबूझ से खेलते हुए रूतुराज गायकवाड़ (47 गेंद में नाबाद 77 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी निभाई। इन दोनों के अलावा रिंकू सिंह ने 22 गेंद में पांच छक्के जड़ित नाबाद 48 रन की पारी खेली। गायकवाड़ और रिंकू ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 87 रन की भागीदारी निभाई।

### अभिषेक ने बनाए कई रिकार्ड

भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने रविवार को जिम्बाब्वे के साथ दूसरे टी-20 मुकाबले लगातार तीन छक्के लगाते हुए अपना शतक पूरा करने दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। इसके साथ ही उन्होंने रिकार्डो की झड़ी लगा दी हैं। इससे पहले वर्ष 2023 में शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मुकाबले में अपना दोहरा शतक लगातार तीन छक्के लगाकर पूरा किया था। अभिषेक ने अपना शतक 46 गेंदों में पूरा किया, टी-20 में भारत के किसी खिलाड़ी के द्वारा संयुक्त रूप से यह तीसरा सबसे तेज शतक है। इससे मामले में 35 गेंदों में शतक लगाकर रोहित शर्मा पहले स्थान पर हैं। भारत का आज के टी-20 मैच का 234 रनों का स्कोर हरारे में यह किसी भी पुरुष टीम के द्वारा जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। अभिषेक ने आज के मैच स्पिनरों के खिलाफ कुल 65 रन बनाए। इसी के साथ स्पिनरों के खिलाफ एक ही मैच में किसी भी भारतीय द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रन बनाने वालों में पहले स्थान पर हैं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। मुकेश और आवेश ने जिम्बाब्वे के शीर्ष क्रम को आउट किया जिससे जिम्बाब्वे ने पावरप्ले में अपने चार विकेट गंवा दिये थे। माधेवेरे एक छोर पर डटे थे लेकिन दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे और महज औपचारिकता बची थी। माधेवेरे ने 39 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने जोंगवे के साथ आठवें विकेट के लिए 32 गेंद में 41 रन जोड़े। इसके अलावा कोई महत्वपूर्ण भागीदारी नहीं बनी। पहले मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले स्पिनर रवि बिश्नोई ने दो और वाशिंगटन सुंदर ने एक विकेट झटका।



टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अपना पहला शतक जड़ने के बाद अभिषेक ने कुछ इस अंदाज में मनाया जश्न। ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

**भारत 234/2 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शुभमन गिल का बेनेट बो मुजारबानी | 2 | 4 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा का मेयर्स बो मास्कादजा | 100 | 47 | 7/8 |
| रूतुराज गायकवाड़ नाबाद | 77 | 47 | 11/1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 48 | 22 | 2/5 |

**अतिरिक्त** : 7, **गेंदबाजी** : ब्रायन बेनेट 2-0-22-0, ब्लेसिंग मुजारबानी 4-1-30-1, टेंडाई चतारा 4-0-38-0, सिकंदर रजा 3-0-34-0, ल्यूक जोंगवे 4-0-53-0, डायन मेयर्स 1-0-28-0, वेलिंगटन मास्कादजा 2-0-29-1

**जिम्बाब्वे 134/10 (18.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इनोसेंट काइया बो मुकेश | 4 | 3 | 1/0 |
| वेस्ली माधेवेरे बो रवि बिश्नोई | 43 | 39 | 3/1 |
| ब्रायन बेनेट बो मुकेश | 26 | 9 | 1/3 |
| डायन मेयर्स का रिंकू बो आवेश | 0 | 1 | 0/0 |
| सिंकदर रजा का जुरेल बो आवेश | 4 | 4 | 1/0 |
| जोनाथन कैम्पबेल का बिश्नोई बो सुंदर | 10 | 18 | 0/0 |
| क्लाइव मडांडे पगबाधा बो रवि बिश्नोई | 0 | 4 | 0/0 |
| वेलिंगटन मास्कादजा रन आउट | 1 | 3 | 0/0 |
| ल्यूक जोंगवे का गायकवाड़ बो मुकेश | 33 | 26 | 4/0 |
| ब्लेसिंग मुजारबानी का सुंदर बो आवेश | 2 | 4 | 0/0 |
| टेंडाई चतारा नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 11, **गेंदबाजी** : मुकेश 3 .4-0-37-3, अभिषेक शर्मा 3-0-36-0, आवेश खान 3-0-15-3, रवि बिश्नोई 4-0-11-2, वाशिंगटन सुंदर 4-0-28-1, रियान पराग 1-0-5-0

# बारिश ने फेरा भारत की उम्मीद पर पानी

चेन्नई, एजेंसी

- दक्षिण अफ्रीका महिला बनाम भारत मुकाबला एक पारी के बाद बारिश के चलते हुआ रद्द

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका महिला** : 177/6, 20 ओवर, लॉरा 22, बिट्स 52, बुच 40, काप 20, डर्कसन 12 नाबाद। **विकेट** : पूजा 2, दीप्ति 2, श्रेयंका पाटिल 1, राधा 1।

लगातार हो रही बारिश के कारण भारतीय महिला और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जा रहा दूसरा टी-20 मुकाबला रद्द कर दिया गया है। बारिश के कारण दूसरी पारी नहीं खेली जा सकी। इससे पहले तेजमिन ब्रिट्स (52) और अन्नेका बोश (40) रनों की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में भारत को जीत के लिये 178 रनों का लक्ष्य दिया।

आज यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 43 रन जोड़े। पांचवें ओवर में पूजा वस्त्रकर ने लॉरा वुलफार्ट (12गेंदों में 22रन) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। नौंवे ओवर में दीप्ति शर्मा ने मैरिजान कप्प (14 गेंदों में 20) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। बिट्स और अन्नेका बोश की जोड़ी ने अभी 18 रन ही जोडे थे कि दीप्ती शर्मा ने तेजमिन ब्रिट्स (39 गेंदों में 52 रन) को छेत्री के हाथों स्टंप करवा दिया। क्लोई ट्राइऑन (12) और नडीन डी क्लर्क (14) रन बनाकर आउट हुई। अनरी डर्कसन 12 रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 177 रन बनाये। भारत को जीत के लिये 178 रनों का लक्ष्य मिला है। भारत की ओर से पूजा वस्त्रकर और दीप्ती शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। राधा यादव और श्रेयंका पाटिल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



पहली पारी में विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

# उरूग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में ब्राजील को 4-2 से हराया

## कोपा अमेरिका 2024

लास वेगास, एजेंसी

मैनुएल उगार्ते ने पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे उरूग्वे ने ब्राजील को 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दोनों ही टीमें निर्धारित समय और फिर अतिरिक्त समय में भी गोल करने में नाकाम रहीं। इस मुकाबले में 41 फाउल हुए जो टूर्नामेंट के किसी मुकाबले में सर्वाधिक हैं। इस दौरान सिर्फ चार शॉट ही गोल की तरफ मारे गए।

उरूग्वे के नाहिटन नांदेज को रोड्रिगो के खिलाफ खतरनाक टैकल के लिए 74वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया लेकिन ब्राजील की टीम विरोधी टीम के 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने का फायदा नहीं उठा सकी। शूट आउट में गोलकीपर सर्जियो रोशेट ने एडेर मिलिताओ का शॉट रोका जबकि डगलस लुई की पेनल्टी किक गोल पोस्ट से टकराई जिससे उरूग्वे ने 3-1 की बढ़त दिलाई। गोलकीपर एलिसन बेकर ने चौथे प्रयास में उरूग्वे के जोस मारिया गिमिनेज की पेनल्टी किक रोककर ब्राजील को मुकाबले में बनाए रखा लेकिन अगले प्रयास में उगार्ते ने गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। उरूग्वे की टीम बुधवार को सेमीफाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी। दूसरा सेमीफाइनल मंगलवार को अर्जेन्टीना और कनाडा के बीच खेला जाएगा।



जीत के बाद जश्न मनाती उरूग्वे की टीम ● एजेंसी

### कोलंबिया ने पनामा को 5-0 से हराया

**ग्लेनडेल (एरिजोना)।** कोलंबिया ने दबदबा बनाते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया। जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे किया। लुई डियाज ने रोड्रिग्ज के पास पर गोल दागकर कोलंबिया की बढ़त 3-0 की। मध्यांतर तक कोलंबिया की टीम 3-0 से आगे थी। दूसरे हाफ में 70वें मिनट में रिचर्ड रायोस और फिर मिगुएल बोर्जा ने इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर गोल करके कोलंबिया की 5-0 से जीत सुनिश्चित की। कोलंबिया बुधवार को सेमीफइनल में उरूग्वे से भिड़ेगा।

# पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में

## यूरो कप 2024

डसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी

इंग्लैंड ने पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इंग्लैंड ने शूट आउट में 5-3 से जीत दर्ज की। ट्रेंट एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड ने जैसे ही इंग्लैंड की ओर से पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक को गोल में पहुंचाया तो टीम के खिलाड़ी और प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

बुकायो साका की ने 80वें मिनट में गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में खींचा था। एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड और साका के अलावा पेनल्टी शूट आउट में इंग्लैंड के लिए कोल पाल्मर, ज्यूड बेलिंघम और इवान टोनी ने भी गोल किए। इंग्लैंड अब फाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को डोर्टमंड में नीदरलैंड से भिड़ेगा।



हेडर का प्रयास करते स्विट्जरलैंड और इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### तुर्की को हराकर नीदरलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा

**बर्लिन।** नीदरलैंड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में तुर्की को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। नीदरलैंड की टीम बुधवार को डोर्टमंड में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी। पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा।

# आईपीएल और टेस्ट के बीच टकराव से बचने के लिए कार्यक्रम सुव्यवस्थित हो

लंदन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टेस्ट मैचों के लिए एक विशेष विंडो की जरूरत है ताकि आईपीएल जैसी फ्रेंचाइजी आधारित लीग खेलने की इच्छा रखने वाले खिलाड़ी व्यक्तिगत कार्यक्रम तय कर सकें और उसके अनुसार तैयारी करें।

आईपीएल के लिए अब हर साल अप्रैल और मई में एक विशेष विंडो होती है जिस दौरान बहुत ज्यादा टेस्ट मैच नहीं होते। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने कमिंस के हवाले से कहा, कुछ देशों के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अधिक आकर्षक है। उन्होंने कहा अगर मैं जाकर फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलूं तो मैं शायद ऑस्ट्रेलिया के लिए जितना खेलता हूं, उसके आधे या एक तिहाई मैच में बाहर रहूंगा। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट नवंबर से जनवरी तक खेला जाता है तो इस समय में हमारे बीच कोई अन्य क्रिकेट नहीं आएगा। अगर हम आईपीएल के लिए विशेष विंडो बना सकते हैं तो टेस्ट के लिए भी विंडो हो सकती है। इससे खिलाड़ियों के लिए फैसला करना काफी आसान हो जाएगा।



### किसी खिलाड़ी पर नहीं उठने चाहिए सवाल: जेसन



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने स्पष्ट किया कि वह फिटनेस से किसी भी तरह से समझौता नहीं करेंगे और यह साबित करना खिलाड़ियों की जिम्मेदारी होगी कि वे राष्ट्रीय टीम के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। पाकिस्तान पहुंचने के कुछ देर बाद ही ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी ने कहा कि एक बार जब खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम के लिए चुना जाता है तो फिर उसकी फिटनेस, कौशल और मानसिक रवैये को लेकर सवाल नहीं उठने चाहिए। गिलेस्पी ने कहा राष्ट्रीय टीम वह जगह नहीं है जहां आप किसी खिलाड़ी के महत्व पर सवाल उठाएं। अगर किसी खिलाड़ी के स्थान को लेकर कोई धारणा है तो उसे अपने प्रदर्शन और रवैये से इसे बदलना होगा। मेरा मंत्र है कि टेस्ट टीम में फिट, मजबूत और सशक्त होने चाहिए क्योंकि क्रिकेट में किसी भी प्रारूप में फिटनेस महत्वपूर्ण होती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

